धनबाद, मंगलवार 23.04.2024
मूल्य- ₹ 3
वर्ष-30 अंक-62 पृष्ठ- 12
चैत्र शुक्ल पक्ष-15
संवत 2080

झारखण्ड से प्रकाशित सर्वाधिक लोकप्रिय दैनिक

# बिहार ऑबजर्वर



# धनबाद लोकसभा की जनता को भाजमो देगा अपना उम्मीदवार

## अनुपमा सिंह को व्यक्तिगत आशीर्वाद दिया था, चुनाव जीतने का नहीं:सरयू राय



**धनबाद (कासं) :** विधायक सरयू राय ने कहा है कि भारतीय जनतंत्र मोर्चा ने घोषणा कर दी है कि वह धनबाद लोकसभा सीट से चुनावी मैदान में उतरेगी। सोमवार को एक प्रेस कांफ्रेंस में कहा कि पार्टी यहां से प्रत्याशी मैदान में उतारेगी। उन्होंने कहा कि पार्टी अगले २४ घंटे में प्रत्याशियों की घोषणा कर देगी। सरयू राय ने कहा की उन्होंने कांग्रेस प्रत्याशी अनुपमा सिंह को समर्थन नहीं दिया है। श्री राय ने कहा कि अनुपमा सिंह उनसे मिलने जरूर आई थी लेकिन उन्होंने व्यक्तिगत आशीर्वाद दिया था जो एक बेटी और बहू को दिया जाता है।

सरयू राय ने केंद्र की बीजेपी पर जमकर प्रहार किया और कहा कि भाजपा के प्रदेश महामंत्री ने चुनाव आयोग में जो एफिडेविट दिया है उसके अनुसार भाजपा प्रत्याशी ढुल्लू महतो पर अभी १९ मामले लंबित है और केवल दो मामलों में ही सजा हुई है। जबकि वर्ष २०२२ में धनबाद के एसपी ने झारखंड उच्च न्यायालय में एक रिपोर्ट दी थी जिसके अनुसार भाजपा प्रत्याशी ढुल्लू महतो पर इससे कहीं ज्यादा मामले लंबित है। साथ ही उन्हें चार मामलों में सजा हुई है। उन्होंने कहा कि लंबित मामलों में कई संगीन धाराएं वाले भी हैं, जिसमें ५ से १० वर्ष तक की सजा हो सकती है।

सूत्रों की माने तो सरयू राय खुद धनबाद लोकसभा सीट से चुनाव लड़ सकते हैं। वह फिलहाल जमशेदपुर पश्चिमी सीट से विधायक हैं। यह सीट उन्होंने तत्कालीन मुख्यमंत्री रघुवर दास को हराकर जीती थी। अगर सरयू राय धनबाद लोकसभा सीट से चुनाव लड़ते हैं तो बीजेपी और कांग्रेस दोनों के लिए परेशानी हो सकती है। सरयू राय ने हाल में बीजेपी प्रत्याशी ढुल्लू महतो के उपर हमलावर दिखे हैं। वह लगातार उन पर हुए केसों पर निशाना साधते नजर आ रहे हैं।

### नागनाथ या सांपनाथ किस पर जनता करे विश्वास

गणेश मिश्रा

**धनबाद :** जमशेदपुर के विधायक सरयू राय के घोषणा के बाद धनबाद लोकसभा क्षेत्र के चुनावी सरगर्मी काफी बढ़ गई है और सरयू राय की पार्टी क्या वियाडा के पूर्व अध्यक्ष विजय झा को धनबाद संसदीय क्षेत्र से उतारेंगे या खुद लड़ेंगे इसकी घोषणा उन्होंने अभी नहीं किया है। लेकिन चुनाव लड़ने की शंखनाद कर दिया है।

क्रांतिकारी विधायक जिन्होंने देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और अमित शाह को खुली चुनौती देते हुए भाजपा लहर में २०१९ के विधानसभा चुनाव में झारखंड के तत्कालीन मुख्यमंत्री रघुवर दास को हरा कर भाजपा के केन्द्रीय नेतृत्व को अपनी लोकप्रियता का लोहा मनवा लिया था। सरयू राय के घोषणा की हमारी पार्टी चुनाव लड़ेगी। इससे भाजपा के ढुल्लू विरोधी खेमे में उत्साह बढ़ गया है। वहीं धनबाद के कोयला व्यापारी, लोहा व्यापारी और आम जनता के मन में अपने नए रखवाला के रूप में नए भावी सांसद की छवि दिखने लगी है।

ट्रेड यूनियन और मजदूरों के नाम पर पर बीसीसीएल और सीसीएल के लोडिंग प्वाइंटों से अरबों की वसूली की अवैध कमाई करके राजनीतिक जामा पहनने वाले प्रत्याशियों को धनबाद की जनता ने पहचान लिया है। इस लोकसभा क्षेत्र के लोग निष्पक्ष और ईमानदार छवि के प्रत्याशी को अपना मतदान देने के लिए मन बनाया है। धनबाद कोयलांचल में लाखों मतदाताओं में यह चर्चा है कि नागनाथ को छोड़ो तो सापिन राज्य आने का खतरा मंडरा रहा है।

# भाजपा ने बिना वोटिंग सूरत लोकसभा सीट जीती

## मुकेश दलाल निर्विरोध जीते; कांग्रेस कैंडिडेट का पर्चा रद्द हुआ, 8 ने नाम वापस लिया



**सूरत (ईएमएस):** लोकसभा चुनाव में भाजपा का खाता खुल गया है। गुजरात की सूरत लोकसभा सीट से सोमवार को भाजपा कैंडिडेट मुकेश दलाल निर्विरोध चुने गए। दरअसल यहां से कांग्रेस कैंडिडेट नीलेश कुंभाणी का पर्चा रद्द हो गया था। उनके पर्चे में गवाहों के नाम और हस्ताक्षर में गड़बड़ी थी।

इस सीट पर भाजपा और कांग्रेस समेत १० प्रत्याशी मैदान में थे। रविवार को ७ निर्दलीय कैंडिडेट ने अपना नामांकन वापस ले लिया था। बीएसपी कैंडिडेट प्यारे लाल भारती ही बचे थे, जिन्होंने सोमवार २२ अप्रैल को पर्चा वापस ले लिया। इस तरह मुकेश दलाल निर्विरोध चुने गए।

**कांग्रेस बोली- कानूनी लड़ाई लड़ेंगे**

गुजरात कांग्रेस अध्यक्ष शक्ति सिंह गोहिल ने कहा, हमारी लीगल टीम सभी पहलुओं की पड़ताल कर रही है।

कानूनी टीम इस बात पर विचार कर रही है कि पहले हाईकोर्ट में याचिका दायर की जाए या फिर सीधे सुप्रीम कोर्ट से गुहार लगाई जाए। मुकेश निर्विरोध निर्वाचित होने वाले बीजेपी के पहले सांसद बने हैं। वहीं, गुजरात के चुनावी इतिहास में भी यह पहला मौका है, जब कोई सांसद बिना चुनाव लड़े ही जीत गया हो।

# नाबालिग दुष्कर्म पीड़िता को गर्भपात की इजाजत

**नई दिल्ली (ईएमएस):** सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को १४ वर्षीय एक दुष्कर्म पीड़िता को ३० हफ्ते का गर्भ गिराने की इजाजत दे दी। इसी के साथ सर्वोच्च न्यायालय ने बॉम्बे हाईकोर्ट के लडक़ी को गर्भ गिराने की मंजूरी न देने के फैसले को भी पलट दिया। कोर्ट ने डॉक्टरों के एक्सपर्ट पैनल के नेतृत्व में पीड़िता की प्रेग्नेंसी को खत्म करने का निर्देश दिया। बता दें कि मेडिकल टर्मिनेशन ऑफ प्रेग्नेंसी (एमटीपी) अधिनियम के तहत गर्भावस्था को समाप्त करने की ऊपरी सीमा विवाहित महिलाओं के साथ-साथ विशेष श्रेणियों की महिलाओं के लिए २४ सप्ताह रखी गई है। इनमें बलात्कार पीड़िताओं और कुछ अन्य महिलाओं जैसे कि विकलांग और नाबालिग को शामिल किया गया है।

# गृहमंत्री शाह की नक्सलियों को नसीहत

## समर्पण करें अन्यथा दो साल में नक्सलवाद को उखाड़ फेंकेंगे



**जगदलपुर (ईएमएस):** केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने सोमवार को यहां कहा कि जब तक नक्सलवाद है, तब तक आमजन तक सुख-सुविधाएं नहीं पहुँच सकतीं हैं। उन्होंने आगे नक्सलवादियों को चेतावनी देते हुए कहा, कि नक्सलवादी यदि आत्मसमर्पण करने के लिए ना समझे तो वे जान लें कि दो साल में नक्सलवाद को उखाड़ फेंक दिया जाएगा।

केंद्रीय गृहमंत्री शाह कांकेर लोकसभा क्षेत्र के भाजपा प्रत्याशी भोजराज नाग के समर्थन में चुनाव प्रचार करने पहुंचे थे, जहां उन्होंने एक सभा को संबोधित करते हुए यह बात कही।

इसी बीच उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को तीसरी बार प्रधानमंत्री बनाना है, ताकि भारत दुनिया में तीसरी अर्थव्यवस्था बनकर उभरे। उन्होंने कहा कि पिछले १० सालों में देश में बड़ा बदलाव हुआ है। इसी दौरान उन्होंने प्रमुख विपक्षी कांग्रेस को निशाने पर लेते हुए कहा कि कांग्रेस को राम मंदिर के उद्घाटन के अवसर पर निमंत्रण पत्र भेजा गया, लेकिन वे राम के दरबार तक में नहीं आए। उन्होंने कहा कि कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे कहते हैं कि कश्मीर का बाकी राज्यों से क्या लेना-देना, शायद उन्हें मालूम नहीं कि छत्तीसगढ़ का बच्चा-बच्चा कश्मीर के लिए अपनी जान कुर्बान कर सकता है।

सभा को संबोधित कर रहे गृह मंत्री ने दावा किया कि प्रधानमंत्री मोदी ने जिस तरह से आतंकवाद समाप्त कर दिया है, वैसे ही नक्सलवाद को समाप्त कर दिया जाएगा। आंकड़ों के मुताबिक पिछले चार माह में ९० से ज्यादा नक्सली मारे जा चुके हैं और २५० ने आत्मसमर्पण किया है। उन्होंने कहा कि ०२ साल के अंदर में ही छत्तीसगढ़ से नक्सलियों को ▶▶ 4

# हुबली मर्डर केस की सीआईडी करेगी जांच

**बेंगलुरु (ईएमएस):** हुबली के बीवीबी कॉलेज कैंपस में १८ अप्रैल को फैयाज खोंडुनाईक ने नेहा हिरेमथ की चाकू मारकर हत्या कर दी थी। सोमवार को कर्नाटक सीएम सिद्धारमैया ने मामले की जांच सीआईडी को सौंप दी है।

उन्होंने कहा कि मामले की सुनवाई के लिए स्पेशल कोर्ट भी बनाई जाएगी। नेहा, एमसीए फर्स्ट ईयर की स्टूडेंट थी। आरोपी फैयाज उसका पूर्व क्लासमेट था। पुलिस ने उसे वारदात के एक घंटे के अंदर गिरफ्तार कर लिया था। पूछताछ में उसने बताया था कि नेहा उसके साथ रिलेशनशिप में थी। कुछ दिनों से अचानक वह उससे दूर रहने लगी थी। इसलिए उसने घटना को अंजाम दिया।

# वेंकैया नायडू समेत कई हस्तियां पद्म पुरस्कारों से सम्मानित, राष्ट्रपति मुर्मू ने दिए अवॉर्ड





**नई दिल्ली (ईएमएस):** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने यहां राष्ट्रपति भवन में सोमवार को आयोजित एक समारोह में पूर्व उपराष्ट्रपति एम वेंकैया नायडू और सुलभ इंटरनेशनल के संस्थापक बिंदेश्वर पाठक समेत कई अन्य दिग्गज हस्तियों को पद्म पुरस्कार प्रदान किए। नायडू, पाठक और प्रसिद्ध भरतनाट्यम नृत्यांगना पद्मा सुब्रमण्यम को पद्म विभूषण से सम्मानित किया गया। पाठक को मरणोपरांत यह पुरस्कार दिया गया है। इसके साथ ही अभिनेता मिथुन चक्रवर्ती, गायिका उषा उत्थुप, उत्तर प्रदेश के पूर्व राज्यपाल राम नाइक और उद्योगपति सीताराम जिंदल को पद्म भूषण से सम्मानित किया गया।

समारोह में उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह और विदेश मंत्री एस जयशंकर सहित अन्य लोग उपस्थित थे। देश के सर्वोच्च नागरिक सम्मानों में से एक पद्म पुरस्कार तीन श्रेणियों - पद्म विभूषण, पद्म भूषण और पद्म श्री- में प्रदान किया जाता है।

# इंडी गठबंधन की नजर आपकी प्रॉपर्टी पर, सत्ता में आए तो लोगों के घर, गाडिय़ां, सोना कब्जे में लेकर बांट देंगे:प्रधानमंत्री



**अलीगढ़ (ईएमएस):** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी अलीगढ़ के दौरे पर हैं। यहां चुनावी सभा में उन्होंने कहा-पिछली बार जब मैं अलीगढ़ आया था, तब मैंने आप सभी से अनुरोध किया था कि सपा और कांग्रेस के परिवारवाद, भ्रष्टाचार और तुष्टिकरण की फैक्ट्री में अलीगढ़ का ताला लगा दीजिए। आपने ऐसा मजबूत ताला लगाया कि दोनों शहजादों को आज तक इसकी चाबी नहीं मिल रही। पीएम ने कहा कि इंडी गठबंधन की नजर आपकी संपत्ति पर है। ये सत्ता में आए तो लोगों की सैलरी, घर, एफडी, वाहनों का सर्वे कराएंगे। कब्जे में लेकर बांट देंगे। इससे पहले सीएम योगी ने कहा-जिस सपा-बसपा और कांग्रेस ने आपको विकास से वंचित रखा। आपकी आस्था के साथ खिलवाड़ किया। आपकी सुरक्षा में सेंध लगाने का प्रयास किया। अब समय आ गया है। वोट के जरिए इनकी किस्मत पर अलीगढ़ का तालाकर पीएम मोदी को तीसरी बार देश की सत्ता सौंपी जाए। उन्होंने कहा कि आपकी संपत्ति पर कांग्रेस अपना पंजा मारना चाहती है। आपका स्त्री धन लूटना चाहती है। माताओं-बहनों का मंगलसूत्र अब सलामत नहीं रहेगा। यही कांग्रेस ने कहा है। इन परिवारवादी लोगों ने देश को लूटकर अपना इतना साम्राज्य बना लिया है कि देश को कुछ नहीं दिया है। अब इनकी नजर देश के लोगों की संपत्ति पर है। जनता के धन को लूटना, देश को लूटना ही कांग्रेस अपना जन्म सिद्ध अधिकार समझती है।

मोदी ने कहा कि नौकरी-पेशा वाले लोगों ने अपने बच्चों के भविष्य के लिए जो एफडी करवाई है। उसकी भी जांच कराने की बात कर रहे हैं। कांग्रेस इसका सर्वे कराएगी। फिर कांग्रेस ऐसे ही सरकार के नाम पर कब्जा करेगी। यह आपकी संपत्ति को छीनकर बांटने की बात कर ▶▶ 4

# अब भारतीय सेना हवाई खतरों को आसमान में ही करेगी खत्म

**नई दिल्ली (ईएमएस):** चीन और पाकिस्तान की सीमा पर हवाई खतरों और हमलों को आसमान में ही खत्म करने के लिए भारतीय सेना ने नई तैयारी कर ली है। सेना ने ६८०० करोड़ रुपए से दो हथियार प्रणाली को एक्वायर करने का फैसला किया है। सेना ५०० से ज्यादा लॉन्चर्स के साथ दोनों सीमाओं पर ३००० हजार से ज्यादा मिसाइलों को तैनात करेगी।

पहली मिसाइल कंधे से दागी जाने वाली मैन पोर्टेबल लेगला-एस मिसाइल. इसे रूस के साथ समझौते के तहत लाइसेंस लेकर भारत में ही बनाया जाता है। दूसरी मिसाइल है वेसहोरड। यह स्वदेशी मिसाइल सिस्टम है। दोनों ही कम रेंज के लिए उपयुक्त हथियार प्रणाली है। इन मिसाइलों से दुश्मन के ड्रोन, हेलिकॉप्टर, फाइटर जेट्स, मिसाइलों को ढेर किया जा सकता है।

इग्ला-एस एंटी-एयरक्राफ्ट मिसाइल का वजन १०.८ किलोग्राम है। जबकि पूरे सिस्टम का वजन १८ किलोग्राम सिस्टम की लंबाई ५.१६ फीट होती है। व्यास ७२ मिलिमीटर. इस मिसाइल की नोक पर १.१७ किलोग्राम वजन का विस्फोटक लगाते हैं। लेगला-एस की रेंज ५ से ६ किलोमीटर है। अधिकतम ११ हजार फीट तक जा सकती है। यह मिसाइल २२६६ किमी प्रतिघंटे की रफ्तार से टारगेट की तरफ बढ़ती है. यानी दुश्मन को बचने का मौका कम ही मिलता है। नई इग्ला-एस हैंड-हेल्ड एंटी-एयरक्राफ्ट मिसाइल भारतीय सेना में शामिल पुरानी इग्ला मिसाइल को बदलेगी। वेरी शॉर्ट ▶▶ 4

# सियाचिन पहुंचे रक्षा मंत्री ने सुरक्षा को लेकर समीक्षा बैठक की



**नई दिल्ली (ईएमएस):** केंद्रीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने दुनिया के सबसे ऊंचे युद्धक्षेत्र सियाचिन का दौरा कर सुरक्षा स्थिति की समीक्षा की। रक्षा मंत्री सिंह ने प्रतिकूल मौसम में दुर्गम इलाकों में तैनात सैनिकों के साथ बातचीत की। उनके साथ सेना प्रमुख जनरल मनोज पांडे, जनरल ऑफिसर कमांडिंग-इन-चीफ, उत्तरी कमान लेफ्टिनेंट जनरल एम वी सुचिंद्र कुमार और जनरल ऑफिसर कमांडिंग १४ कोर लेफ्टिनेंट जनरल रशिम बाली भी थे।

क्षेत्र के हवाई सर्वेक्षण के बाद सिंह १५ हजार १०० फीट की ऊंचाई पर एक अग्रिम चौकी पर उतरे जहां उन्हें सियाचिन ग्लेशियर में संचालन तैयारियों और मौजूदा सुरक्षा स्थिति के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई। उन्होंने कमांडरों के साथ संचालन चुनौतियों से जुड़े पहलुओं पर चर्चा भी की। श्री सिंह ने सैनिकों को संबोधित कर कहा कि विषम परिस्थितियों में वीरता और दृढ़ संकल्प के साथ मातृभूमि की रक्षा करने के लिए उनकी सराहना की। उन्होंने कहा कि राष्ट्र ▶▶ 4

# भारत में दुनिया की 17 प्रतिशत आबादी और पानी 4 प्रतिशत

## रिपोर्ट में दावा- देश के 50 प्रतिशत जिलों में 2050 तक गंभीर जल संकट हो सकता है



**नई दिल्ली/चेन्नई (ईएमएस):** दुनिया की सबसे ज्यादा आबादी वाले देश भारत में जल संकट का गंभीर खतरा है। देश के कृषि क्षेत्र में जल प्रबंधन को बढ़ावा देने से जुड़ी एक रिपोर्ट में दावा किया गया है कि २०५० तक भारत के ५० प्रतिशत से ज्यादा जिलों में पानी का विकट संकट हो सकता है। डीसीएम श्रीराम और सत्व नॉलेज की एक रिसर्च रिपोर्ट में दावा किया गया है कि २०५० तक देश में प्रति व्यक्ति जल की मांग में ३० प्रतिशत की बढ़ोतरी होने की संभावना है, जबकि देश की बढ़ती आबादी और जल संसाधनों की कमी के चलते प्रति व्यक्ति जल की उपलब्धता में १५ प्रतिशत की कमी आ सकती है।

पानी की बढ़ती मांग और सप्लाई में कमी के चलते संतुलन बिगडऩे की संभावना है। इसी कारण २०५० तक देश के ५० प्रतिशत जिलों में पानी का भयंकर संकट खड़ा हो सकता है।

**कृषि सेक्टर में सबसे ज्यादा पानी इस्तेमाल होता है**

रिपोर्ट के मुताबिक देश में जल संकट के पीछे कृषि सेक्टर बड़ी वजह है। कृषि प्रधान देश होने के कारण देश के कुल जल का ८० से ९० प्रतिशत हिस्सा खेती में इस्तेमाल होता है। इसके बाद घरेलू उपयोग और इंडस्ट्री सेक्टर में जल का ▶▶ 4

# बंगाल में 24 हजार शिक्षकों की नियुक्ति रद्द

## हाईकोर्ट का आदेश- 8 साल की सैलरी लौटाएं; ममता बोलीं- फैसला गैरकानूनी, सुप्रीम कोर्ट जाएंगे





**कोलकाता (ईएमएस):** कलकत्ता हाईकोर्ट ने सोमवार को २०१६ में हुई शिक्षक भर्ती रद्द कर दी। इसके अलावा अवैध नियुक्ति पर काम कर रहे शिक्षकों से ७-८ साल के दौरान मिली सैलरी भी वापस लेने के निर्देश दिए। जस्टिस देवांग्शु बसाक और जस्टिस शब्बर रशीदी की बेंच ने कहा- कैंसर पीड़ित सोमा दास की नौकरी सुरक्षित रहेगी। पश्चिम बंगाल स्कूल सेवा आयोग नई नियुक्ति प्रक्रिया शुरू करे।

हाईकोर्ट के आदेश को मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने गैरकानूनी बताया है। उन्होंने कहा- हम उन लोगों के साथ खड़े रहेंगे जिनकी नौकरियां चली गईं। भाजपा नेता न्यायपालिका के फैसलों को प्रभावित कर रहे हैं। इस फैसले के खिलाफ हम सुप्रीम कोर्ट जाएंगे। पश्चिम बंगाल सरकार ने २०१४ में डब्ल्यूएसएससी के जरिए सरकारी और सहायता प्राप्त स्कूलों के लिए टीचिंग और नॉन टीचिंग स्टाफ भर्ती किया था। तब २४,६४० रिक्त पदों के लिए २३ लाख से अधिक लोगों ने भर्ती परीक्षा दी थी। इस भर्ती में ५ से १५ लाख रुपए की घूस लेने तक की आरोप हैं। मामले में कलकत्ता हाईकोर्ट में कई शिकायतें मिली थीं। भर्ती में अनियमितताओं के मामले में सीबीआई ने राज्य के पूर्व शिक्षा मंत्री पार्थ चटर्जी, उनकी करीबी मॉडल अर्पिता मुखर्जी और स्स्ट के कुछ अधिकारियों को गिरफ्तार किया था।

ममता बनर्जी की सरकार ने २०१४ में शिक्षकों की भर्ती निकाली थी। इसकी प्रक्रिया २०१६ में पूरी हुई थी। तब पार्थ चटर्जी राज्य के शिक्षा मंत्री थें। याचिकाकर्ताओं का आरोप था कि जिन उम्मीदवारों के नंबर कम थे उन्हें मेरिट लिस्ट में ऊपर स्थान मिला। कुछ उम्मीदवारों का मेरिट लिस्ट में नाम न होने पर भी नौकरी दी गई। याचिकाकर्ताओं ने दावा किया कि कुछ ऐसे भी उम्मीदवारों को नौकरी दी गई, जिन्होंने ञ्जश्वञ्ज परीक्षा भी पास नहीं की थी, जबकि राज्य में शिक्षक भर्ती के लिए ञ्जश्वञ्ज की परीक्षा पास होना अनिवार्य है।

**हाईकोर्ट ने सीबीआई जांच के आदेश दिए थे**

इसी तरह से राज्य में २०१६ में स्स्ट द्वारा ग्रुप डी की १३ हजार भर्ती के मामले में शिकायतें मिली थीं। हाईकोर्ट ने इन सभी याचिकाओं पर सुनवाई करते हुए सीबीआई जांच के आदेश दिए थे। इसके बाद ईडी ने शिक्षक भर्ती और कर्मचारियों की भर्ती के ▶▶ 4

# डीसी ने राजकीय पॉलिटेक्निक में कमरों का किया निरीक्षण

**धनबाद (कासं) :** सोमवार को आसन्न लोकसभा आम निर्वाचन के निमित्त जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त माधवी मिश्रा ने राजकीय पॉलिटेक्निक धनबाद स्थित चिन्हित वज्रगृह-सहडिस्पैच एवं कमिश्निंग के लिए चिन्हित कमरों में चल रही तैयारी का निरीक्षण किया।

इस दौरान उन्होंने क्रमवार डिस्पैच सेंटर के लिए धनबाद एवं झरिया विधानसभा वार तैयार नक्शे में बने लेआउट के माध्यम से जानकारी प्राप्त की। जिसमें सामग्री/ईवीएम एकत्र करने वाले दर्शाये गए स्थानों एवं कमिश्निंग के लिए चिन्हित कमरों के संबंध में भवन प्रमंडल के कार्यपालक अभियंता से जानकारी प्राप्त की। इसके अलावा जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने वहां बूथवार मार्किंग, रौशनी, सीसीटीवी, सुरक्षा व्यवस्था, सिंगल एक्सेस प्वाइंट, सिटिंग अरेंजमेंट, डबल



लॉक सिस्टम, साफसफाई, अग्नि सुरक्षा, समेत अन्य विभिन्न बिंदुओं का जायजा लेते हुए संबंधित कोषांग के पदाधिकारियों से चर्चा की।

उपायुक्त ने डिस्पैच सेंटर में आवश्यक सभी व्यवस्थाओं के अलावा साफसफाई, पेयजल, शौचालय के अलावा मूलभूत सुविधाएं, बिजली की निरंतर उपलब्धता व मतदान से जुड़े कर्मियों की सुविधा को लेकर किए जाने वाले संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशानिर्देश दिया। निरीक्षण के क्रम में सुरक्षा व्यवस्था के अलावा वज्रगृहसहडिस्पैच सेंटर में पर्याप्त संख्या में अग्निशमक यंत्र व अग्निशमन के लिए अन्य उचित व्यवस्था सुनिश्चित करने का निर्देश अधिकारियों को दिया। इसके अलावा आगामी लोकसभा चुनाव को लेकर डिस्पैच सेंटर में प्रतिनियुक्त अधिकारी, मतदान कर्मी की सुविधा को लेकर संबंधित अधिकारियों को दिशा-निर्देश दिया।

मौके पर डीडीसी सादात अनवर, डायरेक्टर डीआरडीए राजीव रंजन, अपर समाहर्ता विनोद कुमार, एडीएम लॉ एण्ड ऑर्डर हेमा प्रसाद, जिला आपूर्ति पदाधिकारी प्रदीप शुक्ला, डीसीएलआर संतोष गुप्ता, अनुमंडल पदाधिकारी उदय रजक, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी सुनील कुमार सिंह समेत कई अन्य पदाधिकारी एवं कर्मी मौजूद रहें।

# एसएसपी ने किया नक्सल प्रभावित क्षेत्र स्थित मतदान केंद्रों का निरीक्षण

**धनबाद (कासं) :** आगामी लोकसभा चुनाव को भयमुक्त व शांतिपूर्ण संपन्न कराने के लिए धनबाद पुलिस निरंतर अपनी सुरक्षा व्यवस्था को दुरुस्त करने में जुटी है। इसी अभियान के तहत सोमवार को वरीय पुलिस अधीक्षक ह्रदीप पी जनार्दनन ने नक्सल प्रभावित मनियाडीह क्षेत्र का दौरा किया और सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया।



भौतिक निरीक्षण के दौरान एसएसपी डंडाटांड़ और मनियाडीह पहुंचे जहाँ उन्होंने हेलीपेड स्थल का निरीक्षण किया। चुनाव के दौरान केंद्रीय सुरक्षा बलों के आवासन के मद्देनज़र इस दौरान उन्होंने डंडाटांड़ और मनियाडीह स्थित विद्यालय भवनों का भी जायजा लिया और सुरक्षा बलों के ठहराव को लेकर सारी मूलभूत सुविधाओं की जानकारी ली।

दल बल के साथ एसएसपी ने मनियाडीह थाना अंतर्गत पड़ने वाले कई मतदान केंद्रों का भी निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने मनियाडीह, प्राथमिक विद्यालय सर्रा, उत्क्रमित मध्य विद्यालय डंडाटांड़, प्राथमिक विद्यालय फतेहपुर, मध्य विद्यालय जाताखूंटी, प्राथमिक उर्दू विद्यालय भूस्की, मध्य विद्यालय चरककला, प्राथमिक विद्यालय चरकखुर्द का एरिया डोमेनेशन करते हुए नक्सल प्रभावित मतदान केंद्रों की सुरक्षा व्यवस्था की समीक्षा भी की।

निरीक्षण के दौरान उन्होंने ग्रामीणों से मुलाकात की। चुनाव में भय मुक्त होकर मतदान करने की अपील करते हुए मतदान प्रतिशत बढ़ाने की बात कही। निरीक्षण के दौरान पुलिस उपाधीक्षक (मुख्यालय २) संदीप गुप्ता, अंचल निरीक्षक (टुंडी) मोहम्मद साजिद हुसैन समेत मनियाडीह थाना की टीम व सीआरपीएफ सशस्त्र बल के जवान भी उपस्थित थे।

## उप विकास आयुक्त ने किया प्रशिक्षण केंद्रों का दौरा



**धनबाद (कासं) :** जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त माधवी मिश्रा के निर्देश पर लोक सभा निर्वाचन के आलोक में मतदान पदाधिकारियों के द्वितीय चरण का प्रशिक्षण सोमवार को भी जारी रहा। आज प्रथम मतदान पदाधिकारियों को श्री श्री लक्ष्मी नारायण ट्रस्ट महिला महाविद्यालय, पीके रॉय मेमोरियल कॉलेज तथा गुरुनानक कॉलेज में प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण कोषांग के वरीय पदाधिकारी सह उप विकास आयुक्त सादात अनवर ने पीके रॉय मेमोरियल कॉलेज तथा गुरुनानक कॉलेज का दौरा किया। प्रशिक्षणार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि मॉक पोल करना महत्वपूर्ण है। इसे अच्छे से सभी सीख लें। मॉक पोल डाटा को डिलीट करना ना भूलें। वहीं एसएसएलएनटी महिला महाविद्यालय में जिला शिक्षा पदाधिकारी निशु कुमारी ने प्रशिक्षणार्थियों को आवश्यक निर्देश दिए। प्रशिक्षण सत्र में मुख्य प्रशिक्षक दिलीप कुमार कर्ण ने एक प्रशिक्षणार्थी को बुलाकर उनसे मॉक पोल करने का प्रशिक्षण दिलाया। साथ ही एक फ्लो चार्ट के माध्यम से पूरी मतदान प्रक्रिया को समझाया। ईवीएम में संभावित त्रुटियों को भी उन्होंने बताया और उसके समाधान भी बताए।

मौके पर मुख्य प्रशिक्षक राजकुमार वर्मा तथा अन्य केंद्र के मुख्य प्रशिक्षक संजय कुमार, पुष्कर झा, उमेश लाल, घनश्याम दुबे, कुमार वंदन, सुभाष, आलोक तिवारी, मदन महतो, बृजभूषण पांडेय, ब्रज किशोर चौबे, महफूज आलम, अनवर हुसैन आदि सक्रिय रहे।

## कलश यात्रा के साथ श्रीमद्भागवत कथा का शुभारंभ



**निरसा (ससे) :** तिलतोड़िया गांव, मदनपुर पंचायत, निरसा प्रखंड में २८ अप्रैल तक भव्य श्रीमदभागवत कथा का आयोजन किया जा रहा है।

यह धार्मिक आयोजन सोमवार को कलश यात्रा के साथ शुरू हो गया है, कलश यात्रा में भागवत गीता को लेकर मुख्य जजमान कृष्णा चन्द्र गोराई एवं उनकी पत्नी आगेआगे भजन गाते हुए चल रहे थे और २५१ कलश लेकर महिलाएं बच्चे तिलतोड़िया गाँव का भ्रमण करते हुए बड़ा तालाब पहुँचे जहां कलश में जल भर कर झूमते गाते, गाजे बाजे के साथ कथा स्थल पहुँचे और भगवत गीता को वेदी पर विराजमान किए।

आज ही संध्या ५ बजे से ही सुप्रसिद्ध कथा वाचक श्री देवकी नन्दन ठाकुर महाराज का प्रवचन आरम्भ हुआ। निश्चित रूप से एक अविस्मरणीय अनुभव होगा। प्रसिद्ध कथा वाचक देवकी नन्दन ठाकुर महाराज प्रतिदिन शाम ५ से ८ बजे तक ७ दिनों तक अपनी मधुर वाणी से श्रद्धालुओं को भक्तिमय माहौल में डूबो देंगे। आध्यात्मिक ज्ञान प्राप्ति और जीवन को सकारात्मक दिशा देने का एक उत्तम अवसर होगा। आयोजनकर्ता गोरांगो गोराई ने सभी भक्तगणों का इस भव्य आयोजन में भाव भरा आमंत्रित किए है।

## जरलाही बस्ती में चंडी पाठ का आयोजन

**कतरास (ससे) :** तीन दिवसीय चंडी पाठ का आयोजन किया गया। रविवार को दिगम्बर बाउरी अपने परिवार समेत लिलोरी स्थान से कलश में जल भरकर पूजाअर्चना आरंभ की। बताया जाता है कि दिगम्बर बाउरी जरलाही बस्ती में लगभग दोतीन वर्षों से भव्य चंडी पाठ का आयोजन कर रहे हैं। प्रथम दिन कलश में जल भरकर पूजा-अर्चना एवं हवन का कार्यक्रम होता है। दूसरे दिन पूजाअर्चना तथा तीसरे दिन पूर्णाहुति के बाद महा भोग वितरण करते हैं। दूर से भी लोग महाभोग ग्रहण करने आते हैं।



आचार्य मनोज पाण्डे द्वारा पूजा किया जा रहा है जिसमें सपरिवार रसराज बाउरी, दिगम्बर बाउरी, बबलू बाउरी, जगरनाथ बाउरी, चन्द्रशेखर आजाद बाउरी, विक्की बाउरी, राहुल बाउरी, यशराज बाउरी, अभयराज बाउरी, विजय राजवार, राजू बाउरी, पंकज सिन्हा आदि प्रसन्नता से लगे हुए हैं।

# मतदान केंद्रों में सुविधाएं उपलब्ध कराने का निर्देश

**गोविंदपुर (ससे) :** गोविंदपुर प्रखंड के सभी २३१ मतदान केंद्रों में आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध कराने का निर्देश प्रखंड प्रशासन ने संबंधित प्रधानाध्यापकों को दिया है। अधिकांश विद्यालयों में शौचालय की साफसफाई, टूटे शौचालय की मरम्मत, मतदान केंद्र भवन की बिजली व्यवस्था, पानी की व्यवस्था आदि सुविधाएं उपलब्ध करा दी गई है। प्रखंड विकास पदाधिकारी जहीर आलम, अंचलाधिकारी शशिभूषण सिंह, अंचल निरीक्षक कुमार सत्यम भारद्वाज व पुलिस इंस्पेक्टर रविकांत प्रसाद ने अपने स्तर से सभी मतदान केन्द्रों का भौतिक सत्यापन कर लिया है अब सभी मतदान केन्द्रों में सुविधाओं की जांच की जा रही है।

प्रखंड विकास पदाधिकारी ने कहा कि जिस मतदान केंद्र में सारी सुविधाएं मौजूद नहीं रहेगी उनके प्रधानाध्यापकों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने विद्यालय विकास के फंड से मतदान केन्द्रों में सारी सुविधाएं उपलब्ध कराने का निर्देश दिया है।

मतदान के पूर्व दिन और मतदान के दिन मतदान दल के भजन की व्यवस्था संबंधित विद्यालयों की रसोईयां करेगी। इसके लिए रसोईया मतदान दल से उचित राशि लगी प्रखंड विकास पदाधिकारी के निर्देश पर प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी विनोद कुमार पांडे एवं राजीव रंजन सभी विद्यालय प्रधानों को इस संबंध में निर्देश जारी कर दिया है। उन्होंने गुरु गोष्ठी में विद्यालयों में सारी मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराने और कोई कमी है तो उसे यथाशीघ्र दूर करने का भी निर्देश दिया है। मतदान केंद्र भवनों की चाबी संबंधित बीएलओ के पास रहेगी ताकि सेक्टर पदाधिकारी जब मतदान दल लेकर विद्यालय में आएंगे तो उन्हें कोई असुविधा न हो क्योंकि उसीदौरान विद्यालयों के प्रधान और शिक्षक मतदान करने अन्यत्र चले जाएंगे।

प्रखंड विकास पदाधिकारी ने कहा कि जिन मतदाताओं का नाम मतदाता सूची में नहीं आया है वे ऑफलाइन या ऑनलाइन २७ अप्रैल तक स्थिति के बाद नाम दर्ज नहीं किया जा सकेंगे। शतप्रतिशत मतदान के लिए सभी विद्यालयों द्वारा प्रतिदिन मतदाता जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है इसके तहत विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किया जा रहे हैं।

### विद्युत आपूर्ति आज रहेगी ठप

**कतरास (ससे) :** कतरास तिलाटांड विद्युत विभाग के एसडीओ राकेश कुमार महतो ने बताया कि डीवीसी पुटकी में मेंटेनेंस कार्य को लेकर तिलाटांड पावर हाउस से विद्युत आपूर्ति मंगलवार को सुबह ९ से ३ बजे तक विद्युत आपूर्ति ठप रहेगी।

## संत जेवियर स्कूल में पृथ्वी दिवस मनाया गया




**जोड़ापोखर (ससे) :** सोमवार को संत जेवियर स्कूल फूसबंगला के प्रांगण में पृथ्वी दिवस मनाया गया जिसमें जूनियर क्लास के बच्चे स्टैंडर्ड एलकेजी से स्टैंडर्ड ५ के बच्चे ग्रीन थीम ड्रेस पहनकर आए थे। तथा चार्ट पेपर्स में बहुत प्रकार के स्लोगंस लिखें और पृथ्वी को बचाने का प्रण लिया। भाग लेने वाले बच्चों का नाम है नंदनी कुमारी श्वेता विश्वकर्मा क्लास ५, प्रिंसी राज, शिफा जन्नत क्लास ४, रुद्र प्रताप सिंह सूफियानस क्लास ४, सम्राट यूकेजी इत्यादि थे। शिक्षकों में आयशा कुरैशी सरवानी मजूमदार, कोमल, प्रीति, पम्पा गुप्ता, ममता मिश्र इत्यादि बच्चों को प्रोत्साहित किया। स्कूल के प्राचार्य पुनीत पीटर शाह ने पृथ्वी दिवस के अवसर पर बच्चों को पर्यावरण के प्रति जागरूक रहने की सलाह दी तथा पेड़ पौधों को उगाने और डिफोरेस्टेशन के खिलाफ आवाज उठाने के लिए प्रोत्साहित किया।

## राजकमल में विश्व पृथ्वी दिवस मनाया गया



**धनबाद (कासं) :** राजकमल सरस्वती विद्या मंदिर में सोमवार को विश्व पृथ्वी दिवस के बारे में बच्चों को जानकारी दी गई। बच्चों ने इस अवसर पर विद्यालय में वृक्षारोपण भी किया। यह जानकारी विद्यालय के उप प्राचार्य मनोज कुमार ने दी। उन्होंने कहा कि विश्व पर्यावरण संकट में है। बर्फ के अधिक पिघलने के कारण पृथ्वी की घूमने की गति कम हो रही है। पर्यावरण असंतुलित हो रहा है। पृथ्वी को कूड़ेकचरे भी कम प्रभावित नहीं कर रहे हैं। नदियाँ सूख रही है, पृथ्वी का क्षरण हो रहा है। पृथ्वी से हरे पेड़पौधे काटे जा रहे हैं। इस कारण भी धरती का तापमान तेजी से बढ़ता जा रहा है मानव के साथसाथ सभी जीवजंतु भी इससे प्रभावित हो रहे हैं। कार्यक्रम को सफल बनाने में गणित की शिक्षिका कल्याणी मिश्रा ने सक्रिय भूमिका निभाई। मौके पर उप प्राचार्या उमा मिश्रा, विद्यालय के प्रभारी प्रतिमा चौबे, कमलनयन, पार्थ सारथी सरकार सहित ३०० की संख्या में बच्चे एवं शिक्षक-शिक्षिकाओं ने भाग लिया।

# उपायुक्त ने की राजनीतिक दलों के साथ बैठक

**धनबाद (कासं) :** जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त माधवी मिश्रा ने सोमवार को राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ बैठक की और उन्हें आदर्श आचार संहिता, चुनावी खर्च, हर कार्यक्रम के लिए अनुमति लेने की प्रक्रिया सहित अन्य बिंदुओं पर विस्तार से प्रकाश डाला।

उपायुक्त ने कहा कि राजनीतिक दलों को रैली, सभा या किसी तरह के अन्य कार्यक्रम के आयोजन के लिए सुविधा पोर्टल पर ४८ घंटे से पहले ऑनलाइन अनुमति लेना अनिवार्य है। आवेदन प्राप्त होने के बाद पहले आओ पहले पाओ के आधार पर अनुमति दी जाएगी।




उन्होंने कहा कि हर कार्यक्रम में वीडियो सर्विलेंस टीम मौजूद रहेगी। इसलिए जो भी विवरण व्यय पंजी में दर्ज करें, वह सहीसही करें। हर खर्च की सही जानकारी सभी प्रत्याशी उपलब्ध कराएंगे। परिणाम घोषित होने के बाद जांच में खर्च का ब्यौरा गलत पाए जाने पर जीते हुए उम्मीदवार की उम्मीदवारी चुनाव आयोग द्वारा रद्द भी की जा सकती है।

इस अवसर पर व्यय कोषांग के वरीय प्रभारी सह स्टेट जीएसटी के उपायुक्त गालिब अंसारी एवं व्यय कोषांग के नोडल सह सहायक आयुक्त जीएसटी ध्रुव नारायण राय ने चुनाव के दौरान रैली, पदयात्रा, नुक्कड़ सभा, बैनर पोस्टर की छपाई, स्टार कैपेनर, हेलीकॉप्टर का खर्च सहित अन्य बिंदुओं पर विस्तार से प्रकाश डाला।

साथ ही बताया कि नॉमिनेशन से पहले हर उम्मीदवार को एक नया बैंक अकाउंट खोलना अनिवार्य है। इसमें नामांकन से लेकर परिणाम घोषित होने की तिथि तक प्रतिदिन किए गए खर्च को दर्शाना है। इसी अकाउंट से चुनाव के लिए प्राप्त राशि एवं चुनाव के लिए खर्च की गई राशि का लेनदेन करना है। हर खर्च के लिए वाउचर रखना अनिवार्य है। १० हजार रुपए से अधिक का भुगतान चेक द्वारा करना है।

बैठक में उपायुक्त माधवी मिश्रा, उप निर्वाचन पदाधिकारी कालीदास मुंडा, स्टेट जीएसटी के उपायुक्त गालिब अंसारी, सहायक आयुक्त जीएसटी ध्रुव नारायण राय, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी सुनील कुमार सिंह, यूआईडी मैनेजर अमित कुमार सिंह, आईटी मैनेजर रूपेश मिश्रा, बिजनेस एनालिस्ट आनंद पटेल, आईएनसी के मिथिलेश तिवारी, भाजपा के नरेंद्र त्रिवेदी, माधव दास, झामुमो के लक्खी सोरेन, आजसू एके रतिलाल महतो, आप के रविंद्रनाथ सिंह, बीएसपी के मनोज दास सहित अन्य लोग मौजूद थे।

डी.बी. पब्लिकेशन्स प्रा. लि. के लिए जोड़ाफाटक रोड, धनबाद से राजेन्द्र कुमार अग्रवाल द्वारा मुद्रित एवं अंजना अग्रवाल द्वारा प्रकाशित. संपादक -गणेश मिश्रा. फोन -9431726337
e-mail : biharobserver@gmail.com RNI No- 58991/95. * पी.आर.बी. एक्ट के तहत समाचार चयन एवं प्रकाशन के लिए गणेश मिश्रा जिम्मेवार होंगे एवं समस्त विवाद धनबाद न्यायालय के अधीन होंगे

# डीएवी मॉडल स्कूल के बच्चों ने मनाया विश्व पृथ्वी दिवस




**जोड़ापोखर (ससे) :** सोमवार को डीएवी मॉडल स्कूल सीएफआर आई में विश्व पृथ्वी दिवस धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर छात्रों के लिए विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया गया। सबसे पहले स्कूल प्रार्थना सभा में छात्रों को विशेष रूप से संबोधित किया गया, जिसमें उन्हें इसके महत्व के बारे में बताया गया।

स्कूल की प्राचार्या महुआ सिंह ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि हमारी पृथ्वी इस ब्रह्मांड का एक छोटा सा अंश है जो हमें जीवित रहने के लिए वातावरण मुहिया करवाता है। इसलिए यह जरूरी है कि हम पृथ्वी को संभाल रखे।

इस मौके पर विज्ञान विभाग के अध्यापकों द्वारा विद्यार्थियों में स्लोगन, लेखन और पोस्टर बनाने की प्रतियोगिता आयोजित की गई। जिसमें छठी से आठवीं कक्षा तक के बच्चों ने स्लोगन प्रतियोगिता में भाग लिया जिसमें उन्होंने पृथ्वी को संभाल कर रखने के लिए खूबसूरती के साथ संदेश दिया एवं चित्रों के माध्यम से प्रकृति के रूप में पृथ्वी के प्रति अपनी भावनाओं को व्यक्त किया।

इन गतिविधियों को संचालित करने का मुख्य उद्देश्य हमारी पृथ्वी के प्रति छात्रों में जागरूकता पैदा करना है ताकि वे प्रकृति और पर्यावरण से संबंधित अपनी जिम्मेदारियों को पूरा कर सकें। मौके पर स्कूल शिक्षक इन्द्रजित दास मौजूद थे।

# विश्व पृथ्वी दिवस उत्सव आयोजित

**पुटकी (ससे) :** डीएवी पब्लिक स्कूल अलकुसा (पुटकी) ने विश्व पृथ्वी दिवस उत्सव मनाया गया। इस अवसर पर विद्यालय के ३१७ बच्चों एवं शिक्षकशिक्षिकाओं ने हाथों के होर्डिंग लेकर विद्यालय परिसर से पुटकी मिडिल स्कूल तक जागरूकता रैली निकाली। साथ ही छात्रों ने अपने विचारों, भाषणों, क्विज प्रतियोगिता एवं कक्षा एलकेजी और यूकेजी के बच्चों ने कविताएँ प्रस्तुत की और पृथ्वी संरक्षण के नारे दिए। विद्यालय के प्राचार्य आर के सिन्हा ने कहा कि इस उत्सव के माध्यम से हमने लोगों को पर्यावरण के महत्व को समझाने का प्रयास किया है।



## सात देशों के प्रतिनिधियों ने देखा भाजपा का प्रचार अभियान

**नई दिल्ली (ईएमएस) :** भारत के लोकसभा चुनावों में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के चुनाव प्रचार अभियान का प्रत्यक्ष अवलोकन एवं अध्ययन करने के लिए रूस एवं बांग्लादेश सहित सात देशों के राजनयिकों का प्रतिनिधिमंडल राजस्थान में जोधपुर की तीन दिन की यात्रा पर आया है। भाजपा के विदेश विभाग प्रमुख डॉ. विजय चौथाईवाले ने कहा कि भारत में विभिन्न मिशनों से राजनयिकों का सात सदस्यीय प्रतिनिधिमंडल भाजपा के चुनाव प्रचार अभियान की प्रत्यक्ष जानकारी हासिल करने के लिए उद्देश्य से २२ से २४ अप्रैल, तक जोधपुर की यात्रा पर रहेगा। इस प्रतिनिधिमंडल में बांग्लादेश, इंडोनेशिया, मलेशिया, रूस और सूरीनाम के राजनयिक प्रतिनिधि शामिल हैं।

डॉ. चौथाईवाले के अनुसार पहले भी इस तरह के प्रतिनिधिमंडलों ने भाजपा के चुनाव प्रचार अभियानों के सफलतापूर्वक संचालन का अनुभव हासिल किया है। वर्ष २०२२ के आखिर में हिमाचल प्रदेश और गुजरात में राज्य चुनावों के दौरान अभियान तथा नवंबर २०२३ में मध्य प्रदेश और राजस्थान में भी कई देशों के राजनयिक प्रतिनिधि 'भाजपा को जानो' पहल के तहत गए थे। उन्होंने कहा कि भाजपा अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा द्वारा पार्टी के ४३वें स्थापना दिवस पर शुरू की गई पहल के अंतर्गत इन प्रतिनिधियों का दौरा हो रहा है। भाजपा की योजना आम चुनाव के आगामी चरणों के दौरान इसी तरह के प्रतिनिधिमंडल ले जाने की है।

# मरीजों के बीच एमएमडीपी किट का किया गया वितरण

**जोड़ापोखर (ससे) :** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र झरिया की ओर से सोमवार को जयरामपुर कोलियरी में ४५ फाइलेरिया मरीजों को एमएमडीपी किट का वितरण किया गया। इस कार्यक्रम में उपस्थित पिरामल फाउंडेशन एसडीसी के सुनील साव, एम पी डब्ल्यू के वरुण बाउरी की ओर से दिया गया। कार्यक्रम में एएनएम चंदना चटर्जी और सहिया साथी रेखा भट्ट उपस्थित थे। अधिकारियों ने बताया कि किट के माध्यम से मरीज को बताया गया कि इसका उपयोग कैसे करें। किट में प्लास्टिक का टव, साबुन, तौलिया, मग, सेवलोन, मलहम, गलप्स के अलावा कई सामग्री थे।



मरीज को बताया गया कि कैसे इसका उपयोग करें नियमित उपयोग करने से बीमारी नहीं बढ़ेगी। समय-समय पर डॉक्टर से सलाह जरूर ले। सहिया दीदी घरघर जाकर जो जानकारी देती है और जो दवा देती है इसका नियमित सेवन करें। सही तरीके से देखभाल करें ताकि रोग बड़े नहीं। मच्छरदानी का प्रयोग जरूरी है। मच्छर काटने से बीमारी पनपत्ति है। अपने घर के आसपास साफ सुथरा रखें किसी भी प्रकार का दिक्कत होने पर नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र जाकर डॉक्टर से जरूर सलाह ले। जानकारी ही बचाव है हम लोग जागरूकता फैलाने के उद्देश्य से आए हैं। मौके पर शांति देवी, सुलेखा देवी, रानी देवी, शांति प्रिया, संजू, पूनम देवी, सरिता देवी, रेखा साहनी, पुष्प लता देवी, मनोरमा गुप्ता आदि थी।

## डीजे साउंड सिस्टम की 5 मशीनें बरामद



**कतरास (ससे) :** कतरास थाना क्षेत्र के रामपुरपतराकुल्ही पथ के किनारे स्थित तालाब के पानी से पुलिस ने सोमवार को डीजे साउंड सिस्टम में उपयोग किए जाने वाले ५ मशीनें बरामद किया है। पुलिस पानी से मशीनों को निकलवाकर थाना ले आई है। बीते २५ मार्च को जोगता थाना क्षेत्र के भदरीचक स्थित पूजा लाइट एण्ड साउंड सिस्टम के गोदाम में सेंधमारी कर मशीन चोरी हुई थी। इधर मशीन बरामदगी की सूचना पाकर पूजा लाइट के मालिक कलामुल हक घटनास्थल पर पहुंचे और शिनाख्त की। बरामद मशीन की कीमत लगभग ढाई लाख रुपये है। बताया जाता हैं कि तालाब का पानी कम होने पर मशीन नजर आने लगी। आज बच्चों की नजर मशीनों पर पड़ी। बच्चों ने इसकी जानकारी ग्रामीणों को दी और फिर पुलिस को। संभावना जताई जा रही है कि मशीनों को ले जाने में असफल होने पर चोरों ने तालाब में फेंक दिया।

## एससी, एसटी की संपत्ति अल्पसंख्यकों में बांटना चाहती है कांग्रेस : मालवीय

**नई दिल्ली (ईएमएस) :** भाजपा आईटी सेल के हेड अमित मालवीय ने कांग्रेस के घोषणा पत्र के अंश और राहुल गांधी द्वारा १६ मार्च २०२४ को महाराष्ट्र में दिए गए भाषण के वीडियो को एक्स पर शेयर करते हुए आरोप लगाया कि कांग्रेस का घोषणापत्र २०२४ में साफ है। कांग्रेस जातियों और उपजातियों की सामाजिकआर्थिक स्थितियों की गणना के लिए एक राष्ट्रव्यापी सामाजिकआर्थिक और जातिगत जनगणना करवाएगी। भारत को अपनी पूरी क्षमता का एहसास कराने के लिए अल्पसंख्यकों का आर्थिक सशक्तिकरण एक जरुरी कदम है। हम यह सुनिश्चित करेंगे कि बैंक बिना किसी भेदभाव के अल्पसंख्यकों को संस्थागत ऋण प्रदान करें। अल्पसंख्यकों को शिक्षा, स्वास्थ्य देखभाल, सार्वजनिक रोजगार, सार्वजनिक कार्य अनुबंध, कौशल विकास, खेल और सांस्कृतिक गतिविधियों में बिना किसी भेदभाव के अवसरों का उचित हिस्सा मिले। मालवीय ने लोगों को यूपीए सरकार के कार्यकाल की याद दिलाते हुए आगे कहा कि यह दिन के उजाले की तरह साफ है कि कांग्रेस हमारी संपत्ति, गरीबों और हाशिये पर पड़े लोगों, एससी, एसटी की संपत्ति, महिलाओं की बचत को छीनना चाहती है और इसे विशेष रूप से अल्पसंख्यकों के बीच पुनर्वितरित करना चाहती है, जैसा कि यूपीए सरकार चाहती थी।

# भूमिगत खदान में पानी का रिसाव बढ़ने से कर्मियों में हड़कंप

**जोड़ापोखर (ससे) :** सेल कंपनी के जीतपुर कोलियरी के एकमात्र भूमिगत खदान में सोमवार की शाम पानी का रिसाव बढ़ने से कर्मियों में हड़कंप मच गया। जानकारी मिलते ही अधिकारिक स्तर से सूचना मिलने के बाद खदान के अंदर कार्यरत लगभग २ सौ कंपनी एवं ठेका कर्मियों को आननफानन में खदान से बाहर निकाला। हालांकि जल रिसाव का मामला गंभीर है जिसके चलते कोलियरी के अधिकारी कुछ भी कहने से परहेज कर रहे हैं। इस दौरान उप महाप्रबंधक मनीष कुमार ने खदान को पूरी तरह से सुरक्षित होने का दावा करते हुए उत्पादन को सामान्य बताया है। मालूम हो कि टाटा कोलियरी के ६/७ नंबर खदान एवं जीतपुर कोलियरी की खदान का बैरियर एक ही है। पिछले एक वर्ष से जीतपुर की खदान बंद थी। खदान चालू होने के बाद उसमें ठेका स्तर से रोजाना ३ सौ टन कोयला उत्पादन कार्य की जा रही है। जबकि कंपनी की ओर से सुरक्षा व मेंटेनेंस का कार्य की जा रही है। इस दौरान जीतपुर की खदान में पिछले ३ दिनों से पानी का रिसाव हो रहा था। जिसको लेकर सुरक्षा के मुद्दे पर यूनियन नेताओं की मांग पर उपमहाप्रबंधक मनीष कुमार ने नेताओं के साथ मंगलवार को कार्यालय में वार्ता किया। वार्ता में खदान में जल रिसाव की घटना से नेताओं ने प्रबंधन को अवगत कराते हुए खदान एवं कर्मियों की सुरक्षा को लेकर गंभीरता से सुरक्षात्मक पहल करने की मांग की। प्रबंधन ने कनीय अधिकारियों सहित कर्मियों को कार्य के दौरान एहतियात बरतने का निर्देश दिया। खदान के १४ नंबर सीम में द्वितीय पाली में जब कर्मी उत्पादन कार्य में लगे थे तभी खदान में जल रिसाव की मात्रा बढ़ता देख कर्मियों में हड़कंप मच गई। मामले की जानकारी अधिकारियों को दिया गया। सुरक्षा को ध्यान में रख प्रबंधन ने तत्काल कर्मियों को खदान से बाहर निकाला। जल रिसाव की सूचना प्रबंधन ने डीजीएमएस एवं सिम्फर को देकर सुरक्षा को लेकर एहतियाती कदम उठाने की मांग किया है। मंगलवार को डीजीएमएस और सिम्फर के अधिकारियों के जीतपुर की खदान की जांच किए जाने की संभावना जताई जा रही है।

## कन्नौज सीट से सपा ने लालू के दामाद को बनाया उम्मीदवार

**कन्नौज (ईएमएस) :** समाजवादी पार्टी ने २२ अप्रैल को उम्मीदवारों की एक और लिस्ट जारी की है। इस सूची से साफ हो गया कन्नौज लोसकभा सीट से अखिलेश यादव चुनाव मैदान में नहीं उतर रहे हैं, बल्कि तेज प्रताप यादव को टिकट दिया है। वहीं, बलिया सीट से सनातन पाड्यि को चुनावी अखाड़े में उतारा गया है। सपा ने कन्नौज से भारतीयद जनता पार्टी के उम्मीदवार और मौजूदा सांसद सुब्रत पाठक के खिलाफ परिवार के ही अन्य सदस्य को उम्मीदवार बनाया है। सपा ने अपने दो और उम्मीदवारों के नाम का ऐलान कर दिया है। इस बार फिर यादव परिवार के एक और सदस्य को उम्मीदवार बनाया गया है। तेज प्रताप यादव, अखिलेश यादव के भतीजे और लालू प्रसाद यादव के दामाद हैं। तेज प्रताप को अखिलेश यादव ने कन्नौज लोकसभा सीट से उम्मीदवार बनाया है।

## भाजपा एक पार्टी नहीं, एक पंथ बन गई जिसमें मोदी को पूजा जा रहा : चिदंबरम

**तिरुवनंतपुरम (ईएमएस) :** कांग्रेस के वरिष्ठ नेता और पूर्व केंद्रीय मंत्री पी.चिदंबरम ने भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) नीत राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) की सरकार पर निशाना साधकर कहा कि भाजपा अब एक राजनीतिक पार्टी नहीं रही, बल्कि एक ऐसा पंथ बन गई है, जो प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की पूजा करता है। कांग्रेस नेता चिदंबरम ने केंद्र पर निशाना साधकर कहा कि मोदी के १० साल के शासन में भाषण और अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता गंभीर रूप से कमजोर हुई है। उन्होंने लोगों से लोकतंत्र को बहाल'' करने की अपील की।

चिदंबरम ने कहा कि भले ही कांग्रेस के घोषणापत्र में विवादास्पद नागरिकता संशोधन अधिनियम (सीएए) का उल्लेख नहीं किया गया है, लेकिन इंडिया गठबंधन के सत्ता में आने पर सीएए को निरस्त कर दिया जाएगा। चिदंबरम ने यह उम्मीद भी जाहिर कि'इंडिया गठबंधन तमिलनाडु की सभी ३९ सीट और पुडुचेरी की एक सीट पर जीत हासिल करेगा। उन्होंने कहा, ''भाजपा ने १४ दिन में घोषणापत्र तैयार किया, जिसका शीर्षक घोषणापत्र नहीं है। उन्होंने अपने घोषणपत्र को मोदी की गारंटी कहा। भाजपा अब कोई राजनीतिक दल नहीं है। यह एक पंथ बन गई है और यह पंथ नरेन्द्र मोदी की पूजा करता है।'' चिदंबरम ने दावा किया कि 'मोदी की गारंटी' उन देशों की याद



दिलाती है, जहां पंथ पूजा होती है। उन्होंने कहा, ''भारत में पंथ पूजा को ताकत मिलनी शुरू हो चुकी है, इससे तानाशाही को बढ़ावा मिलेगा। उन्होंने कहा, यदि मोदी तीसरी बार सत्ता में आते हैं, तब वे संविधान में संशोधन कर सकते हैं.... हमें लोकतंत्र को बहाल करना होगा।'' कांग्रेस नेता ने कहा कि देश के सामने मौजूद सबसे बड़ी चुनौती बेरोजगारी है। चिदंबरम ने कहा कि कांग्रेस के घोषणापत्र में नौकरियां और धन पैदा करने की बात की गई है जिसके बारे में मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी चुप है।

# मोदी सरकार के कार्यकाल में मजदूरों के वेतन में अभूतपूर्व कमी आई

**नई दिल्ली (ईएमएस) :** कांग्रेस ने आरोप लगाया कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के कार्यकाल में महंगाई को समायोजित करने के बाद मजदूरों के वेतन में अभूतपूर्व कमी आई है। पार्टी ने कहा कि इंडिया गठबंधन सरकार देश को उच्च वृद्धि पथ पर वापस ले जाएगी। कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश ने कहा कि मोदी सरकार के अपने आधिकारिक आंकड़ों सहित आंकड़ों के कई स्रोत एक मत से इस तथ्य को दर्शाते हैं कि श्रमिकों की खरीद क्षमता आज १० साल पहले की तुलना में आज कम हुई है। उन्होंने कहा कि धीमी वेतन वृद्धि और कमरतोड़ महंगाई के कारण वास्तविक मजदूरी में अभूतपूर्व गिरावट हुई है। उन्होंने कहा, श्रम ब्यूरो का वेतन दर सूचकांक (सरकारी आंकड़ा) के अनुसार २०१४ और २०२३ के बीच, मजदूरों के लिए वास्तविक मजदूरी स्थिर रही है। मोदी सरकार के दूसरे कार्यकाल में वास्तविक मजदूरी में स्पष्ट रूप से गिरावट आई है।

कांग्रेस नेता रमेश ने बताया कि कृषि मंत्रालय के आंकड़े बताते हैं कि पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह के कार्यकाल में कृषि मजदूरों की वास्तविक मजदूरी हर साल ६.८ प्रतिशत बढ़ी। उन्होंने कहा, मोदी के कार्यकाल में कृषि मजदूरों की वास्तविक मजदूरी हर साल १.३ प्रतिशत घटी है। उन्होंने कहा, आवधिक श्रम बल सर्वेक्षण श्रृंखला (सरकारीआंकड़ा): २०१७ और २०२२ के बीच सभी प्रकार के रोजगारों वेतनभोगी श्रमिकों, आकस्मिक श्रमिकों और स्वनियोजित श्रमिकों की औसत वास्तविक आय स्थिर रही है।

कांग्रेस नेता रमेश ने कहा कि ईंट भट्ठा श्रमिकों की वास्तविक मजदूरी २०१४ और २०२२ के बीच स्थिर है या घटी है। उन्होंने कहा कि एनएसएसओ के उपभोग व्यय सर्वेक्षण से पता चलता है कि स्थिर वास्तविक मजदूरी ने उपभोग वृद्धि को कम कर दिया है। लगभग ५० वर्षों में पहली बार ग्रामीण उपभोग में गिरावट दिखाई गई। रमेश ने कहा कि धीमी होती खपत वृद्धि और बढ़ते डर के कारण, निजी क्षेत्र के पास अब अर्थव्यवस्था में निवेश करने के लिए कोई प्रोत्साहन नहीं है। बयान में कहा गया, भारत में निवेश ऐतिहासिक रूप से निम्न स्तर पर पहुंच गया है, जिससे हमारी दीर्घकालिक वृद्धि को खतरा है।

## तिरुपति मंदिर की संपत्ति दुनिया के धार्मिक स्थलों में सबसे ज्यादा 13287 करोड़ की एफडी, 11 टन सोना

**हैदराबाद (ईएमएस) :** दुनिया के सबसे अमीर मंदिर तिरुमला तिरुपति देवस्थानम ने इस साल ११६१ करोड रुपए की एफडी कराई है। ट्रस्ट की बैंकों में कुल एफडी १३२८७ करोड रुपए की हो गई है। इसके अलावा मंदिर के अन्य ट्रस्ट के माध्यम से ५५२९ करोड रुपए एफडी में जमा किए हुए हैं। सभी बैंकों और सभी ट्रस्टों की नगदी १८८१७ करोड रुपए हो गई है।

दुनिया भर के सभी धार्मिक स्थलों में सबसे ज्यादा धनी ट्रस्ट तिरुमला तिरुपति देवस्थानम है। हर साल जमा रकम के ब्याज से १६०० करोड रुपए की आय इस ट्रस्ट को होती है। हाल ही में ट्रस्ट ने बैंक में १०३१ किलो सोना जमा किया है। ट्रस्ट के पास ११३२९ किलोग्राम सोना हो गया है। हर साल तिरुपति ट्रस्ट की एफडी और सोने के भंडार में वृद्धि हो रही है। कोरोना के समय में दान में कम नगदी प्राप्त हुई थी। २०१३ से लेकर २०२४ तक ट्रस्ट में दान की राशि में वृद्धि होती रही है। २०१२ में ट्रस्ट की एफडी ४८२० करोड रुपए की थी। जो २०२४ में बढ़कर १३२८७ करोड रुपए की हो गई है।

# गुजरात में लोकसभा की 25 सीटों 19 महिला समेत 266 उम्मीदवार मैदान में

**अहमदाबाद (ईएमएस) :** गुजरात में लोकसभा की २५ सीटों पर स्थिति साफ हो गई है। सूरत सीट निर्विरोध भाजपा के खाते में जाने के बाद लोकसभा की २५ सीटों पर कुल २६५ उम्मीदवार मैदान में रह गए हैं। जबकि विधानसभा की ५ सीटों पर होनेवाले उपचुनाव के लिए २४ प्रत्याशी मैदान में हैं। गुजरात में आगामी ७ मई को लोकसभा के सामान्य चुनाव और विधानसभा की ५ सीटों पर उपचुनाव के लिए वोट डाले जाएंगे। इसके लिए नामांकन प्रक्रिया १२ अप्रैल से १९ अप्रैल २०२४ तक थी। इस अवधि के दौरान लोकसभा की २६ सीटों के लिए कुल ४३३ और विधानसभा के लिए ३७ उम्मीदवारों ने पर्चा दाखिल किया। २० और २१ अप्रैल २०२४ को नामांकन पत्रों की जांच के बाद लोकसभा के लिए ३२८ और विधानसभा के उपचुनाव के लिए २७ उम्मीदवार मान्य हुए। स्क्रूटिनी के बाद अंतिम सूची के मुताबिक लोकसभा चुनाव के लिए कुल २६६ उम्मीदवार और विधानसभा के उपचुनाव के लिए २४ उम्मीदवार मैदान में रह गए हैं। जिसमें अहमदाबाद पूर्व लोकसभा सीट पर सबसे अधिक १८ उम्मीदवार और सबसे कम दक्षिण गुजरात की बारडोली सीट पर ३ प्रत्याशी हैं। जबकि विधानसभा की विजापुर सीट पर सबसे ज्यादा ८ और वाघोडिया की सबसे कम दो उम्मीदवारों के बीच मुकाबला होगा। लोकसभा चुनाव में कुल २६६ उम्मीदवारों में २४७ पुरुष और १९ महिला उम्मीदवार हैं।

# भाजपा उम्मीदवार रूपाला के खिलाफ क्षत्रिय महिलाओं का उपवास आंदोलन शुरू

**राजकोट (ईएमएस) :** केन्द्रीय मंत्री और राजकोट सीट से भाजपा प्रत्याशी पुरुषोत्तम रूपाला के खिलाफ सोमवार से क्षत्रिय महिलाओं का उपवास आंदोलन शुरू हो गया। राजकोट के रामजी मंदिर में १०० जितनी क्षत्रिय समाज की महिलाओं ने तीन दिन का प्रतीक उपवास शुरू किया है।

क्षत्रिय समाज किसी भी सूरत में राजकोट सीट से पुरुषोत्तम रूपाला की उम्मीदवारी रद्द कराने पर अडिग है। बता दें कि क्षत्रिय समाज को लेकर पुरुषोत्तम रूपाला ने एक बयान दिया था। जिसे लेकर क्षत्रिय समाज में जबर्दस्त आक्रोश है। हांलाकि पुरुषोत्तम रूपाला अपने बयान के लिए क्षत्रिय समाज से माफी मांग चुके हैं। लेकिन क्षत्रिय समाज का आक्रोश कम होने के बजाए लगातार बढ़ता जा रहा है। पहले क्षत्रिय समाज की केवल राजकोट सीट पर पुरुषोत्तम रूपाला का विरोध करने की योजना थी। लेकिन पुरुषोत्तम रूपाला का टिकट रद्द नहीं किए जाने से नाराज क्षत्रिय समाज ने अब गुजरात की सभी २६ लोकसभा सीटों पर भाजपा का विरोध करने का फैसला किया है। इसके लिए क्षत्रिय समाज ने आंदोलन पार्ट टू के तहत ऑपरेशन भाजपा का ऐलान कर दिया है। इसके अंतर्गत क्षत्रिय महिलाओं ने सोमवार से प्रतीक उपवास शुरू कर दिय है। साथ ही राजकोट में क्षत्रियों के ६ कार्यालय भी शुरू किए गए हैं। २४ अप्रैल से धार्मिक स्थलों से धर्मरथ निकाले जाएंगे और भाजपा के खिलाफ मतदान करने की अपील की जाएगी। साथ ही राज्य के सभी जिलों और तहसीलों में प्रमुखों की नियुक्ति भी की जाएगी। एक ओर क्षत्रिय समाज भाजपा के विरोध के कार्यक्रमों की रूपरेखा बना रहे हैं, वहीं दूसरी ओर भाजपा भी अपने क्षत्रिय नेताओं के साथ बैठकें कर पूरे मामले को शांत करने के प्रयासों में जुटी हुई है।

जानकारी के मुताबिक गृह राज्यमंत्री हर्ष संघी और भाजपा के संगठन सचिव रत्नाकर सौराष्ट्र में डेरा डाले हुए हैं। रविवार की देर शाम दोनों नेताओं ने राजकोट की एक होटल में क्षत्रिय नेताओं के साथ बैठक की थी और सोमवार को भानगर में बैठक की। इन बैठकों में भाजपा ने अपने क्षत्रिय नेताओं से राजपूत समाज में जाकर भाजपा के पक्ष में मतदान की अपील करने का आदेश दिया है। एक ओर भाजपा पुरुषोत्तम रूपाला को चुनाव लड़ाने पर अडिग है तो दूसरी ओर क्षत्रिय समाज भी राजकोट सीट से उन्हें हराने के लिए प्रयासरत है। इन सबके की बीच पुरुषोत्तम रूपाला पूरे जोश के साथ अपने चुनाव प्रचार में व्यस्त हैं। गुजरात की २६ सीटों में से एक राजकोट लोकसभा सीट पर जीत किसकी होगी यह ४ जून को पता चल जाएगा। फिलहाल राजकोट सीट सियासी पारा हाई है।

# 18 वर्ष पूरा करने वाले युवक - युवती मतदाता सूची में दर्ज कराएं अपना नाम



बोकारो (ससे): अगर आपकी उम्र १८ वर्ष है और आपका नाम मतदाता सूची में शामिल नहीं है,तो आपके पास एक और मौका है मतदाता सूची में अपना नाम जुड़वाने का। भारत निर्वाचन आयोग एवं मंत्रिमंडल निर्वाचन रांची के निर्देशानुसार एक अप्रैल २०२४ को १८ वर्ष पूरा करने वाले युवक - युवती व छूटे हुए आम जन अपना नाम मतदाता सूची में ऑनलाइन और ऑफलाइन दोनों माध्यमों से दर्ज करा सकते हैं।

लोकसभा आम निर्वाचन २०२४ लोकतंत्र के महापर्व में शामिल होने का यह आखिरी मौका है। संसदीय निर्वाचन क्षेत्र गिरिडीह एवं धनबाद लोकसभा क्षेत्र में नामांकन की आखिरी तिथि ०६ मई २०२४ एवं फॉर्म ६ प्राप्त करने की अंतिम तिथि २६ अप्रैल २०२४* है। यानि मतदाता सूची में नाम दर्ज कराने को लेकर मात्र ०४ दिन शेष है। आम जन ऑनलाइन और ऑफलाइन दोनों माध्यमों से अपना नाम मतदाता सूची में जुड़वा सकते हैं। ऑफलाइन माध्यम से मतदाता सूची में नाम जुड़वाने के लिए अपने नजदीकी मतदान केंद्र के बूथ लेवल आफिसर (बीएलओ) से संपर्क कर फॉर्म-६ भर सकते हैं। वहीं, ऑनलाइन माध्यम से मतदाता सूची में नाम जुड़वाने के लिए आम जन को उन्हें अपने स्मार्ट मोबाइल फोन के प्ले स्टोर से वोटर हेल्पलाइन एप डाउनलोड करना होगा या इंटरनेट ब्राउजर पर वोटर सर्विस पोर्टल पर जाकर मतदाता सूची में नाम दर्ज करने की कार्रवाई करनी होगी।

इसके अलावा विभिन्न सरकारी/निजी कार्यालयों में गठित वोटर एवरनेश फोरम एवं आरडब्ल्यूडी के सचीव को फार्म छह उपलब्ध करा सकते हैं। उनके द्वारा सक्षम कार्यालय से संपर्क कर मतदाता सूची में नाम दर्ज करने की कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी।

निर्वाचन संबंधित किसी भी सहायता - शिकायत के लिए आमजन टोल फ्री नंबर १९५० को डायल कर सकते हैं। जिले में यह सेवा सुबह ०९.०० बजे से रात्रि ०९.०० बजे तक संचालित है। यह सेवा मुफ्त है, इसका कोई शुल्क नहीं लगता है। मतदाता सूची में नाम जुड़वाने के लिए पासपोर्ट साइज फोटो,पहचान पत्र आधार कार्ड या कोई दूसरा पहचान पत्र, जहां रह रहे हैं वहां का प्रूफ जैसे बिजली का बिल या कोई दूसरा दस्तावेज, उम्र प्रमाण पत्र दसवीं कक्षा की मार्कशीट या जन्म प्रमाण पत्र जरूरी है।

लोकसभा आम निर्वाचन २०२४ के तहत आगामी २५ मई २०२४ को गिरिडीह एवं धनबाद लोकसभा क्षेत्र में मतदान होना है। ऐसे में मतदाताओं को मतदान करने से पहले मतदाता फोटो युक्त पहचान पत्र (ईपीक) प्रस्तुत करना होता है। यादि किसी कारणवश मतदाता मतदान केंद्र में ईपीक प्रस्तुत नहीं कर पाते हैं तो ऐसी स्थिति में मतदाता वैकल्पिक फोटो युक्त पहचान पत्र दिखाकर अपने मताधिकार का इस्तेमाल कर सकते हैं। भारत निर्वाचन आयोग द्वारा मतदान के लिए ईपीक के अलावा १२ अन्य वैकल्पिक दस्तावेज को मान्य किया गया है।

इसमें पासपोर्ट, ड्राइविग लाइसेंस, राज्य या केंद्र सरकार सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों/ पब्लिक लिमिटेड कंपनियों द्वारा अपने कर्मचारियों को जारी किए गए फोटोयुक्त सेवा पहचान पत्र, बैंकों या डाकघरों द्वारा जारी की गई फोटोयुक्त पासबुक, पेन कार्ड, राष्ट्रीय जनसंख्या रजिस्टर (एनपीआर) द्वारा जारी किए गए कार्ड, मनरेगा जॉब कार्ड, स्वास्थ्य बीमा स्मार्ट कार्ड (श्रम मंत्रालय), फोटोयुक्त पेंशन दस्तावेज,आधार कार्ड,सांसद/ विधायक पार्षद को जारी कार्ड एवं विशिष्ट दिव्यांगता पहचान पत्र (यूडीआइडी) शामिल है।

# डीपीएस में पृथ्वी दिवस पर संकल्पतरु का आयोजन




चास बोकारो (ससे): डीपीएस चास के प्राथमिक इकाई के छात्र-छात्राओं द्वारा पृथ्वी दिवस का उत्सव धूमधाम से मनाया गया। "एक पेड़ लगाओ, एक उपहार दो।" इसी थीम पर आधारित 'संकल्प तरु कार्यक्रम' का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में पर्यावरण संरक्षण के महत्व के प्रति बच्चों को जागरुक किया गया। छात्र-छात्राओं ने इस अवसर पर आयोजित विभिन्न कार्यक्रमों में भाग लिया और पर्यावरण संरक्षण के महत्व विशेष ध्यान दिया। इसके अवसर पर सुबह से ही विद्यालय में छात्र-छात्राओं ने वृक्षारोपण कार्यक्रम में सक्रिय रूप से भागीदारी निभाई और अपने विद्यालय परिसर में कई नए पेड़ भी लगाए।

उल्लेखनीय है कि ऐसे कार्यक्रम छात्रों को प्राकृतिक संसाधनों की महत्वपूर्णता को समझाने का अवसर प्रदान करते हैं और उन्हें पर्यावरण संरक्षण के लिए सक्रिय बनने की प्रेरणा देते है।

इस अवसर पर विद्यालय के विभिन्न कक्षा के छात्र-छात्राओं ने प्रतियोगिताओं और विशेष आयोजनों में भी भाग लिया, जिनमें पोस्टर बनाना, निबंध लेखन, और पर्यावरण संरक्षण पर प्रस्तुतियाँ शामिल थीं। बच्चों ने अपने विचारों और अवलोकनों को साझा किया और पर्यावरण संरक्षण के महत्व को जागरूक करने के लिए अपना योगदान दिया।

विद्यालय की चीफ मेंटर डॉ हेमलता एस मोहन ने प्राकृतिक संसाधनों की रक्षा करना और प्रकृति के साथ मिलकर एक स्वस्थ और समृद्ध समाज की दिशा में सक्रिय योगदान देने की प्रेरणा दी। पृथ्वी का संरक्षण सिर्फ एक दिन के लिए ही नहीं है, बल्कि यह हमारी दैनिक जीवनशैली का हिस्सा होना चाहिए। हमें स्वच्छता, प्रदूषण मुक्तता, और पर्यावरणीय उपायों के प्रति सचेत रहना चाहिए।

विद्यालय की प्रभारी प्रधानाचार्या दीपाली भुस्कुटे ने विद्यार्थियों को प्रकृति के संरक्षण में अपना योगदान देने और एक हरित, स्वच्छ, और सुंदर भविष्य की दिशा में कदम बढाने के लिए प्रेरित किया ।

विद्यालय की प्रधानाध्यापिका सुदेशना सिन्हा ने छात्र-छात्राओं को अपने पर्यावरण के प्रति सावधानी और समर्थन का दायित्व लेने का संकल्प करने के लिए प्रोत्साहित किया ।

# प्लास्टिक मुक्त व हरियाली युक्त भारत के निर्माण विषय पर संगोष्ठी का आयोजन

डुमरी (ससे): भारती हाई स्कूल में प्लास्टिक मुक्त भारत और हरियाली युक्त भारत के निर्माण विषय पर जागरूकता संगोष्ठी सह क्युज प्रतियोगिता का आयोजन ओल इंडिया रुब्बी सोशल सर्विस संस्था एवं पृथ्वी विज्ञान मंत्रालय भारत सरकार के संयुक्त तत्त्वधान मे प्राचर्य कि अध्यक्षता में किया गया।

कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि पारसनाथ महाविद्यालय इसरी बाजार के अर्थशास्त्र विभाग के विभाग अध्यक्ष प्रो गौतम कुमार सिंह एनएसएस पदाधिकारी डॉ शशि भूषण शिक्षक यशवंत सिन्हा,योगेश प्रसाद,विनोद अकेला मौलाना इसरायल, उपस्थित थे,कार्यक्रम की शुरुआत उपरोक्त अतिथियों ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया गया,कार्यक्रम के मुख्य अतिथि ने सभी छात्र-छात्राओं को प्लास्टिक से पृथ्वी पर होने वाले नुकसान को विस्तार से बतलाया.कहा कि मनुष्य जिस रफ्तार से प्लास्टिक का उपयोग कर रहा है वह धरती के लिए और मानव स्वास्थ्य के लिए खतरा है.अधिक पेड़ पौधे लगाकर पृथ्वी पर ग्लोबल वार्मिंग से बचा जा सकता है वहीं डॉ शशि भूषण ने कहा कि व्यक्ति जब बाजार जाए साथ में एक थैला लेकर चले और सामग्री को उस थैला में लेकर घर वापस आए,आज कोई भी सामान प्लास्टिक में लेकर जहां-तहां फेंक देते हैं जो पानी के बह कर नदी नालों के माध्यम से जलाशयों में जाता है जिससे वह ना सड़ता है और ना ही गलता है जबकि मिट्टी में दबने से मिट्टी में पानी का रिसाव कम कर देता है और बहुत लंबे समय तक वह जल के रिसाव को धरती से बंद कर देता है जो धरती के लिए नुकसानदेह है इसलिए हमें जितना भी प्लास्टिक है उसे डिस्ट्रॉय कर देना चाहिए नहीं तो वही प्लास्टिक को पशु भोजन के रूप में ले लेते हैं और उसके पेट में जाकर वह खतरनाक बीमारी पैदा करता है और समय रहते पशु काल के गाल में समा जाते हैं।

कार्यक्रम में उपस्थित छात्रों ने भी अपना विचार रखा कार्यक्रम में दिलकश प्रवीण पायल कुमारी अंजू कुमारी साक्षी कुमारी राखी कुमारी पूनम कुमारी प्रिया कुमारी नीलम कुमारी राजू कुमार राहुल कुमार सागर महतो नीतिश मंडल आदि ने भी संबोधित किया.क्विज प्रतियोगिता में जिन-जिन छात्रों ने भाग लिया उसमें प्रथम,द्वितीय एवं तृतीय आने वाले को प्राइज देकर सम्मानित किया गया.संचालन शिक्षक रीतलाल प्रसाद वर्मा व धन्यवाद ज्ञापन के साथ कार्यक्रम की समाप्ति की घोषणा कि गयी।

# बीजीएच में परिवार कल्याण दिवस का आयोजन

बोकारो (ससे): बोकारो जनरल हॉस्पिटल के स्त्री रोग और प्रसूति विभाग के परिसर में परिवार कल्याण दिवस का आयोजन डॉ वर्षा घनेकर के मार्ग दशन में किया गया. डॉ वर्षा घनेकर ने कहा कि प्रत्येक माह के २१ तारीख को परिवार कल्याण दिवस का आयोजन किया जायेगा जिससे कि अधिकाधिक लोग इस कार्यक्रम से लाभान्वित हो सकें. कार्यक्रम में डॉ जया अग्रवाल परिवार नियोजन प्रभारी बी जी एच के द्वारा परिवार नियोजन के सभी संसाधनों के बारे में विस्तृत जानकारी दी गयी. कार्यक्रम का सञ्चालन स्त्री रोग और प्रसूति विभाग की विभागाध्यक्ष डॉ अनिमा केरकेट्टा के द्वारा किया गया. उन्होंने यह सन्देश भी दिया कि स्वस्थ एवं सुखमय जीवन के लिए प्रत्येक परिवार में परिवार नियोजन आवश्यक है क्योंकि सीमित परिवार में महिलाएं और बच्चों का लालन -पालन करना आसान होता है और पूरा परिवार खुशहाल रहता है.

# पारसनाथ महाविद्यालय में संगोष्ठी का आयोजन

डुमरी (ससे): पारसनाथ महाविद्यालय इसरीबाजार में सोमवार को प्लास्टिक मुक्त भारत विषय पर जागरूकता संगोष्ठी सह क्युज प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। संचालन एनएसएस पदाधिकारी डॉ शशि भूषण ने किया। उन्होंने प्लास्टिक से पृथ्वी पर होने वाले नुकसान को विस्तार से बतलाया.कहा कि मनुष्य जिस रफ्तार से प्लास्टिक का उपयोग कर रहा है वह धरती के लिए और मानव स्वास्थ्य के लिए खतरा है.अधिक पेड़ पौधे लगाकर पृथ्वी पर ग्लोबल वार्मिंग से बचा जा सकता है वहीं प्राचार्य मनोज कुमार मिश्रा ने कहा कि व्यक्ति जब बाजार जाए साथ में एक थैला लेकर चले और सामग्री को उस थैला में लेकर घर वापस आए,आज कोई भी सामान प्लास्टिक में लेकर जहां-तहां फेंक देते हैं जो पानी के बह कर नदी नालों के माध्यम से जलाशयों में जाता है जिससे वह ना सड़ता है और ना ही गलता है जबकि मिट्टी में दबने से मिट्टी में पानी का रिसाव कम कर देता है और बहुत लंबे समय तक वह जल के रिसाव को धरती से बंद कर देता है जो धरती के लिए नुकसानदेह है इसलिए हमें जितना भी प्लास्टिक है उसे डिस्ट्रॉय कर देना चाहिए नहीं तो वही प्लास्टिक को पशु भोजन के रूप में ले लेते हैं और उसके पेट में जाकर वह खतरनाक बीमारी पैदा करता है और समय रहते पशु काल के गाल में समा जाते हैं कार्यक्रम में उपस्थित छात्रों ने भी अपना विचार रखा,इस दौरान क्वीज प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में यशवंत सिन्हा, योगेश प्रसाद, मौलाना इसरायल, कुबेर प्रसाद, मोहम्मद आसीफ, मेघलाल महतो, डेगनारायण महतो आदि उपस्थित थे।

## छात्रों को कृमि नाशक दवाई दी गई

सरायकेला-खरसावां (ससे): राष्ट्रीय कृमि मुक्ति अभियान के तहत सरायकेला-खरसावां अंतर्गत काशी साहू कॉलेज में सोमवार को कैंप लगाकर १९ साल से कम उम्र वाले छात्र-छात्राओं को कृमि नाशक दवाई एल्बेंडाजोल दिया गया। स्वास्थ्य विभाग द्वारा जिले के सरकारी- गैर सरकारी स्कूल- कॉलेज एवं आंगनबाड़ी केंद्रों में राष्ट्रीय कृमि मुक्ति अभियान चलाई जा रही है ।इसी क्रम में काशी साहू कॉलेज में सोमवार को चिकित्सा पदाधिकारी डॉक्टर विशाल के नेतृत्व में छात्र एवं छात्राओं के लिए दो टीम बनाकर १९ साल से कम उम्र वाले सभी छात्रों को कृमि नाशक दवाई दी गई।

## सड़क हादसे में पति की मौत, पत्नी घायल

जमुआ / गिरिडीह (ससे): जमुआ थाना क्षेत्र में सोमवार अहले सुबह हुए दर्दनाक सड़क हादसे में पति की दर्दनाक मौत हो गई जबकि पत्नी गंभीर रूप से घायल है। मृतक नगर थाना क्षेत्र के भंडारीडीह मवेशी अस्पताल के पास रहने वाला बिनोद चौधरी था जबकि घायल मृतक की पत्नी मीरा देवी है घटना की सूचना पर जमुआ थाना पुलिस मौके पर पहुंची और चारपहिया वाहन और स्कूटी को कब्जे में ले लिया वहीं जमुआ पुलिस द्वारा शव को पोस्टमॉर्टम के लिए गिरिडीह सदर अस्पताल भेज दिया गया घटना को लेकर मृतक के भाई गुड्डु चौधरी ने बताया कि उसके भैया भाभी स्कूटी से शादी समारोह में शामिल होकर वापस घर लौट रहे थे इसी दौरान जमुआ सुबह करीब साढ़े ६ बजे एक चारपहिया वाहन ने स्कूटी में जोरदार टक्कर मार दी घटना में उसके भैया की मौत हो गई जबकि घायल भाभी का इलाज कोर्ट रोड स्थित नवजीवन नर्सिंग होम में चल रहा है घटना के बाद परिजनों का रो रोकर बुरा हाल है।

# सोशल मीडिया साइट्स के माध्यम से व्यापक जन जागरूकता अभियान चलाने का निर्देश

गिरिडीह (ससे): लोकसभा आम निर्वाचन व ३१ गांडेय विधानसभा उप चुनाव २०२४ के सफल क्रियान्वयन को लेकर आज जिला निर्वाचन पदाधिकारी, नमन प्रियेश लकड़ा ने अपने कार्यालय प्रकोष्ठ में मीडिया कोषांग/ स्वीप सेल/ सोशल मीडिया सेल/ लॉजिस्टिक सेल/ पीडब्ल्यूडी कोषांग द्वारा किए जा रहे कार्यों की समीक्षात्मक बैठक आयोजित की। बैठक में मुख्य रूप से उप निर्वाचन पदाधिकारी, प्रभारी पदाधिकारी, स्वीप कोषांग/ मीडिया कोषांग, सहयोगी पदाधिकारी, मीडिया कोषांग/ स्वीप कोषांग समेत मीडिया कोषांग/ स्वीप कोषांग के अधिकारी उपस्थित थे।

बैठक में जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने बताया कि वर्तमान समय में सोशल मीडिया आमजनों तक पहुंचने का एक प्रभावशाली माध्यम है, ऐसे में जिले के सोशल मीडिया इंफ्लूएंसर्स की भूमिका अहम मानी गई है। साथ ही सोशल मीडिया के विभिन्न प्लेटफार्म यथा फेसबुक, द, यूट्यूब एवं इंस्टाग्राम माध्यमों से मतदाताओं से सम्पर्क स्थापित कर उन्हें अपने मताधिकार के पूर्ण प्रयोग हेतु प्रेरित किया जाय ताकि हर एक मतदाता जागरूक दृष्टिकोण अपनाकर अपने मत का दान करें। साथ ही मतदाता जागरूकता से संबंधित रील्स, फिल्म, पोस्टर एवं गीत के माध्यम से सोशल मीडिया प्लेटफार्म पर लोगों को जागरूक किया जाय। मौके पर निर्देशित किया गया कि ज्यादा से ज्यादा कार्यक्रम आयोजित कर मतदाताओं को शिक्षित करने के प्रयास किये जाय इससे मतदान प्रतिशत में बढ़ोतरी होगी और एक सशक्त लोकतंत्र की ओर हमारा सक्रिय प्रयास सफल होगा। बैठक में जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने सभी कोषांगो द्वारा किए जा रहे कार्यों की विस्तृत जानकारी प्राप्त की तथा सभी संबंधित अधिकारियों को उनके दायित्व के संबंध में आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए। इस दौरान जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने कोषांगवार सभी एजेंडों पर चर्चा किए। उन्होंने सोशल मीडिया साइट्स के माध्यम से व्यापक जन जागरूकता अभियान चलाने का निर्देश दिया। इसके अलावा उन्होंने नोडल पदाधिकारी, स्वीप कोषांग को निर्देश दिया कि वोटर अवेयरनेस फोरम के तहत ज्यादा से ज्यादा लोगों का फॉर्म ०६ भरवाएं।

साथ ही कम परसेंटेज वाले मतदान केंद्रों मतदाता हेतु जन जागरूकता कार्यक्रम करें ताकि लोगों को निर्वाचन प्रणाली व मतदान के महत्व के प्रति जागरूक किया जा सकें। इसके साथ ही जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने निर्देश दिया कि सभी बूथ अवेयरनेस ग्रुप की बैठक आयोजित करें। साथ ही इ-ऋ के माध्यम से क्षेत्र के मतदाताओं को जागरूक करें।

उन्होंने निर्देश दिया कि संबंधित क्षेत्र के सुदूर इलाकों में पहुंचकर मतदाताओं को जागरूक किया जाय। इसके अलावा नगर निगम के कर्मियों, बीएलओ, पर्यवेक्षक से समन्वय स्थापित कर ज्यादा से ज्यादा संख्या में फॉर्म ०६ भरवाएं। साथ ही नगर निगम की गाड़ियों में जिंगल लगाने का निर्देश दिया गया। इसके अलावा उन्होंने कहा कि सभी सिनेमा हॉल में सीईओ झारखंड द्वारा जारी वीडियो का व्यापक प्रचार प्रसार सुनिश्चित कराएंगे। साथ ही सभी जन जागरूकता अभियान में मतदाताओं को वोटर हेल्पलाइन ऐप, १९५०, ऐप और फेक न्यूज की पहचान हेतु वेबसाइट आदि की भी जानकारी उपलब्ध कराएं। इसके अलावा उन्होंने पीडब्ल्यूडी कोषांग की समीक्षा कर पीडब्ल्यूडी की उपलब्धता, रैंप समेत अन्य मूलभूत सुविधाओं आदि की उपलब्धता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए।

## पृष्ठ एक का शेषांश

### गृहमंत्री शाह की---

उखाड़ फेंकेंगे। उन्होंने नक्सलियों को आत्मसमर्पण करने की भी सलाह दी और साथ ही चेतावनी देते हुए कहा, कि अन्यथा वे लड़ाई के लिए तैयार रहें। उन्होंने कहा विश्वास दिलाया कि जल, जंगल जमीन के साथ आदिवासियों की सुरक्षा और सम्मान की गारंटी भी प्रधानमंत्री मोदी देते हैं। संसाधन पर पहला हक आदिवासियों और गरीबों का है, लेकिन कांग्रेस की सोच इससे अलग है।

### इंडी गठबंधन की नजर--

रही है। कांग्रेस यहां तक जाएगी कि आपके गांव में पैतृक घर है, तो यह लोग उसे दो घर बताकर छीन लेंगे। कांग्रेस के लोग कहेंगे कि आपके पास गांव में तो एक घर पहले से ही है। इनकी यह सोच माओवादियों और कम्युनिस्टो की सोच है। कांग्रेस और इंडी गठबंधन इसे भारत में लागू करना चाहती है।

पीएम ने कहा कि अलीगढ़ में डिफेंस कॉरिडोर बन गया है। जो लोग सीएम योगी की पहचान बुलडोजर से करते हैं। उनकी आज आंखें खोलना चाहता हूं। यूपी में औद्योगिक क्रांति आई है। इतना उद्योग कहीं नहीं लगा है। काशी के सांसद के नाते मैं यह जानता हूं कि योगीजी मेरे भी माननीय मुख्यमंत्री हैं। मुझे गर्व होता है कि इन्होंने इतना काम किया। ब्रह्मोस मिसाइल की खेप फिलीपींस को निर्यात की है। आने वाले दिनों में यह घातक मिसाइल हमारे यूपी में बनेगी। अलीगढ़ में यही ब्रह्मोस मिसाइल बनें तो किसे गर्व नहीं होगा। सभी को होगा। आपके काम को बढ़ावा मिले। अलीगढ़ के ताले हों या हाथरस की हींग, सभी के लिए भाजपा सरकार हाथ बढ़ा रही है।

पीएम ने कहा- कांग्रेस और इंडी गठबंधन के एक और खतरनाक इरादे से आपको अगाह कर रहा हूं। इनकी नजर अब आपकी कमाई पर है। आपकी संपत्ति पर है। कांग्रेस के शहजादे का कहना है कि उनकी सरकार आई तो कौन कितना कमाता है। किसके पास कितनी प्रॉपर्टी है। किसके पास कितना धन है। किसके पास कितने मकान हैं। उसकी जांच कराएंगे। इतना ही नहीं, वो आगे कहते हैं कि यह जो संपत्ति है उनको सरकार अपने कब्जे में लेकर सभी को बांट देगी। अब आप लोग सोचिए, हमारी माता-बहनों के पास सोना होता है। वह पवित्र माना जाता है। स्त्री धन होता है। कानून भी उसकी सुरक्षा करता है। अब इनकी नजर इस पर भी है। महिलाओं के मंगलसूत्र पर भी इनकी नजर है। माता-बहनों का सोना चुराने के लिए यह सर्वे कराना चाहते हैं।

### अब भारतीय सेना हवाई---

रेंज एयर डिफेंस सिस्टम को चीन और पाकिस्तान सीमा पर तैनात किया जाना है. इसके कई सफल परीक्षण हो चुके हैं। वेसहोरडएयर डिफेंस सिस्टम रूस के एस-४०० जैसा है। अभी तक इसे जमीन पर रखे मैन पोर्टेबल लॉन्चर से दागा जाता था। अब इस लॉन्चर को ट्रक, बख्तरबंद वाहन, टैंक आदि पर भी लगा सकते हैं।

### सियाचिन पहुंचे रक्षा मंत्री---

सशस्त्र बलों का हमेशा ऋणी रहेगा क्योंकि उनके बलिदान के कारण हर नागरिक सुरक्षित महसूस करता है। उन्होंने कहा, हम शांतिपूर्ण जीवन जी रहे हैं, क्योंकि आश्वस्त हैं कि हमारे बहादुर सैनिक सीमाओं पर दृढ़ता से खड़े हैं। आने वाले समय में जब राष्ट्रीय सुरक्षा का इतिहास लिखा जाएगा, तब बर्फीले ठंडे ग्लेशियर में हमारे सैनिकों की बहादुरी और इच्छाशक्ति के कार्यों को गर्व के साथ याद किया जाएगा। यह हमेशा आने वाली पीढ़ियों के लिए प्रेरणा बना रहेगा। राष्ट्र ने हाल ही में ऑपरेशन मेघदूत की सफलता की ४०वीं वर्षगांठ मनाई है।

रक्षा मंत्री ने १३ अप्रैल १९८४ को सियाचिन में भारतीय सेना द्वारा शुरू किए गए इस ऑपरेशन को देश के सैन्य इतिहास का सुनहरा अध्याय बताया। उन्होंने कहा, 'ऑपरेशन मेघदूत की सफलता हम सबके लिए गर्व की बात है।'

इस मौके पर रक्षा मंत्री ने मातृभूमि की सेवा में सर्वोच्च बलिदान देने वाले बहादुरों को सियाचिन युद्ध स्मारक पर पुष्पांजलि अर्पित कर श्रद्धांजलि दी।

गौरतलब है कि श्री सिंह ने २४ मार्च २०२४ को लेह का दौरा कर सैनिकों के साथ होली मनाई थी। उनका सियाचिन जाने का कार्यक्रम था, लेकिन मौसम की प्रतिकूल परिस्थितियों के कारण इस स्थगित कर दिया गया था।

### भारत में दुनिया की 17 प्रतिशत---

प्रयोग होता है। यह ट्रेंड २०२५ से लेकर २०५० तक भी जारी रहने का अनुमान है।

**कुशल सिंचाई के द्वारा जल बचाने की जरूरत-** भारत के कुल फसल उत्पादन का ९० प्रतिशत हिस्सा ३ प्रमुख फसलों- धान, गन्ना और गेहूं का है। देश के अधिकांश किसान सतही सिंचाई का इस्तेमाल करते हैं, जिसमें जल उपयोग की दक्षता ३५ प्रतिशत ही होती है। रिपोर्ट में कहा गया है कि अगर सिंचाई जल का दक्षता से उपयोग किया जाए, तो २० प्रतिशत पानी को बचा सकते हैं। एडवांस वाटर इफिशिएंसी इन इंडियन एग्रीकल्चर रिपोर्ट के अनुसार, भारत में दुनिया की १७ प्रतिशत आबादी है, लेकिन हमारे पास दुनिया के पानी के सिर्फ ४ प्रतिशत संसाधन ही हैं। प्रति व्यक्ति जल की उपलब्धता को मापने वाले फ्लेंकेनमार्क इंडेक्स के मुताबिक प्रति व्यक्ति १७०० क्यूबिक मीटर से कम पानी वाले इलाकों को जल संकट से ग्रस्त माना गया है। इस इंडेक्स के हिसाब से ७६ प्रतिशत भारतीयों के पास अभी भी पर्याप्त पानी उपलब्ध नहीं है।

### बंगाल में 24 हजार शिक्षकों--

मामले में मनी ट्रेल की जांच शुरू की थी। सीबीआई ने इस मामले में १८ मई को पार्थ चटर्जी से पूछताछ भी की थी। ईडी ने २३ जुलाई २०२२ को पार्थ को शिक्षक भर्ती घोटाले में मनी लॉन्ड्रिंग के आरोप में कोलकाता के सरकारी आवास से गिरफ्तार किया था। पार्थ पर आरोप है कि मंत्री रहते हुए उन्होंने नौकरी देने के बदले गलत तरीके से पैसे लिए। पार्थ की गिरफ्तारी के ५ दिन बाद ममता बनर्जी ने उन्हें कैबिनेट से बर्खास्त कर दिया था। इस मामले में १६ फरवरी २०२४ तक पार्थ चटर्जी के करीबियों के ठिकानों पर ईडी ने छापेमारी की थी। ईडी ने २२ जुलाई, २०२२ को पार्थ चटर्जी के ठिकानों समेत १४ जगहों पर छापेमारी की थी।

इस दौरान घोटाले में बंगाल की एक मॉडल अर्पिता मुखर्जी से जुड़ी जानकारी भी सामने आई। छापेमारी के दौरान अर्पिता मुखर्जी की प्रॉपर्टी के दस्तावेज मिले थे। इसके बाद ईडी ने अर्पिता के घर पर छापा मारा। अर्पिता के फ्लैट से करीब २१ करोड़ रुपए कैश, ६० लाख की विदेशी करेंसी, २० फोन और अन्य दस्तावेज मिले। २४ जुलाई को ईडी ने अर्पिता और पार्थ को गिरफ्तार कर लिया। इसके बाद एक और छापेमारी में अर्पिता के घर से २७.९ करोड़ रुपए कैश मिला। इसमें २००० रुपए और ५००० रुपए के नोटों के बंडल थे। इसके अलावा ४.३१ करोड़ रुपए का गोल्ड मिला। इसमें १-१ किलो की ३ सोने की ईंटें, आधा-आधा किलो के ६ सोने के कंगन और अन्य ज्वेलरी शामिल हैं।

# ईवीएम-वीवीपैट का होगा पहला रेंडमाइजेशन कल



**बोकारो (ससे):** समाहरणालय स्थित कार्यालय कक्ष में सोमवार को लोकसभा आम निर्वाचन २०२४ के स्वतंत्र, निष्पक्ष, पारदर्शी एवं शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने को लेकर जिला निर्वाचन पदाधिकारी (डीईओ) सह उपायुक्त (डीसी) विजया जाधव ने स्टैंडिंग कमेटी की बैठक की। बैठक में कमेटी के सदस्यगण समेत विभिन्न राजनीतिक पार्टियों के प्रतिनिधि उपस्थित थे।

मौके पर जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त ने राजनीतिक पार्टियों के प्रतिनिधियों को भारत निर्वाचन आयोग द्वारा विभिन्न राजनीतिक दलों के लिए जारी दिशा - निर्देश से अवगत कराया। इस दौरान लोकसभा आम निर्वाचन २०२४ के तहत ०६ गिरिडीह लोकसभा क्षेत्र के लिए मतदान कर्मियों की डिस्पैच सेंटर (रवानगी केंद्र) एवं ईवीएम की रिसिविंग सेंटर (प्राप्ति केंद्र)/ काउंटिंग सेंटर (मतगणना केंद्र) चिन्हित भवन/परिसर की जानकारी दी गई। उन्होंने बताया कि सामग्री-ईवीएम को साथ लेकर मतदान कर्मियों की रवानगी को ले डिस्पैच सेंटर के लिए बीएस सिटी के सेक्टर ०८ स्थित बोकारो इस्पात सीनियर सेकेंडरी हाई स्कूल को निर्धारित किया गया है। वहीं, मतदान के बाद ईवीएम के रिसिविंग सेंटर/ काउंटिंग सेंटर के लिए आइटीआइ मोड़, बाजार समिति को निर्धारित किया गया है।

बताया कि लोकसभा आम निर्वाचन में इस्तेमाल होने वाले ईवीएम-वीवीपैट का पहला रेंडमाइजेशन आगामी २४ अप्रैल अपराह्न ०३ बजे से होगा। उक्त तिथि/समय को प्रथम रेंडमाइजेशन के समय तथा वज्रगृह को खोलने एवं बंदकर सील करने के समय आप सबों की उपस्थिति अनिवार्य है।

मौके पर उप विकास आयुक्त संदीप कुमार,सहायक निर्वाची पदाधिकारी सह एसडीओ चास ओम प्रकाश गुप्ता, सहायक निर्वाची पदाधिकारी सह एसडीओ बेरमो अशोक कुमार, उप निर्वाचन पदाधिकारी प्रतिभा कुजूर, ईवीएम कोषांग के नोडल मो. सफीक आलम, ईवीएम कोषांग के पियूष, मीडिया कोषांग के अविनाश कुमार समेत विभिन्न राजनीतिक पार्टियों (झारखंड मुक्ति मोर्चा, भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस पार्टी, भारतीय जनता पार्टी, राष्ट्रीय जनता दल, आम आदमी पार्टी, आजसू आदि) के प्रतिनिधि उपस्थित थे।

# झारखण्डधाम को अतिक्रमण मुक्त करने के लिए उपायुक्त को लिखा पत्र

**जमुआ/गिरिडीह (ससे):** राष्ट्रीय मानवाधिकार अपराध नियंत्रण ब्यूरो (एन एच आर सी सी बी ) झारखंड के द्वारा गिरिडीह के उपायुक्त को पत्र लिखकर झारखण्डधाम को अतिक्रमण मुक्त करने का आग्रह किया है।पत्र में कहा गया है कि झारखंड धाम देवस्थान खाता संख्या १३, प्लॉट संख्या ७५८ रकवा १४.२० डिसमिल है जो सर्वे खतियान मे गैरमजुरवा आम है। हकियत में महादेव जमीन हकियत दर्ज किया गया है। कोलम में झारखंडी महादेव स्थान वर्णित है। जिस पर वर्षो से मेला लगता है।

फिलहाल बाउंड्री वॉल दिया गया है। मंदिर परिसर में सैकड़ो व्यक्तियों द्वारा अवैध कब्जा कर निजी दुकान संचालित कर रहे हैं। जिससे झारखंड धाम आने वाले श्रद्धालुओं के साथ आए परेशानियो का सामना करना पड़ रहा है। साथ ही अवैध दुकानों के संचालन से सरकार को आर्थिक राजस्व की क्षति भी हो रही है।

मांग किया गया है कि झारखंडधाम परिसर को अतिक्रमण मुक्त करने का नोटिस देकर सभी दुकानों को खाली करवाया जाए। बाबा बासुकीनाथ जैसा लाइन सिस्टम निर्माण कराया जाए जिससे श्रद्धालुओं को असुविधा नहीं होती। कहा गया है कि अतिशीघ्र मंदिर परिसर भूमि पैमाइस कर परिसीमन करते हुए मंदिर के अंदर अवैध कब्जाधारियों से मुक्त कराई जाए तथा मंदिर परिसर से मुख्य मार्ग तक कॉरिडोर की व्यवस्था कराई जाए। मंदिर परिसर में सोलर लाइट, स्ट्रीट लाइट, पेयजलापूर्ति, नाली की व्यवस्था, तथा शिव गंगा की सफाई और शिव गंगा के चारों तरफ वृक्षारोपण की जाए। शिव गंगा के चारो और शौचालय तथा स्नानागार की व्यवस्था कराई जाए। महिला एवं पुरुषों के लिए अलग से धर्मशाला की व्यवस्था कराई जाए। चुकी बाबा मंदिर परिसर जमुआ प्रखंड थाना से करीब २५ किलोमीटर, धनवार थाना से लगभग १५ किलोमीटर, हीरोडीह थाना से करीब १५ किलोमीटर, बिरनी थाना से लगभग ३० किलोमीटर की दूरी पर स्थित है। यहां श्रद्धालुओं की सुरक्षा हेतु एक पुलिस चौकी तथा प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र की व्यवस्था अनिवार्य है। ऐसा इसलिए कि प्रत्येक सोमवार, पूर्णिमा, शिवरात्रि मेला में हजारो, लाखों की भीड़ होती है। राष्ट्रीय मानवाधिकार के प्रदेश उपाध्यक्ष सिकन्दर वर्मा ने देवघर की तर्ज पर मन्दिर की विकास की मांग पत्र के माध्यम से किया है।

## भारी मात्रा में अवैध विदेशी शराब जब्त



**बोकारो (ससे):** जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त विजया जाधव द्वारा लोकसभा आम निर्वाचन २०२४ के मद्देनजर अवैध शराब व्यापार के विरुद्ध सघन छापामारी अभियान चलाने का निर्देश प्राप्त है। इसी के आलोक में सहायक आयुक्त उत्पाद को प्राप्त गुप्त सूचना के आधार पर निरीक्षक उत्पाद सदर के पर्यवेक्षण में एक छापामारी टीम का गठन किया गया।

टीम एवं प्रतिनियुक्ति गृहरक्षकों के द्वारा सोमवार को चतरोचट्टी थाना अन्तर्गत चिंद्री गांव में जागो साव,छोटन साव, राजेंद्र साव के घर पर छापेमारी की गई। विधिवत तलाशी के क्रम में घर से भारी मात्रा में विदेशी शराब, खाली बोतल, लेबल एवं ढक्कन बरामद हुआ। संबंधित अभियुक्तों जागो साव, छोटन साव, राजेंद्र साव के विरुद्ध उत्पाद अधिनियम की सुसंगत धाराओं के तहत अभियोग दर्ज कर कार्रवाई की जा रही है। मौके से टीम ने विदेशी शराब २९८ लीटर, खाली बोतल १५०० पीस, ढक्कन ११०० पीस एवं लेबल ५०० पीस को जब्त किया है। छापेमारी दल में निरीक्षक उत्पाद संजीत देव, अवर निरीक्षक सदर कृष्णा प्रजापति, अवर निरीक्षक उत्पाद तेनुघाट दीपिका कुमारी, प्रतिनियुक्त गृहरक्षक आदि शामिल थे। जानकारी हो कि लोकसभा आम निर्वाचन २०२४ एवं रामनवमी पर्व को लेकर बोकारो जिला प्रशासन अलर्ट मोड पर है। उपायुक्त बोकारो ने सहायक आयुक्त उत्पाद को लगातार अभियान चलाकर अवैध शराब के निर्माण - बिक्री पर प्रभावी कार्रवाई करने का निर्देश दिया है।

## अर्जुन मुंडा और कालीचरण मुंडा आज करेंगे नामांकन

**खूंटी (ससे):** लोकसभा चुनाव के सिलसिले में खूंटी से भाजपा प्रत्याशी सह केन्द्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा आज नामांकन दाखिल करेंगे। इस मौके पर रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह समेत पार्टी के कई वरिष्ठ नेता मौजूद रहेंगे। श्री मुंडा पहले कर्रा के सोनेमेर मंदिर और आम्रेश्वर धाम में पूजा अर्चना करेंगे उसके बाद समाहरणालय में नामजदगी का पर्चा दाखिल करेंगे । नामांकन के मद्देनजर शक्ति प्रदर्शन के तौर पर रोड शो का कार्यक्रम प्रस्तावित है ।

खूंटी लोकसभा सीट के लिए कांग्रेस के कालीचरण सिंह मुंडा भी आज ही नामांकन दाखिल करेंगे। नामांकन को लेकर इंडी गठबंधन के नेता और कार्यकर्ता के जुटान की संभावना है । इधर कालीचरण सिंह मुंडा ने कहा है कि पिछले पांच वर्षों में भाजपा ने खूंटी लोकसभा को कुछ नहीं दिया। उन्होंने कहा कि यहां वर्तमान सांसद का कोई कार्य क्षेत्र में नहीं दिखता है। गौरतलब है कि लोकसभा चुनाव के चौथे चरण के लिए सिंहभूम, खूंटी, पलामू और लोहरदगा सीट के लिए नामांकन प्रक्रिया जारी है । १३ मई को होनेवाले मतदान को लेकर नामांकन कार्य में तेजी आ गयी है।



भारत निर्वाचन आयोग द्वारा घोषित तय कार्यक्रमों के अनुसार इन चारों सीटों पर प्रत्याशी २५ अप्रैल तक नामजदगी का पर्चा दाखिल कर सकते हैं, जबकि नामांकन पत्रों की जांच २६ अप्रैल को होगी। वहीं प्रत्याशी २९ अप्रैल तक अपने नाम वापस ले सकेंगे, जबकि मतों की गिनती चार जून को होगी।

## युवक ने पिता व दो भाभियों की हत्या की, आरोपी गिरफ्तार

**लातेहार (ससे):** लातेहार जिल के सरयू प्रखंड के चोरहा पंचायत के डबरी गांव ने एक युवक ने कुल्हाड़ी से प्रहार के पिता व दो भाभियों की हत्या कर दी।इस घटना में दो अन्य घायल भी हुए हैं, जिनका इलाज सदर अस्पताल लातेहार में चल रहा है। इसकी पुष्टि जिले के पुलिस अधीक्षक अंजनी अंजन ने की है।

उन्होंने बताया कि आरोपी रंजन उरांव ने पारिवारिक विवाद में कुल्हाड़ी से हमला कर तीन की हत्या कर दी, वहीं दो को घायल कर दिया है। मरने वालों में रंजन उरांव के पिता सुरजा उरांव, भाभी अनूपा देवी व मंसूरिया देवी शामिल है। घायलों में उसकी पत्नी हीरामुनी देवी और चचेरे भाई अमलेश उरांव शामिल है। आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है।

## पति ने की पत्नी की हत्या, गिरफ्तार

**पाकुड़ (ससे):** पाकुड़ अंतर्गत मालपहाड़ी आउटपोस्ट के खपड़ाजोला गांव में पति ने पत्नी की गला दबाकर हत्या कर दी। हत्यारोपी मताल हेम्ब्रम को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। मिली जानकारी के मुताबिक मताल हेम्ब्रम का अपनी पत्नी अनिता मुर्मू के साथ किसी बात को लेकर विवाद हो गया और इसी दौरान दुपट्टा से गला दबाकर मताल ने अपनी पत्नी की हत्या कर दी। मामले की जानकारी मिलते ही पुलिस घटनास्थल पर पहुंचे और हत्यारोपी को गिरफ्तार कर लिया।

## अवैध लॉटरी बरामद

**पाकुड़ (ससे):** गुप्त सूचना पर मुफस्सिल थाना क्षेत्र के अंजना में पुलिस ने छापेमारी कर भारी मात्रा में अवैध लॉटरी बरामद किया है।छापेमारी के दौरान एक लैपटॉप,२ प्रिंटर एक कटिंग मशीन एवं तेरह हजार ९५० पीस अवैध लॉटरी ज़ब्त किया है। छापेमारी का नेतृत्व कर रहे पुलिस निरीक्षक अजय कुमार ठाकुर ने बताया कि अंजना गांव निवासी बाबर शेख के घर मे छापेमारी की गयी।

## गीता कोड़ा ने नामांकन पत्र दाखिल किया

**चाईबासा (ससे):** भाजपा प्रत्याशी गीता कोड़ा ने सोमवार को सिहंभूम लोकसभा सीट के लिए नामांकन पत्र दाखिल किया किया। इस मौके पर प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी और राज्यसभा सांसद प्रदीप वर्मा समेत पार्टी के कई वरीय नेता मौजूद थे। नामजदगी का पर्चा दाखिल करने के बाद उन्होंने राज्य सरकार पर जमकर हमला बोला और लोगों से उन्हें वोट देने की अपील की। इस दौरान एक जनसभा का भी आयोजन हुआ जिसे संबोधित करते हुए प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने कहा कि पिछले चुनाव में राज्य में एनडीए ने बारह सीटें जीती थी और इस बार सभी चौदह सीटें जीतेगी। मौके पर राज्यसभा सांसद प्रदीप वर्मा और प्रदेश प्रवक्ता जेबी तुबिद समेत कई वरिष्ठ नेता मौजूद थे। चाईबासा सीट से झामुमो ने जोबा मांझी को उम्मीदवार बनाया है, जो आज नामांकन दाखिल करेंगी।

## पृथ्वी दिवस पर जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन

**गुमला (ससे):** झालसा रांची के निर्देश पर सोमवार को २२ ऑब्जरवेशन होम गुमला में प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकार गुमला ध्रुव चंद्र मिश्र के उपस्थिति में पृथ्वी दिवस पर जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकार गुमला ने कहा की प्रत्येक वर्ष २२ अप्रैल को पृथ्वी दिवस मनाया जाता है । प्रत्येक व्यक्ति जन्म से लेकर मृत्यु तक पृथ्वी पर आश्रित रहता है , मनुष्य को जीवन जीने के लिए भोजन आवास कपड़े एवं अन्य संसाधन पृथ्वी से ही प्राप्त होते हैं इसलिए हमें यह कोशिश करनी चाहिए कि कम से कम संसाधनों का प्रयोग करें एवं अन्यत्र कूड़ा कचरा को नहीं फेंके । हमें ज्यादा से ज्यादा पेड़ लगाना चाहिए जिससे पृथ्वी का वातावरण संतुलित रहे एवं स्वच्छ हवा की प्राप्ति होती रहे।

## अवैध आर्म्स रखने के तीन आरोपियों को चार साल का सश्रम कारावास

**गढ़वा (ससे):** व्यवहार न्यायालय गढ़वा में सोमवार को मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी कुमार विपुल की अदालत में अवैध रूप से आर्म्स रखने के आरोप में तीन आरोपियों को चार-चार साल का सश्रम कारावास एवं १०-१० हजार रूपये आर्थिक जुर्माना की सजा सुनाई गई है । सभी आरोपी गढ़वा थाना क्षेत्र के हंसकेर व लोटो गांव के रहनेवाले हैं । इसमें रवि तिवारी, अतुल धर दुबे एवं अंजन उर्फ अशीषधर दुबे शामिल हैं ।

विदित हो कि गढ़वा थाना कांड संख्या २९३/२०२३ में उन लोगों के विरुद्ध आरोप लगाया गया है कि दिनांक २८ जून २०२३ को गढ़वा पुलिस सुबह गश्ती दल में थी । उसी क्रम में थाना प्रभारी गढ़वा के द्वारा करीब ९:४५ बजे दूरभाष से सूचना दिया गया कि पचपड़वा के तरफ लूट कांड हुआ है । इस संदर्भ में कांड संख्या २९२/२०२३ दिनांक २८ जून २०२३ में धारा ३९४ के तहत प्राथमिकी दर्ज किया की गयी थी ।

इसके बाद इस मामले में पुलिस त्वरित कारवाई करते हुये लूटेरों को पकड़ने के लिये घेराबंदी की थी , इसी क्रम में ग्रामीणों की सूचना पर कोरवाडीह के तरफ से एक काला रंग का स्कॉर्पियो आते देख पुलिस ने उसे रोकने का प्रयास किया था लेकिन पुलिस को देखकर गाड़ी से तीन व्यक्ति भागने लगे । इसमें से एक व्यक्ति को पुलिस ने दौड़कर पकड़ लिया जबकि दो व्यक्ति जंगल-झाड़ी का लाभ उठाकर भागने में सफल रहे थे । पकड़े गए व्यक्ति के नाम-पता पूछने पर उसने अपना नाम रवि तिवारी बताया ।

उसके पास से तलाशी के क्रम में उसके बाएं कमर से एक देसी पिस्टल मैगजीन के साथ लोडेड बरामद हुआ था ।

मैगज़ीन निकालने पर दो मैगजीन में से पांच राउंड जिंदा कारतूस एवं उसके पॉकेट से ५०० रूपये का ८० नोट बरामद हुआ । तलाशी के दौरान गाड़ी के पीछे सीट से एक काला रंग का प्लास्टिक में एक देशी पिस्तौल लोडेड बरामद भी बरामद हुआ । पूछने पर कोई संतोषजनक जवाब नहीं दिए जाने पर भागने वाले व्यक्ति के नाम पूछने पर उनके द्वारा अतुल धरदुबे एवं अनजान धरदुबे बताया गया । उसके स्वीकारोक्ति बयान के आधार पर उन लोगों को भी अभियुक्त बनाया गया था और रवि तिवारी को न्यायिक हिरासत में भेजा गया ।

बाद में अन्य दो आरोपियों को भी गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया । इसके बाद पुलिस के द्वारा अनुसंधान प्रारंभ कर सभी के विरुद्ध आरोप पत्र समर्पित किया गया था ।

तत्पश्चात न्यायालय द्वारा संज्ञान लेते हुए आरोपियों के विरूद्ध आरोप गठन कर अभियोजन पक्ष की ओर से साक्षियों का साक्ष्य प्रस्तुत किया गया। न्यायालय के द्वारा आरोपियों को बयान दर्ज करते हुए उपलब्ध दस्तावेज एवं सबूत के आधार पर दोषी करार देते हुए सजा के बिंदु पर सुनवाई कर आर्म्स एक्ट में चार-चार साल का सश्रम कारावास एवं १० हजार रूपये का आर्थिक जुर्माना की सजा सुनाते हुए तीनों को न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया ।

## उम्मीदवारों ने नामांकन पत्र दाखिल किया

**गुमला (ससे):** लोकसभा आम चुनाव के तहत् सूबे में पहले चरण में लोहरदगा संसदीय सीट के लिए मतदान होना है ।

१३ मई को होने वाले लोहरदगा लोकसभा चुनाव के लिए सोमवार को जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त कार्यालय में चार उम्मीदवारों ने नामांकन पत्र दाखिल किया । मीडिया कोषांग के द्वारा बताया गया है कि नामांकन पत्र दाखिल करने वालों में सीपीआई पार्टी के महेंद्र उरांव , भागीदारी पार्टी से मनी मुंडा , स्टेफन किंडो ( स्वतंत्र ) तथा बिहारी भगत पीपल्स पार्टी ऑफ इंडिया ( डेमोक्रेटिक) शामिल हैं।

## लोगों को वोटिंग के लिए प्रेरित किया गया

**सरायकेला-खरसावां (ससे):** लोकसभा चुनाव में मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिए जिले के विभिन्न क्षेत्रों में जागरूकता कार्यक्रम किया जा रहे हैं। इसी क्रम में जिला स्वीप कोषांग के अंतर्गत जेएसएलपीएस द्वारा सरायकेला प्रखंड अंतर्गत मुड़कुम एवं मुंडातांड पंचायत, चांडिल प्रखंड के तमुलिया एवं भादूडीह पंचायत पंचायत में उपस्थित होकर जागरूकता रैली शपथ आंगनबड़ी सहिया, सेविका (बीएलओ) के द्वारा आगामी लोकसभा आम निर्वाचन २०२४ हेतु स्वीप के तहत मतदाता जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान मतदाता जागरूकता को लेकर बनाए गए मतदाता जागरूकता को लेकर रंगोली प्रतियोगिता आयोजन व पोस्टर के माध्यम से अपने-अपने क्षेत्र में चुनाव का पर्व देश का गर्व आई एम रेडी टू वोट थीम के तहत मतदाता जागरूकता के माध्यम से लोगों को वोटिंग के लिए प्रेरित किया गया। साथ ही उपस्थित सभी मतदाताओं को आगामी लोकसभा आम निर्वाचन २०२४ में मतदान करने हेतु मतदाता शपथ कार्यक्रम का भी आयोजन किया गया।इस दौरान आंगनबाड़ी सहिया सेविका ने अपने-अपने क्षेत्र में सभी मतदाताओं को आगामी लोकसभा आम निर्वाचन २०२४ में सभी मतदाताओं को जागरूक करते हुए बिना लोभ लालच या दबाव में आए हुए अपने नजदीकी मतदान केन्द्रो में जाकर अपना बहुमूल्य मतों का उपयोग को लेकर गांव-गांव घूम-घूम कर मतदान करने हेतु अपील की।

## जागरूकता रथ रवाना

**गोड्डा (ससे):** गोड्डा समाहरणालय से जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त जिशान कमर एवं वन प्रमंडल पदाधिकारी मौन प्रकाश सहित अन्य पदाधिकारियों ने टीवी स्क्रीन, वीआर यंत्र, ध्वनि विस्तारक यंत्र युक्त जागरूकता रथ को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। जागरूकता रथ को हरी झंडी दिखाते हुए जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त ने बताया कि यह जागरूकता रथ जिले के सभी प्रखंड क्षेत्रों में भ्रमण कर आम लोगों को आडियो-वीडियो विजुअल के माध्यम से मतदान के महत्व को बताएगा एवं ०१ जून २०२४ को मतदान करने के लिए सभी मतदाताओं को प्रेरित करेगी। उन्होने बताया कि वैन में हेड माउंटेड डिस्प्ले वीआर बॉक्स के माध्यम से आमजन वर्चुअल रियलिटी में भारत निर्वाचन आयोग द्वारा जारी वीडियो को देख सकते हैं। गोड्डा जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने वर्चुअल रियलिटी के माध्यम से लोगों को जागरूक करने हेतु तैयार किए गए कंटेंट का भी जायजा लिया एवं स्वयं भी वर्चुअल रियलिटी यंत्र का प्रयोग कर लोगों को मतदान के लिए प्रेरित किया गया। यह जागरूकता रथ नियमित रूट चार्ट के अनुसार गोड्डा लोकसभा क्षेत्र में घूम-घूम कर मतदाताओं को मतदान करने हेतु प्रेरित करेगी। जागरूकता वाहन में टीवी स्क्रीन, वीआर यंत्र, जीपीएस, ध्वनि विस्तारक यंत्र से सुसज्जित है। जिसका प्रयोग कर मतदाताओं को मतदान के प्रति प्रेरित किया जाएगा।

## दो लोडेड कट्टा के साथ अपराधी गिरफ्तार

**गढ़वा (ससे):** गढ़वा पुलिस ने गुप्त सूचना पर छापेमारी करते हुए भवनाथपुर थाना क्षेत्र के सिंदुरिया गांव से दो लोडेड कट्टा और तीन जिंदा गोली के साथ आलोक साव नामक शख्स को गिरफ्तार किया है।

## ज्वैलर्स संचालक से 15 लाख के जेवर व 50 हजार नक्द की लूट

**हजारीबाग (ससे):** हजारीबाग के कोर्रा थाना अंतर्गत दीपू गढ़ा के निकट सोनी अलंकार ज्वैलर्स के संचालक से लगभग ₹१५ लाख की जेवर की लूट हुई है । वहीं अपराधी ५० हजार रुपया नकद भी लेकर भाग खड़े हुए । घटना के बारे में दुकान के संचालक बताया कि रविवार की रात लगभग ९:२० बजे दुकान बढ़ाकर वे अपने घर जा रहे थे । उसी दौरान अपाची मोटरसाइकिल से ३ अपराधियों ने बंदूक की नोक पर घटना को अंजाम दिया । उन्होने बताया कि वे कि अपने बेटे के साथ घर जा रहे थे और बेटा उनका स्कूटी में था तभी अपराधियों ने बंदूक के नोक पर पहले उसे स्कूटी से गिरा दिया और फिर जेवर और पैसा लेकर फरार हो गए ।

# खंडोली डैम में मतदाता जन जागरूकता कार्यक्रम चलाया गया




**गिरिडीह (ससे):** लोकसभा आम निर्वाचन व ३१ गांडेय विधानसभा उप चुनाव के निमित्त गिरिडीह जिले में मतदान प्रतिशत बढ़ाने हेतु स्वीप एक्टिविटी के तहत व्यापक जन जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। ताकि आमजनों को मतदान के महत्व की जानकारी तथा सभी को जागरूक व प्रोत्साहित किया जा रहा है। इसी कड़ी में आज स्वीप कोषांग द्वारा नोडल पदाधिकारी, (स्वीप कोषांग) सह जिला समाज कल्याण पदाधिकारी के नेतृत्व में बेंगाबाद प्रखंड के खंडोली डैम में मतदाता हेतु जन जागरूकता कार्यक्रम चलाया गया। साथ ही वहां मौजूद सभी लोगों को लोकतंत्र के महापर्व लोकसभा आम निर्वाचन की तिथि, मतदान के महत्व, निर्वाचन प्रणाली, वोटर हेल्पलाइन ऐप, १९५०, सी विजिल ऐप, सुविधा ऐप, सक्षम ऐप आदि से संबंधित विस्तृत जानकारी दी गई। इस दौरान खंडोली में नौका विहार कर सभी लोगों से मतदान करने का संकल्प लिया गया। कार्यक्रम में प्रखंड विकास पदाधिकारी, बेंगाबाद, सहयोगी पदाधिकारी, स्वीप कोषांग, डीसीपीयू काउन्सलर, हेल्प डेस्क मैनेजर दिवाकर पाठक समेत स्वीप कोषांग की टीम व प्रखंड के अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

लोकतंत्र के महापर्व में सभी मतदाता अपने मताधिकार का इस्तेमाल करें और अपना फर्ज निभाएं, एक वोट से हार होती है और एक वोट से जीत। यह संदेश सोमवार को स्वीप कोषांग द्वारा आयोजित बेंगाबाद प्रखंड स्थित खंडोली डैम में मतदाता जागरूकता अभियान के तहत दिया गया।

इस दौरान नोडल पदाधिकारी, स्वीप कोषांग ने सभी लोगों को अपने मताधिकार का इस्तेमाल करने की अपील की, वहीं चुनाव में कैसे उम्मीदवार का चयन करना है, चुनाव कैसे होता है, मतदान की तिथि समेत अन्य जानकारी दी। उन्होंने कहा कि भारत विश्व का सबसे बड़ा लोकतांत्रिक देश है और यहां के युवा जागरूक मतदाता होने का फर्ज अदा करते हैं, उन्होंने कहा कि हमारे देश का प्रजातंत्र तभी मजबूत होगा जब मतदान में लोगों की भागीदारी बढ़ेगी। इस अवसर पर लोकसभा चुनाव में शत-प्रतिशत मतदान सुनिश्चित करने के उद्देश्य से मतदाताओं को जागरूक किया गया कि वे स्वयं तथा उनके क्षेत्र के मतदान करें यह सुनिश्चित करें।

प्रत्येक नागरिक को अपने मताधिकार का प्रयोग करना चाहिए। मौके पर सभी को लोकतांत्रिक देश का जिम्मेदार नागरिक होने के नाते अपने मत का उपयोग करने के लिए प्रेरित किया गया। इसके अलावा मतदान के महत्व तथा निर्वाचन प्रणाली के संबंध में विस्तृत जानकारी दी गई। साथ ही १९५० वोटर हेल्पलाइन नंबर के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई। इस दौरान सभी को मतदाता प्रतिज्ञा हेतु शपथ दिलाई गई।

उन्हें शपथ दिलाई गई कि वे लोकतंत्र के इस महापर्व में अपनी भागीदारी सुनिश्चित करें। साथ ही अपने घरों व आस पड़ोस के लोगों को मतदान के लिए जागरूक करने का हर संभव प्रयास करेंगे। साथ ही उन्हें अपने स्तर पर मतदाताओं को जागरूक करने लिए अपनी सकारात्मक भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए प्रेरित किया।

# वाहन की टक्कर से 4 बाइक सवार की मौत

**लखीसराय (ईएमएस):** बिहार के लखीसराय जिले के मेदनी चौक थाना क्षेत्र में सोमवार तड़के एक अज्ञात वाहन ने दो मोटरसाइकिलों को टक्कर मार दी। इस घटना में मोटरसाइकिल सवार चार लोगों की मौत हो गई, जबकि एक अन्य गंभीर रूप से घायल हो गया। पुलिस के मुताबिक दो बाइक पर सवार होकर पांच लोग पास से ही एक शादी समारोह में भाग लेकर लौट रहे थे।


## जिला निर्वाचन पदाधिकारी–सह–उपायुक्त का कार्यालय,जामताड़ा

(उत्पाद शाखा)

–:शुष्क दिवस (Dry Day) आदेश:–

मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी–सह–सचिव, झारखण्ड, राँची के पत्रांक–01/नि0वि0–22–23 (पार्ट–1)/2020–1186, दिनांक–18.03.2024, आयुक्त उत्पाद, झारखण्ड, राँची के पत्रांक–651, दिनांक–01.04.2024 एवं पत्रांक–814, दिनांक–12.04.2024 के आलोक में जामताड़ा जिला एवं जामताड़ा जिला के सीमावर्ती जिलों में लोकसभा आम चुनाव 2024 के निमित्त मतदान समाप्त होने से 48 घंटा पूर्व से लेकर मतदान समाप्ति तक, मतगणना के दिन तथा यदि आवश्यक हुआ तो पुर्नमतदान के दिन शुष्क दिवस (Dry Day) घोशित करने का निदेश है।

उपरोक्त परिप्रेक्ष्य में लोकसभा क्षेत्र दुमका अन्तर्गत जामताड़ा जिला में सप्तम चरण तथा सीमावर्ती लोकसभा क्षेत्र आसनसोल एवं बीरभूम (प0 बंगाल) में चतुर्थ चरण, जामताड़ा जिला के निकटवर्ती लोकसभा क्षेत्र कोडरमा में पंचम चरण तथा लोकसभा क्षेत्र गिरिडीह एवं धनबाद में शष्टम चरण में मतदान निर्धारित है।

अतः लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम 1951 की धारा 135 (ग) में निहित निदेश के आलोक में, मैं कुमुद सहाय, जिला निर्वाचन पदाधिकारी–सह–उपायुक्त, जामताड़ा लोकसभा आम निर्वाचन–2024 के स्वच्छ एवं शांतिपूर्ण मतदान के दृष्टिपथ, जामताड़ा जिला के सम्पूर्ण क्षेत्र में निम्नांकित तिथियों को उसके सामने अंकित अवधि तक के लिए शुष्क दिवस (Dry Day) घोषित करती हूँ:–

| क्र | लोकसभा क्षेत्र का नाम | मतदान की तिथि | जामताड़ा जिला में शुष्क दिवस (Dry Day) की अवधि | मतगणना की तिथि |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 40–आसनसोल एवं 42–बीरभूम (प0 बंगाल) | 13.05.2024 | दि0–11.05.2024 के अपराहन् 5.00 बजे से दि0–13.05.2024 अपराहन् 5.00 बजे तक | 04.06.2024 को शुष्क दिवस (Dry Day) |
| 2 | 05–कोडरमा | 20.05.2024 | दि0–18.05.2024 के अपराहन् 5.00 बजे से दि0–20.05.2024 अपराहन् 5.00 बजे तक | |
| 3 | 06–गिरिडीह एवं 07–धनबाद | 25.05.2024 | दि0–23.05.2024 के अपराहन् 5.00 बजे से दि0–25.05.2024 अपराहन् 5.00 बजे | |
| 4 | 02–दुमका | 01.06.2024 | दि0–30.05.2024 के अपराहन् 5.00 बजे से दि0–01.06.2024 अपराहन् 5.00 बजे तक | |

शुश्क दिवस (Dry Day) के उक्त अवधि में जामताड़ा जिला की सभी खुदरा उत्पाद दुकानें एवं अन्य उत्पाद अनुज्ञप्ति प्राप्त परिसर पूर्णतः बंद रहेंगे तथा होटल, ढाबा, भोजनालय आदि या किसी अन्य निजी/सार्वजनिक स्थान में किसी भी प्रकार का स्पिरीटयुक्त मदिरा, मादक पदार्थ या वैसी ही प्रकृति का अन्य पदार्थ न तो बिक्री किया जाएगा न तो दिया जाएगा और न ही वितरित किया जाएगा।

ह0/–
जिला निर्वाचन पदाधिकारी
–सह–
उपायुक्त, जामताड़ा।

PR 323994 Jamtara(24-25)D



## उपायुक्त–सह–जिला दण्डाधिकारी का कार्यालय, गिरिडीह।

(कार्मिक कोशांग)

ई–मेल :– electionkarmikgrd.gmail.com

–:आदेश:–

लोकसभा आम चुनाव 2024 एवं 31–गाण्डेय विधानसभा उप चुनाव–2024 के सफल संचालन हेतु सेक्टर पदाधिकारी एवं माईक्रो ऑवजर्वर के रूप में प्रशिक्षण प्राप्त करने हेतु कार्यक्रम दिनांक 19.04.2024 को निर्धारित की गयी थी, जिसमें पत्र के साथ संलग्न सूची में अंकित कर्मी निर्धारित प्रशिक्षण में उपस्थित नहीं हुए, जो चुनाव जैसे महत्वपूर्ण कार्य में लापरवाही का द्योतक है।

अतः प्रेस विज्ञप्ति निर्गत तिथि से तीन दिनों के अन्दर अपना स्पश्टीकरण कार्यालय प्रधान के माध्यम से उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें कि क्यों नहीं आपके विरूद्ध लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम 1951 की सुसंगत धाराओं के तहत् कार्रवाई की जाय?

| S.no. | _PIN_NO | DUTY | NAME | OFFICER DESIGNATION | OFFICE NAME | Remarks |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 341910080 | Sector Officer | BABLOO HANSDA | JUNIOR ENGINEER | Drinking Water and Sanitation Division-1 | AB |
| 2 | 341912974 | Sector Officer | SANTOSH KUMAR | JANSEWAK BDO OFFICE DUMRI | B.D.O Office Dumri | AB |
| 3 | 341914710 | Sector Officer | CHHEDI MAHTO | PS BDO OFFICE DUMRI | B.D.O Office Dumri | AB |
| 4 | 341911557 | Sector Officer | SUNIL KUMAR MANDAL | JE MNREGA BDO OFFICE GIRIDIH | B.D.O Office, Giridih | AB |
| 5 | 341910764 | Micro Observer | SAIF AHMAD | MANNAGER BOI AHILYAPUR | Bank Of India, Gandey | AB |
| 6 | 341911348 | Micro Observer | ASHISH KUMAR | SR. BRANCH MANAGER BAGODAR | Jharkhand Rajya Gramin Bank, Bagodar | AB |
| 7 | 341913273 | Micro Observer | RAJA RAM | AAO LIC GIRIDIH | L.I.C Office Giridih | AB |

ह0/–
वरीय पदाधिकारी
कार्मिक कोषांग
गिरिडीह

ह0/–
जिला निर्वाचन पदाधिकारी
–सह–
उपायुक्त, गिरिडीह।

PR 323969 Giridih(24-25)D


# कांग्रेस तैयार करेगी परिवारवादी नेताओं की नई पौध







**पटना (एजेंसी):** बिहार में महागठबंधन के अंदर कांग्रेस को लोकसभा की सिर्फ ९ सीटें मिली हैं. इनमें से ६ सीटों पर पार्टी अभी तक अपने कैंडिडेट का नाम फाइनल नहीं कर सकी है. सूत्रों के मुताबिक, पार्टी सोमवार को अपने उम्मीदवारों का नाम घोषित कर सकती है. सूत्रों से मिली जानकारी के मुताबिक, बिहार के लिए कैंडिडेट फाइनल करने के लिए रविवार (२१ अप्रैल) को नई दिल्ली में कांग्रेस की चुनाव कार्यकारिणी समिति की बैठक हुई थी. इस बैठक में कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे, पूर्व अध्यक्ष सोनिया गांधी और राहुल गांधी भी शामिल हुए थे. इस बैठक में कैंडिडेट के नाम फाइनल कर लिए गए हैं. सूत्रों के मुताबिक, पार्टी अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे आज लिस्ट जारी कर सकते हैं.

सूत्रों के अनुसार इस बैठक में बिहार की सभी छह सीटों पर उम्मीदवारों के नाम पर चर्चा हुई. इनमें पटना साहिब से मीरा कुमार के बेटे अंशुल कुमार, समस्तीपुर से महेश्वर हजारी के बेटे सन्नी हजारी, महाराजगंज से प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष अखिलेश सिंह के बेटे आकाश सिंह और मुजफ्फरपुर से अजय निषाद के नाम की चर्चा शामिल है.

अगर संभावित उम्मीदवारों को टिकट मिलता है, तो बिहार में कांग्रेस पार्टी परिवारवादी नेताओं की नई पौध खड़ी कर देगी. कांग्रेस के संभावित कैंडिडेट की लिस्ट में समस्तीपुर से सन्नी हजारी का नाम चौंकाने वाला है. बता दें कि सन्नी हजारी के पिता महेश्वर हजारी जेडीयू के दिग्गज नेता हैं और मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के काफी करीबी माने जाते हैं. वह इस समय बिहार सरकार में मंत्री हैं. सन्नी पहले चिराग पासवान की पार्टी लोजपा (रामविलास) की टिकट पर लोकसभा का चुनाव लड़ना चाहते थे.

उन्होंने इसके लिए चिराग पासवान से मुलाकात भी की थी, लेकिन चिराग ने उन्हें टिकट नहीं देकर शांभवी चौधरी को टिकट दे दिया. शांभवी के पिता अशोक चौधरी भी जेडीयू के दिग्गज नेता हैं और नीतीश सरकार में मंत्री हैं. अब अगर कांग्रेस ने सन्नी हजारी को टिकट दिया है तो इस सीट पर जेडीयू नेताओं के बच्चों में मुकाबला देखने को मिलेगा. वहीं दोनों प्रत्याशियों के पिता के लिए धर्मसंकट खड़ा हो जाएगा.

वहीं मुजफ्फरपुर से संभावित उम्मीदवार अजय निषाद बीजेपी से टिकट कटने के बाद कांग्रेस में आए हैं. बीजेपी ने इस बार उनका टिकट काटकर डॉ. राजभूषण चौधरी को मैदान में उतारा है. जबकि २०१९ में अजय निषाद ने डॉ. राजभूषण चौधरी को ४,०९,९८८ वोट से हराया था. डॉ. राजभूषण ने २०१९ का लोकसभा चुनाव वीआईपी की टिकट पर लड़ा था. २०१४ के लोकसभा चुनाव में भी बीजेपी की टिकट पर अजय निषाद ही जीत थे. उस चुनाव में अजय निषाद ने कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष अखिलेश प्रसाद सिंह को हराया था.

# तेजस्वी जिस तरह की भाषा का प्रयोग कर रहे हैं. वह राजनीति का दुर्भाग्य है :विजय सिन्हा

**पटना (एजेंसी):** बिहार के डिप्टी सीएम विजय सिन्हा ने राजद नेता तेजस्वी यादव पर जमकर निशाना साधा. उन्होंने कहा कि तेजस्वी यादव जिस तरह की भाषा का इस्तेमाल कर रहे हैं. वह राजनीति का द्रुभाग्य है. दरअसल, झारखंड की राधानी रांची में इंडी गठबंधन की रैली में २१ अप्रैल दिन रविवार को हंगामा हो गया था. इस पर भी बीजेपी नेता विजय कुमार सिन्हा ने निशाना साधा. उन्होंने कहा कि २२ अप्रैल दिन सोमवार को कहा कि यह बेमेल गठबंधन है, जिसमें विवाद अप्रत्यक्ष रूप से देखने को मिलते ही थे. हालांकि, अब खुल कर सामने आ गए हैं.

विजय सिन्हा रांची में हुई विपक्ष की रैली पर जोरदार हमला बोलते हुए कहा कि यह तो होना ही था. जिनका गठबंधन अपवित्र हो, तो इस तरह की बातें होंगी. इतना ही नहीं विजय कुमार सिन्हा ने कहा कि मैं बता दूं कि तेजस्वी यादव जि तरह की भाषा प्रयोग कर रहे हैं. यह राजनीति का दुर्भाग्य है. उन्होंने कहा कि सीबीआई, ईडी और इनकम टैक्स को बीजेपी का जमाई कह रहे हैं. ये तुम्हारी गिरती मानसिकता का परिचायक है.बीजेपी नेता ने आगे कहा कि अरे वह मां भारती के संतान हैं. यह संविधान हमारी माता के रूप में है. माता के यह बेटे संवैधानिक संस्था है. इस पर मजाक कर रहे हो. साथ ही ऐसे शब्दों का प्रयोग कर रहे हो.


## कार्यपालक अभियन्ता राष्ट्रीय ग्रामीण नियोजन कार्यक्रम, गिरिडीह का कार्यालय

**अति अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना संख्या :– 02/2024–25**

1. विज्ञापनदाता का नाम :– कार्यपालक अभियन्ता, राष्ट्रीय ग्रामीण नियोजन कार्यक्रम, गिरिडीह ।
2. परिमाण विपत्र बिक्री की तिथि :– दिनांक 27.04.2024 को 10.30 बजे पूर्वाहन से 1.00 बजे अपराहन तक।
3. परिमाण विपत्र बिक्री का स्थान :– कार्यालय कार्यपालक अभियन्ता, रा0 ग्रा0 नि0 कार्यक्रम, गिरिडीह ।
4. निविदा प्राप्त करने की तिथि एवं समय :– दिनांक 29.04.2024 को 2.00 बजे अपराहन तक।
5. निविदा खोलने की तिथि:– दिनांक 29.04.2024 को 3.30 बजे अपराह्न।
6. निविदा प्राप्ति एवं खोलने का स्थान:– कार्यालय कार्यपालक अभियन्ता, रा0 ग्रा0 नि0 कार्यक्रम, गिरिडीह ।
7. कार्यो का विस्तृत विवरण:– **लोकसभा चुनाव 2024 निमित कार्य।**
8. कार्य की विवरणी :–

| क्र0 | प्रखण्ड | योजना का नाम | प्राक्कलित राशि | अग्रधन की राशि | परिमाण विपत्र का मूल्य | कार्य समाप्ति की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | 2. | 3. | 4. | 5. | 6. | 7. |
| 1 | बगोदर | कुल 05 चिन्हित स्थलों पर 05 ईकाई वाले अस्थायी शौचालय एवं बाथरूम का निर्माण। | 2,49,550.00 | | | |
| | सरिया | कुल 03 चिन्हित स्थलों पर 05 ईकाई वाले अस्थायी शौचालय एवं बाथरूम का निर्माण। | 2,02,590.00 | | | |
| | | कुल 02 चिन्हित स्थलों पर 02 ईकाई वाले अस्थायी शौचालय एवं बाथरूम का निर्माण। | | | | |
| | बिरनी | कुल 01 चिन्हित स्थलों पर 05 ईकाई वाले अस्थायी शौचालय एवं बाथरूम का निर्माण। | 1,02,770.00 | | | |
| | | कुल 02 चिन्हित स्थलों पर 02 ईकाई वाले अस्थायी शौचालय एवं बाथरूम का निर्माण। | | | | |
| | | कुल:– | 5,54,910.00 | 11,100.00 | 1,250.00 | 10 दिन। |

निविदा की शर्ते कार्यपालक अभियन्ता, राष्ट्रीय ग्रामीण नियोजन कार्यक्रम, गिरिडीह, कार्यालय के सूचना पट्ट एवं गिरिडीह जिला के website www.giridih.nic.in पर देखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियन्ता,
राष्ट्रीय ग्रामीण नियोजन कार्यक्रम, गिरिडीह

PR 323984 NREP(24-25)#D


# अस्पताल परिसर में लगी आग, मचा हड़कंप

**पटना (एजेंसी):** बिहार के सबसे बड़े अस्पताल पीएमसीएच में आग लगने की खबर सामने आ रही है. जानकारी के मुताबिक, राजधानी पटना स्थित पीएमसीएच के इमरजेंसी के पास अचानक से आग लग गई. आग से अस्पताल परिसर में हड़कंप मच गया. सूचना पर पीरबहोर थाना और दमकल की कई गाड़ियां मौके पर मौजूद हैं. जानकारी के मुताबिक, आग काबू पाने के लिए अग्निशमन विभाग प्रयास कर रहा है. बताया जा रहा है कि इमरजेंसी के पास जनरेटर रूम में शॉर्ट सर्किट के कारण आग लगी है. एक प्रत्यक्षदर्शी ने बताया कि इमरजेंसी वार्ड के पास जनरेटर रूम के पास अचानक से भीषण आग लग गई.

आग को देखकर पूरे पीएमसीएच परिसर में हड़कंप मच गया. अस्पताल प्रशासन द्वारा फायर ब्रिगेड की टीम को आग लगने की सूचना दी गई. लोगों का कहना है कि अगलगी का कारण अब तक स्पष्ट नहीं हो पाया है. हालांकि, इस घटना में किसी के भी हताहत होने की सूचना नहीं मिली है. बताया जा रहा है कि जहां आग लगी है उस जगह से बहुत सारी जले हुई सिगरेट पड़ी हुई मिली हैं.


## उपायुक्त-सह-जिला दण्डाधिकारी का कार्यालय, बोकारो (जिला भू-अर्जन शाखा)

प्रपत्र XIII

(अधिनियम की धारा –21(2) या 24(4) के तहत् नोटिस)

परियोजना का नाम:– **बरलंगा से कसमार भाया नेमरा पथ का चौड़ीकरण एवं मजबूतीकरण**

भू–अर्जन वाद संख्या:– **01/2023–24**

बजरिये नोटिस सूचित किया जाता है कि कमोवेश **6.8690** एकड़ भूमि जो ग्राम ....**खुदीबेड़ा**... थाना .....**कसमार**.... थाना सं0 .......**137**... अंचल .... **कसमार**... जिला ..... **बोकारो**.... में अवस्थित तथा निम्न प्रकार चिन्हित एवं मापित है उसे **बरलंगा से कसमार भाया नेमरा पथ का चौड़ीकरण एवं मजबूतीकरण** पथ निर्माण प्रायोजन हेतु सरकार द्वारा अधिनियम 30/2013 के अधिन अधिघोशणा संख्या– **264/भू0अ0** दिनांक– **11.03.2024** के तहत् अधिग्रहित किया जाना है। इस भूमि में इच्छुक/ हितबद्ध सभी व्यक्तियों को इस माध्यम से स्वंय अथवा प्रतिनिधि/ अधिवक्ता के माध्यम से दिनांक– **06/05/2024** तक **जिला भू–अर्जन कार्यालय, बोकारो** समय **11:00 पूर्वाह्न** पर उपस्थित होकर अपने दावे का प्रकार और क्षतिपूर्ति के लिए किसी दावे पुनर्वासन एवं पुनर्व्यवस्थापन से संबंधित दावे या धारा – 20 के तहत् भूमि के मापी से संबंधित आपत्ति/ दावा प्रस्तुत करेंगे।

भू–धारी / रैयत का नाम:–

भूमि एवं सीमा का विवरण:–

| क्रम सं0 | खाता सं0 | सर्वे प्लॉट सं0 | स्वामित्व का प्रकार | भूमि का प्रकार | अर्जन के अधीन क्षेत्रफल (एकड़ में) | हितबद्ध व्यक्ति का नाम वो पता | सीमा (मुखंड सं0) उ0 | द0 | पू0 | प0 |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 61 | 22 | 509/6 | नीजी | आवासीय | 0.0180 | कमलेश्वर महतो पिता स्व0 चितू महतो | 512 | 509 | सीमाना | रास्ता |
| 62 | 25 | 5108/1 | नीजी | आवासीय | 0.0097 | कमलेश्वर महतो पिता स्व0 चितू महतो | 512 | 509 | सीमाना | रास्ता |
| 63 | 25 | 5108/2 | नीजी | आवासीय | 0.01080 | जगदम्ब महतो वगैरह पिता स्व0 शिवनाथ महतो | 512 | 509 | सीमाना | रास्ता |
| 64 | 25 | 5108/3 | नीजी | आवासीय | 0.00475 | अभिमन्यु महतो पिता स्व0 विरसाई महतो | 512 | 509 | सीमाना | रास्ता |
| 65 | 25 | 5108/4 | नीजी | आवासीय | 0.01075 | गणेश महतो पिता स्व0 कुईला महतो | 512 | 509 | सीमाना | रास्ता |
| 66 | 6 | 514 | नीजी | आवासीय | 0.0040 | 1.भोलानाथ महतो वगैरह पिता स्व0 जगूराम महतो 2. छोटूराम महतो वगैरह पिता स्व0 चामू महतो 3. राजेन्द्र महतो पिता स्व0 सवू महतो | नीज | 513 | सीमाना | रास्ता |
| 67 | 5 | 515 | नीजी | आवासीय | 0.0150 | 1.शंम्भू महतो पिता तिजन महतो 2.झालों देवी पति स्व0 खाडीराम महतो 3.भोलानाथ महतो वगैरह पिता जगूराम महतो 4.देवेन्द्रनाथ महतो वगैरह पिता चामू महतो 5.राजेन्द्र महतो पिता सगू महतो 6.जितू महतो पिता किनू महतो 7. पंचानंद महतो वगैरह पिता विरू महतो 8. भिखू राम महतो पिता सोमर महतो 9. अखिलेश्वर महतो पिता खड़िया महतो, 10. मनोज कुमार महतो पिता स्व0 जगु राम महतो, 11. रवि महतो पिता स्व0 बीरू महतो | 516 | 514 | सीमाना | रास्ता |
| 68 | 13 | 516 | नीजी | आवासीय | 0.0090 | 1. शंकर महतो पिता स्व0 सहदेव महतो 2. निमाई महतो पिता स्व0 सहदेव महतो 3. मकुन महतो पिता स्व0 सहदेव महतो | 517 | 515 | सीमाना | रास्ता |
| 69 | 17 | 517 | नीजी | आवासीय | 0.0170 | 1.बासुदेव महतो वगैरह पिता स्व0 जेठू राम महतो, 2. नकुल महतो पिता स्व0 सोनाराम महतो | 518 | 516 | सीमाना | रास्ता |
| 70 | 19 | 518/1 | नीजी | आवासीय | 0.003667 | अजित कुमार महतो वगैरह पिता स्व0 जितु महतो | 519 | 517 | सीमाना | रास्ता |
| 71 | 19 | 518/2 | नीजी | आवासीय | 0.003667 | झालो देवी पति स्व0 खाड़ीराम महतो | 519 | 517 | सीमाना | रास्ता |
| 72 | 19 | 518/3 | नीजी | आवासीय | 0.003666 | शम्भु महतो पिता स्व0 तिजन महतो | 519 | 517 | सीमाना | रास्ता |
| 73 | 12 | 519 | नीजी | आवासीय | 0.0080 | झालो देवी पति स्व0 खाड़ीराम महतो वो शंम्भू नाथ महतो पिता स्व0 तिजन महतो वो खगेन्द्रनाथ महतो वगैरह पिता स्व0 रामकृष्ण महतो | 520 | 518 | 521 | रास्ता |
| 74 | 11 | 520/1 | नीजी | आवासीय | 0.0300 | कमलेश्वर महतो पिता स्व0 चितू महतो | 521 | 519 | 521 | रास्ता |
| 75 | 11 | 520/2 | नीजी | आवासीय | 0.0030 | गणेश महतो पिता स्व0 कुईला महतो | 521 | 519 | 521 | रास्ता |
| 76 | 11 | 520/3 | नीजी | आवासीय | 0.0045 | बुधन महतो पिता स्व0 किर्तिनाथ महतो | 521 | 519 | 521 | रास्ता |
| 77 | 11 | 520/4 | नीजी | आवासीय | 0.0045 | चन्द्रकान्त महतो पिता स्व0 किर्तिनाथ महतो | 521 | 519 | 521 | रास्ता |
| 78 | 11 | 520/5 | नीजी | आवासीय | 0.0090 | दिगम्बर महतो पिता स्व0 प्रभु महतो | 521 | 519 | 521 | रास्ता |
| 79 | 11 | 520/6 | नीजी | आवासीय | 0.0060 | जगदम्ब महतो वगैरह पिता स्व0 शिवनाथ महतो | 521 | 519 | 521 | रास्ता |
| 80 | 11 | 522 | नीजी | कृषि | 0.0150 | 1. कमलेश्वर महतो पिता स्व0 चिंतू महतो, 2. गणेश महतो पिता स्व0 कोईला महतो, 3.विरसाई महतो पिता स्व0 गोखूल महतो, 4. जगदेव महतो पिता स्व0 भिमनाथ महतो, 5. दिगम्बर महतो पिता स्व0 प्रभु महतो, 6. बुधन राम महतो पिता किर्ती नाथ महतो, 7.चंदकान्त महतो पिता स्व0 किर्तीनाथ महतो , 8. मलई गोस्वामी पिता स्व0 चितरंजन गोस्वामी, 9. विनय गोस्वामी पिता स्व0 कालीदास | 600 | 521 | सीमाना | रास्ता |
| 81 | 18 | 524 | नीजी | आवासीय | 0.0420 | उत्तम कुमार गंझु वो प्रेम कुमार गंझु वो रूपम कुमार भोक्ता पिता स्व0 बिरेन्द्र नाथ गंझु | 525 | 492 | रास्ता | 487 |
| 82 | 23 | 525 | नीजी | आवासीय | 0.03200 | लालजी गंझु वगैरह पिता स्व0 प्रभु गंजु वो फुलमनी देवी पति स्व0 मथुर गंझु एवं अन्य | 526 | 524 | रास्ता | 484 |
| 83 | 40 | 526 | नीजी | आवासीय | 0.01300 | रिदय करमाली पिता स्व0 भोन्दु करमाली वो जोलो देवी पति स्व0 कार्तिक करमाली | 527 | 525 | रास्ता | 483 |
| 84 | 11 | 527 | नीजी | आवासीय | 0.01500 | 1.रमेश्वर महतो वो चोठा महतो पिता स्व0 जगतू महतो | 528 | 526 | रास्ता | 483 |
| 85 | 13 | 528 | नीजी | आवासीय | 0.00700 | बलराम महतो वगैरह पिता स्व0 सुकु महतो वो शंकर महतो वगैरह पिता स्व0 सहदेव महतो | 529 | 527 | रास्ता | 481 |
| 86 | 17 | 529 | नीजी | आवासीय | 0.01300 | 1.बासुदेव महतो वगैरह पिता स्व0 जेठू राम महतो 2. नकुल महतो पिता स्व0 सोनाराम महतो | 530 | 528 | रास्ता | 480 |
| 87 | 6 | 530 | नीजी | आवासीय | 0.02400 | गुजर कमार पिता स्व0 सोहन कमार | 531 | 529 | रास्ता | 480 |
| 88 | 11 | 531 | नीजी | आवासीय | 0.01400 | 1.नकुल कमार पिता स्व0 मोहन कमार 2. शान्ति देवी पति नकुल कमार | 532 | 530 | रास्ता | 606 |
| 89 | 35 | 532 | नीजी | आवासीय | 0.02800 | 1.भोलानाथ महतो वगैरह पिता स्व0 जगूराम महतो 2. छुटु राम महतो वगैरह पिता स्व0 चामू महतो 3.राजेन्द्र महतो पिता सवू महतो | 533 | 531 | रास्ता | 536 |
| 90 | 1 | 533 | नीजी | आवासीय | 0.03400 | मलई गोस्वामी पिता स्व0 चितरंजन गोस्वामी | नीज | 532 | रास्ता | 536 |
| 91 | 46 | 537 | नीजी | आवासीय | 0.00400 | 1. विनय कुमार गोस्वामी पिता स्व0 कालीदास गोस्वामी | 539 | 533 | 538 | 533 |
| 92 | 46 | 538 | नीजी | आवासीय | 0.00500 | 1. विनय कुमार गोस्वामी पिता स्व0 कालीदास गोस्वामी | 539 | 537 | रास्ता | 533 |
| 93 | 1 | 539 | नीजी | आवासीय | 0.00100 | 1. विनय कुमार गोस्वामी वो विजय गोस्वामी पिता स्व0 कालीदास गोस्वामी 2. राकेश गोस्वामी पिता स्व0 अजय गोस्वामी 3.विपिन कुमार गोस्वामी पिता स्व0 कालीदास गोस्वामी | 540 | 538 | रास्ता | नीज |
| 94 | 1 | 540 | नीजी | आवासीय | 0.00700 | चन्दन कुमार गोस्वामी वगैरह पिता स्व0 अतुल चंद्र गोस्वामी वो विजय गोस्वामी पिता स्व0 कालीदास गोस्वामी | 543 | 533 | रास्ता | नीज |
| 95 | 17 | 543 | नीजी | आवासीय | 0.01700 | 1.बासुदेव महतो वगैरह पिता स्व0 जेठू राम महतो 2. नकुल महतो पिता स्व0 सोनाराम महतो 1. चंदन कुमार गोस्वामी पिता स्व0 अतूल गोस्वामी | 545 | 540 | रास्ता | 544 |
| 96 | 31 | 544 | नीजी | आवासीय | 0.01100 | अमित कुमार राय पिता अनाथबंधु राय 2. गौतम कुमार राय पिता स्व0 कालीपदा राय | 546 | 543 | रास्ता | 540 |
| 97 | 31 | 545 | नीजी | आवासीय | 0.01900 | अमित कुमार राय पिता अनाथबंधु राय 2. गौतम कुमार राय पिता स्व0 कालीपदा राय | 544 | 543 | रास्ता | 548 |
| 98 | 12 | 546 | नीजी | आवासीय | 0.00500 | भगवान दास गंझु वगैरह पिता स्व0 मोहन गंझु वो नरेश गंझु पिता स्व0 हाड़ीराम गंझु वो भोला गंझु पिता स्व0 छुटु गंझु वो लालु गंझु पिता स्व0 हाड़ीराम गंझु वो लाल मोहन गोस्वामी वो अश्वनी कुमार गोस्वामी पिता बेचाराम गोस्वामी | रास्ता | 544 | रास्ता | 548 |
| 99 | 12 | 547 | नीजी | आवासीय | 0.0030 | विद्युत गोस्वामी पिता स्व0 राम कृष्ण गोस्वामी | रास्ता | 546 | रास्ता | 546 |
| 100 | 1 | 562 | नीजी | कृषि | 0.3140 | 1.परीतोष गोस्वामी पिता स्व0 तिनकोडी गोस्वामी | 414 | 564 | 563 | तालाब |
| 101 | 1 | 564 | नीजी | कृषि | 0.7470 | 1.मलई गोस्वामी पिता स्व0 चितरंजन गोस्वामी 2. विजय गोस्वामी पिता स्व0 कालीदास गोस्वामी 3. विधुत गोस्वामी पिता स्व0 रामकृष्ण गोस्वामी 4. रामजीवन चक्रवर्ती पिता बनमाली चक्रवर्ती | नीज | 613 | 567 | 560 |
| 102 | 1 | 567 | नीजी | कृषि | 0.1770 | 1.मलई गोस्वामी पिता स्व0 चितरंजन गोस्वामी 2. विजय गोस्वामी पिता स्व0 कालीदास गोस्वामी 3. विधुत गोस्वामी पिता स्व0 रामकृष्ण गोस्वामी 4. सुधाका चक्रवर्ती पिता | 566 | नीज | 568 | 564 |
| | | | | | | रामशंकर चक्रवर्ती 1.रामजीवन चक्रवर्ती पिता वनमाली चक्रवर्ती | | | | |
| 103 | 35 | 581/1 | नीजी | कृषि | 0.031334 | छुटुराम महतो वगैरह पिता स्व0 चामू महतो | 567 | 582 | 579 | 583 |
| 104 | 35 | 581/2 | नीजी | कृषि | 0.031333 | राजेन्द्र महतो पिता शबु महतो | 567 | 582 | 579 | 583 |
| 105 | 35 | 581/3 | नीजी | कृषि | 0.031333 | भोलानाथ महतो वगैरह पिता स्व0 जगु महतो | 567 | 582 | 579 | 583 |
| 106 | 20 | 582/1 | नीजी | आवासीय | 0.01966 | छुटुराम महतो वगैरह पिता स्व0 चामू महतो | 581 | रास्ता | 591 | 584 |
| 107 | 20 | 582/2 | नीजी | आवासीय | 0.01967 | राजेन्द्र महतो पिता शबु महतो | 581 | रास्ता | 591 | 584 |
| 108 | 20 | 582/3 | नीजी | आवासीय | 0.01967 | भोलानाथ महतो वगैरह पिता स्व0 जगु महतो | 581 | रास्ता | 591 | 584 |
| 109 | 10 | 583/1 | नीजी | आवासीय | 0.18700 | भिखुराम महतो पिता स्व0 सोमर महतो | 613 | 584 | 581 | 585 |
| 110 | 10 | 583/2 | नीजी | आवासीय | 0.04775 | पंचानन्द महतो पिता स्व0 बीरू महतो | 613 | 584 | 581 | 585 |
| 111 | 10 | 583/3 | नीजी | आवासीय | 0.06375 | प्रयाग महतो पितता स्व0 बीरू महतो | 613 | 584 | 581 | 585 |
| 112 | 10 | 583/4 | नीजी | आवासीय | 0.06375 | रबीदास महतो पिता स्व0 बीरू महतो | 613 | 584 | 581 | 585 |
| 113 | 10 | 583/5 | नीजी | आवासीय | 0.06375 | शन्ति महतो पिता स्व0 बीरू महतो | 613 | 584 | 581 | 585 |
| 114 | 10 | 584 | नीजी | आवासीय | 0.0160 | पंचानंन महतो पिता विरू महतो | 583 | रास्ता | 582 | रास्ता |
| 115 | 33 | 585 | नीजी | आवासीय | 0.3170 | 1. अधिर कुमार चकवर्ती पिता केनाराम चकवर्ती, 2. रामजीवन चकवर्ती पिता बनवाली चकवर्ती, 3. सुधाकर चकवर्ती पिता स्व0 रामशंकर चकवर्ती | 613 | रास्ता | 583 | 587 |
| 116 | 3 | 590 | नीजी | आवासीय | 0.0190 | 1.चंदन कुमार गोस्वामी पिता स्व0 अतूल गोस्वामी 2. अरविन्द गोस्वामी वगैरह पिता अस्विनी गोस्वामी 3.आलोक गोस्वामी वगैरह पिता सरबिन्दु गोस्वामी 4. विश्वजीत गोस्वामी वगैरह पिता शिवराय गोस्वामी | 591 | 598 | 593 | रास्ता |
| 117 | 3 | 591 | नीजी | आवासीय | 0.0030 | 1.चंदन कुमार गोस्वामी पिता स्व0 अतूल गोस्वामी 2. अरविन्द गोस्वामी वगैरह पिता अस्विनी गोस्वामी 3.आलोक गोस्वामी वगैरह पिता सरबिन्दु गोस्वामी 4. विश्वजीत गोस्वामी वगैरह पिता शिवराम गोस्वामी | रास्ता | 590 | 592 | रास्ता |
| 118 | 1 | 588 | नीजी | कृषि | 0.0050 | कल्याणी देवी, मलय गोस्वामी वगैरह पिता स्व0 चितरंजन गोस्वामी वो अभिजित गोस्वामी वगैरह पिता स्व0 शिवराम गोस्वामी वो विजय गोस्वामी वगैरह पिता स्व0 कालीदास गोस्वामी | 613 | 587 | 564 | 536 |
| **कुल रकवा** | | | | | **6.8690** | | | | | |

ह0/–
जिला भू–अर्जन पदाधिकारी, बोकारो

PR 323986 Land Reforms (24-25)_D

# मतदाताओं के बीच उनके मतदान केंद्रों की जानकारी हेतु जागरूकता अभियान चलाने की हिदायत



**राँची (ससे):** लोक सभा निर्वाचन २०२४ में सभी मतदान केंद्र मॉडल मतदान केंद्र के रूप में विकसित किये गए हैं। मतदाताओं को मतदान के लिए आकर्षित करने के लिए पदाधिकारी इन मॉडल मतदान केंद्रों को थीम बेस्ड मतदान केंद्र के रूप में विकसित करें।

मतदान के दिन मतदाताओं को अपने मतदान केंद्र ढूंढने में किसी प्रकार की दिक्कत न हो, इस हेतु उन्हें अपने मतदान केंद्रों की जानकारी लेने के लिए प्रेरित करें। यह बातें मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी, झारखंड के. रवि कुमार ने शहरी क्षेत्र में कम मतदान प्रतिशत वाले जिले धनबाद, बोकारो, राँची एवं पूर्वी सिंहभूम के जिला निर्वाचन पदाधिकारियों के साथ संबंधित जिले में मतदान प्रतिशत बढ़ाने हेतु किये जा रहे कार्यों एवं तैयार कार्ययोजनाओं का निर्वाचन सदन से वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से समीक्षा के क्रम में कही। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने कहा कि इस बार के मतदान में कोई भी मतदाता छूटे नहीं, इस ध्येय से कार्य करना है।

उन्होंने धनबाद जिले के झरिया एवं बेलगढिया के शिफ्टेड वोटर्स की वजह से कम मतदान प्रतिशत वाले मतदान केंद्र से जुड़े मतदाताओं को मतदान केंद्र तक लाने के लिए माइकिंग के जरिये मतदान दिवस की जानकारी देने और मतदान के महत्व को लेकर जागरूकता फैलाने का निर्देश निर्वाचन से जुड़े पदाधिकारियों को दिया।

उन्होंने कहा कि गैर सरकारी संस्थाओं में बने वोटर अवेयरनेस फोरम के सदस्यों से मिलकर इनके संस्थानों में शत प्रतिशत मतदाताओं को पंजीकृत करें। साथ ही उन्हें मतदान के दिन सवैतनिक अवकाश की जानकारी देते हुए इसके सदुपयोग के लिए प्रेरित करें। के. रवि कुमार ने कहा कि स्वीप के कार्यक्रम से सभी लोगों को नवाचारी प्रयासों के माध्यम से मतदान के लिए प्रेरित करें।

इसके साथ वैसे मतदान केंद्र, जहां मतदान प्रतिशत कम था, उनको टारगेट कर संबंधित कारणों को दूर करते हुए मतदान प्रतिशत बढ़ाने का कार्य करें।

उन्होंने कहा कि शहरी क्षेत्र में बनी सोसायटी को टारगेट कर वहां मतदान के लिए प्रेरित करें।

इसके साथ यंग वोटर को मतदान के लिए जागरूक करने के लिए संस्थाओं में कराए जाने वाले स्वीप कार्यक्रमों के समय उन संस्थानों के अहर्ता प्राप्त कर चुके योग्य मतदाताओं के मतदाता पहचान पत्र शत प्रतिशत बन चुके हैं, इसकी भी पुष्टि कर लें।

उन्होंने गर्मी की छुट्टियों में बच्चों के लिए डेमोक्रेसी रूम बनाने एवं उनसे प्रोजेक्ट के रूप में भारत निर्वाचन आयोग द्वारा दिये गए प्रारूप में प्रोजेक्ट प्राप्त करा लें।

उन्होंने कहा कि मतदाताओं को जागरूक करने के लिए स्वीप के कार्यों को वृहद स्तर पर कराते हुए कम मतदान प्रतिशत वाले मतदान केंद्रों पर कारणों की समीक्षा कर लक्षित होकर जागरूकता फैलाएं।

उन्होंने सभी जिला निर्वाचन पदाधिकारियों को अपने क्षेत्र के न्यूनतम मतदान प्रतिशत वाले मतदान केंद्रों की स्वयं भौतिक समीक्षा करने का निर्देश दिया।इस अवसर पर राँची, धनबाद, बोकारो एवं पूर्वी सिंहभूम जिले के जिला निर्वाचन पदाधिकारियों द्वारा अपने जिलों में मतदाताओं को मतदान के लिए जागरूक करने हेतु किये जा रहे कार्यों के बारे में बताया।

साथ ही तैयार कार्ययोजनाओं के बारे में भी जनकारी दी।इस अवसर पर निर्वाचन सदन से अपर मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी डॉ नेहा अरोड़ा , संयुक्त मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी सुबोध सिंह, सहायक मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी देवदास दत्ता उपस्थित थे।

## उलगुलान न्याय महारैली को झामुमो ने बताया सफल, भाजपा ने बताया फ्लॉप

**रांची (ससे):** रांची में रविवार को आयोजित उलगुलान न्याय महारैली को झारखंड मुक्ति ने सफल बताते हुए इंडी गठबंधन के घटक दलों का आभार व्यक्त करते हुए जनता को धन्यवाद दिया। पार्टी के महासचिव सह प्रवक्ता सुप्रियो भट्टाचार्य ने कहा कि प्रभात तारा मैदान में जुटी भीड़ यह बताता है कि देश में बदलाव की बयार बह चुकी है। श्री भट्टाचार्य ने रैली के दौरान हुई मारपीट के लिए भाजपा को जिम्मेदार ठहराया।इधर भारतीय जनता पार्टी ने उलगुलान न्याय महारैली को पूरी तरह फ्लॉप करार दिया है। पार्टी प्रवक्ता प्रतुल शाहदेव ने कहा कि यह रैली परिवारवाद और वंशवाद को बढ़ावा देनेवाला था। उन्होंने कहा कि यह रैली संविधान बचाने की नहीं, बल्कि हेमंत सोरेन की पत्नी कल्पना सोरेन को प्रोजेक्ट करने के लिए आयोजित की गयी थी। श्री शाहदेव ने यह भी कहा गठबंधन दलों के कार्यकर्ताओं के बीच मारपीट गठबंधन की एकता पर भी सवाल उठाता है।

## ऑनलाइन परीक्षा पोर्टल खोलने को लेकर कुलपति का घेराव

**रांची (ससे):** एन.एस.यू.आई नेत्री आरुषि वंदना के नेतृत्व में सोमवार को रांची विश्वविद्यालय के सेमेस्टर १ के ऑनलाइन परीक्षा पोर्टल खोलने को लेकर एन.एस.यू.आई ने कुलपति का घेराव किया एवं ज्ञापन सौंपा। विदित हो कि सैकड़ो विद्यार्थियों के कुछ कारण वश परीक्षा फॉर्म नही भर पाए या भरने के बाद पेमेंट नही कर पाए। इसी मुद्दे को लेकर विद्यार्थियों ने एन.एस.यू.आई से संपर्क किया एवं पोर्टल खुलवाने का आग्रह किया।

मौके पर पहुची आरुषि वंदना एवं अब्दुल राबनावज ने कुलपति से मिलकर छात्रों की समस्या बताई। कुलपति ने तुरंत परीक्षा नियंत्रक को ४८ घंटे के लिए पोर्टल खोलने का निर्देश दिया एव छात्र हित में फैसला लिया। मौके पर आरुषि, अब्दुल राबनावज, प्रणव, आकाश, अदीबा नाज,पूजा कुमारी,फरहान खान ,महफूज आलम, अमित, संदीप मौजूद थे।

## गर्मी से थोड़ी राहत की उम्मीद, अधिकतम तापमान में 3 से 5 डिग्री सेल्सियस तक की हो सकती है गिरावट

**रांची (ससे):** राज्य में गर्मी से थोड़ी राहत की उम्मीद है। रांची और आसपास की इलाकों में सोमवार को दिनभर बादल छाए रहे जिससे लोगों को बढ़ती गर्मी से थोड़ी राहत मिली। आज भी राज्य के दक्षिणी और उससे सटे मध्य भागों में बारिश का पूर्वानुमान है । मौसम विज्ञान केंद्र रांची के वैज्ञानिकों ने येलो अलर्ट जारी कर इन इलाकों में आंधी और वज्रपात की भी संभावना जताई है। कल से आकाश के साफ रहने और मौसम के शुष्क बने रहने की संभावना है। आगामी २५ और २६ अप्रैल को राज्य के कई इलाकों में हीट वेव की भी चेतावनी जारी की गई है। तापमान की बात की जाए तो अगले दो दिनों के दौरान अधिकतम तापमान में ३ से ५ डिग्री सेल्सियस तक की गिरावट हो सकती है। उसके बाद तापमान में धीरे-धीरे तीन से पांच डिग्री सेल्सियस तक की वृद्धि की संभावना है। पिछले २४ घंटे के दौरान पूर्वी सिंहभूम के बहरागोड़ा में ४६ डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया जो राज्य में सबसे अधिक रहा। बहरागोड़ा और जमशेदपुर में हीट वेव के हालत देखे गए।

## आवश्यक सेवा में लगे अब्सेंटी वोटर्स को उपलब्ध करायी जायेगी पोस्टल बैलट द्वारा मतदान की सुविधा

**रांची (ससे):** जिला निर्वाचन पदाधिकारी-सह-उपायुक्त, रांची राहुल कुमार सिन्हा के निर्देशानुसार सोमवार को लोकसभा आम निर्वाचन में आवश्यक सेवा में लगे अब्सेंटी वोटर्स को पोस्टल बैलट द्वारा मतदान की सुविधा उपलब्ध कराने हेतु बैठक आयोजित की गयी। समाहरणालय ब्लॉक ए स्थित उपायुक्त सभागार में आयोजित बैठक में वरीय पदाधिकारी डाक मतपत्र एवं ईटीपीबीएस कोषांग संजय कुमार भगत, नोडल पदाधिकारी संजय कुमार, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी उर्वशी पाण्डेय, आवश्यक सेवाओं से जुडे.संस्थान के प्रतिनिधि एवं मीडियाकर्मी उपस्थित थे।



बैठक में वरीय पदाधिकारी डाक मतपत्र एवं ईटीपीबीएस कोषांग संजय कुमार भगत ने डाक मतपत्र संबंधित सभी बारिकियों की विस्तारपूर्वक जानकारी दी।

उन्होंने बताया कि आवश्यक सेवाओं में तैनात व्यक्तियों की श्रेणी में अनुपस्थित मतदाताओं के लिए चुनावी कर्तव्य प्रमाण पत्र (ईडीसी) एवं डाक मतपत्र के माध्यम से मतदान कराया जाएगा। संबंधित विभागों द्वारा उपलब्ध कराए गए ऐसे कर्मचारियों की सूची के आधार पर जिनकी वोटिंग के दिन ड्यूटी रहेगी और वे उस दिन वोट देने से वंचित रह सकते हैं, उन्हें रिटर्निंग अधिकारी द्वारा फॉर्म १२ डी जारी किया जाएगा और उन्हें ईडीसी-बैलेट पेपर के जरिए वोटिंग की सुविधा फैसिलिटेशन सेंटर पर दी जाएगी।

### मीडियाकर्मियों के समक्ष वीडियो डेमोन्स्ट्रेशन

वैसे मीडियाकर्मी जिन्होंने लोकसभा आम चुनाव २०२४ के मतदान कवरेज हेतु प्राधिकार पत्र प्राप्त किया है और वो पोस्टल बैलट के माध्यम से मतदान के इच्छुक हैं। उन्हें बैठक के दौरान बैलेट के माध्यम से मतदान के मार्गदर्शन हेतु वीडियो दिखाया गया।

### पोस्टल बैलेट से कब कर सकते हैं मतदान

चुनाव आयोग द्वारा निर्धारित मतदान दिवस के ६ दिन पूर्व से निर्धारित मतदान दिवस के ३ दिन पूर्व तक आवश्यक सेवा में लगे मतदाता पोस्टल बैलेट के माध्यम से अपना महत्वपूर्ण वोट दे सकते हैं। उक्त ३ दिनों के दौरान पोस्टल बैलेट केन्द्र सुबह ९:०० बजे से सायं ५:०० बजे तक कार्यरत रहेंगे। आपको बतायें कि बिजली, पानी, रोडवेज, रेलवे, डेयरी, फायर फाइटर, चिकित्सा, मीडिया, डाक, कारा सहित कुल १६ श्रेणी के कर्मचारियों को अब्सेंटी वोटर्स में शामिल किया गया है।

## दीपांकर भट्टाचार्य ने पीएम पर कथित नफरती भाषण का आरोप लगाया, जताई आपत्ति

### चुनाव आयोग से एक्शन लेने की अपील



**रांची (ससे):** सीपीआई एमएल , भाकपा माले के राष्ट्रीय महासचिव दीपांकर भट्टाचार्य ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की ओर से कथित नफरती भाषण पर आपत्ति जताई है। रांची में सोमवार को पत्रकारों से बातचीत में उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री ने चुनावी जनसभा के दौरान जिस तरह से नफरत की भाषण दिया है उसमें एक वर्ग विशेष को टारगेट किया गया है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री के भाषण के मामले को लेकर वह चुनाव आयोग से एक्शन लेने की अपील करेंगे। दीपांकर भट्टाचार्य ने कहा कि प्रधानमंत्री के भाषण से हेट स्पीच कैंपेन हो गया है। उन्होंने कहा कि जनता के समक्ष महंगाई और बेरोजगारी एक बड़ा मुद्दा है। चुनाव में सीपीआई एमएल इसे काफी अहम मानती है।

## बेलोसा बबीता कच्छप और पास्टर संजय कुमार तिर्की ने नामजदगी का पर्चा दाखिल किया

**खूंटी (ससे):** सोमवार को खूंटी लोकसभा के लिए पत्थलगड़ी नेत्री बेलोसा बबीता कच्छप ने नामांकन दाखिल किया। भारत आदिवासी पार्टी के बैनर पर बबीता कच्छप चुनाव मैदान में उतरने को तैयार है। वहीं निर्दलीय प्रत्याशी के रूप में कर्रा क्षेत्र के पास्टर संजय कुमार तिर्की ने भी नामांकन किया। भारत आदिवासी पार्टी की प्रत्याशी बेलोसा बबीता कच्छप ने मीडिया से बातचीत में कहा कि नामांकन में मेरे साथ भीड़ दिखाई नहीं दे रही है लेकिन जल जंगल जमीन से जुड़े लोग उनके साथ हैं उन्हें गांव गांव से पत्थलगड़ी आंदोलन के लोग अपना नेता अगुवा मानते रहे हैं।

उन्होंने कहा कि एक छोटी सी चिंगारी काफी है आन्दोलन को वोटबैंक में बदलने के लिए। पूर्व सीएम रघुवर दास के शासनकाल में जल जंगल जमीन पर सीएनटी एक्ट का उल्लंघन किया गया और लैंड बैंक के माध्यम से जमीन की बेतहाशा लूट की गई। साथ ही स्थानीय नीति और नियोजन नीति नहीं बनने के कारण स्थानीय लोगों को रोजगार नहीं मिल रही है।

झारखण्ड के खनिज संपदा की लूट की जा रही है। वन अधिकार कानून का उल्लंघन कर जंगल लूटे जा रहे हैं। इन सभी मुद्दों पर आदिवासी जनता एकजुट है और इसबार उसका परिणाम मतदान और मतगणना में भी दिखेगा। बेलोसा बबीता कच्छप ने कहा कि भारत आदिवासी पार्टी देश के अंदर मात्र १५ दिनों के प्रयास से ४ विधायकों को जीत दिलाने में सफल रही है। आदिवासी और शोषित पीड़ित समुदाय का विश्वास भारत आदिवासी पार्टी पर बढ़ा है और यह विश्वास आगे भी देखने को मिलेगा। बेलोसा बबीता कच्छप ने यह भी कहा कि राष्ट्रीय पार्टियों के प्रत्याशी भारत आदिवासी पार्टी के मैदान में उतरने से भयभीत हैं।

## कांग्रेस उम्मीदवार बनाए जाने के बाद यशस्विनी सहाय ने शुरू किया जनसंपर्क, ईचागढ़ प्रखंड के विभिन्न क्षेत्रों का तूफानी दौरा किया

**रांची (ससे):** रांची की प्रतिष्ठित लोकसभा सीट से इंडिया गठबंधन की काँग्रेस उम्मीदवार बनाए जाने के बाद यशस्विनी सहाय ने जनसंपर्क शुरू कर दिया है। यशस्विनी सहाय टिकट मिलने के बाद सोमवार को ईचागढ़ विधानसभा क्षेत्र के दौरे पर पहुंची और लोगों से मुलाक़ात की।



इस दौरान उनका स्वागत भी हुआ। अपने पिता सह पूर्व केंद्रीय मंत्री सुबोधकांत सहाय के साथ उन्होंने ईचागढ़ प्रखंड के विभिन्न क्षेत्रों का तूफानी दौरा किया।

## विहिप द्वारा आज पूरे प्रांत में श्री हनुमान जन्मोत्सव मनाया जाएगा

**रांची (ससे):** सोमवार को विश्व हिंदू परिषद झारखंड प्रांत द्वारा होटल ग्रीन एकर्स में प्रेस वार्ता आयोजित किया गया। प्रेस वार्ता में श्री हनुमान जन्मोत्सव पर आयोजित होने वाले कार्यक्रमों की जानकारी दी गई।विश्व हिंदू परिषद के झारखंड प्रांत अध्यक्ष चंद्रकांत रायपत ने बताया पूरे प्रांत में रामनवमी का त्यौहार शांतिपूर्वक संपन्न हुआ तथा साथ ही विश्व हिंदू परिषद का केंद्रीय कार्यक्रम रामोत्सव जो ९ अप्रैल से प्रांत के सभी जिलों के प्रखंडों एवं पंचायतों में लगभग ११००० स्थान पर आयोजित किए गए। श्री रामोत्सव के बाद मंगलवार २३ अप्रैल को चैत्र पूर्णिमा के दिन विहिप द्वारा पूरे प्रांत में श्री हनुमान जन्मोत्सव मनाया जाएगा । इस आयोजन में अन्य अभी वैचारिक संगठन भी अपने-अपने स्तर से श्री हनुमान जन्मोत्सव का तैयारी कर रहे हैं।



इस वर्ष विशेष आयोजन की तैयारी पूरे प्रांत में की जा रही है।प्रांत मंत्री मिथलेश्वर मिश्र जी ने बताया कि प्रांत के लगभग ३१००० स्थान में मंदिर एवं घरों में श्री हनुमान चालीसा का सामूहिक पाठ किया जाएगा जिसमें अन्य धार्मिक एवं सामाजिक संगठन के अन्य लोग भी सम्मिलित होंगे। एकल अभियान से रेखा जैन ने बताया हनुमान जन्मोत्सव के दिन एकल अभियान के द्वारा सभी पर कार्यक्रम की तैयारी कर ली गई है। विद्या भारती मनोज भारद्वाज ने बताया कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए पूरे प्रांत में विद्या भारती स्कूल में इसकी तैयारी की है । इस कार्यक्रम के माध्यम से युवाओं में एक नई ऊर्जा का संचार होगा। प्रेस वार्ता में प्रांत अध्यक्ष चंद्रकांत रायपात,प्रांत मंत्री मिथिलेश्वर मिश्र, विशेष संपर्क प्रांत सहप्रमुख प्रिंस आजमानी , प्रांत प्रचार प्रसार सहप्रमुख प्रकाश रंजन ,कैलाश केसरी रांची महानगर अध्यक्ष सतीश गुप्ता, वी के गद्यान चिन्मया मिशन, मुकेश अग्रवाल उपस्थित थे।

## विकास सतत प्रक्रिया का हिस्सा, इसका श्रेय किसी एक जनप्रतिनिधि को नहीं दिया जा सकता : प्रदीप यादव

**दुमका (ससे):** दुमका में सोमवार को कांग्रेस-भवन में पार्टी नेता सह गोड्डा प्रत्याशी प्रदीप यादव ने संवाददाता सम्मेलन कर कहा कि पार्टी ने उन्हें गोड्डा लोकसभा सीट से उम्मीदवार बनाकर उन पर जो भरोसा किया है, उसे वह साबित करेंगे। दीपिका सिंह पांडेय का टिकट कटने के सवाल पर उन्होंने कहा कि यह आलाकमान का फैसला है। मैंने खुद कभी उनके टिकट का विरोध नहीं किया। उन्होंने भरोसा जताया कि दीपिका पांडेय सिंह और फुरकान अंसारी का भी उन्हें समर्थन मिलेगा। उन्होंने कहा कि २५ वर्षों से विधायक के रूप में जनता की सेवा करने के बाद उन्हें लोकसभा में क्षेत्र की समस्याओं को उठाने के लिए जनता का आशीर्वाद मिलेगा। प्रदीप यादव ने कहा कि झारखंड की समस्या, उसके हक और हिस्सेदारी के मुद्दे को राष्ट्रीय स्तर पर उठाने के लिए ही वह इस लोकसभा चुनाव में उम्मीदवार बने हैं। गोड्डा सांसद निशिकांत दुबे के



इस चुनाव में अपने लिए एकतरफा मुकाबला होने के दावे पर प्रदीप यादव ने कहा कि वह अपने प्रतिद्वंदी को कमजोर नहीं मानते, लेकिन अपने जनाधार और पार्टी की संगठनात्मक ताकत की बदौलत वह इस चुनाव में जनता के बीच जायेंगे। उन्होंने गोड्डा संसदीय क्षेत्र में हुए विकास कार्य को विकास की सतत प्रक्रिया का हिस्सा बताया। कहा कि इसका श्रेय किसी एक जनप्रतिनिधि को नहीं दिया जा सकता। इससे पहले दुमका व्यवहार न्यायालय में अपने खिलाफ चल रहे एक मुकदमे के सिलसिले में प्रदीप यादव पेश हुए ।

## गोड्डा लोकसभा जीत हार की कोई बात ही नहीं है सिर्फ मार्जिन की बात है:निशिकांत दुबे

**देवघर (ससे):** गोड्डा लोकसभा से महागठबंधन प्रत्याशी दीपिका सिंह पांडे का टिकट कटने के बाद प्रदीप यादव को महागठबंधन प्रत्याशी बनाए जाने पर निशिकांत दुबे ने प्रदीप यादव पर जमकर निशाना साधा । निशिकांत दुबे ने कहा कि प्रदीप यादव चार बार इस लोकसभा से हार चुके हैं तीन बार खुद उनसे हारे हैं और एक बार फुरकान अंसारी से हारे हैं । इसके अलावे कांग्रेस पार्टी इन दिनों बौखलाहट और हड़बड़ाहट में है तभी एक महिला का टिकट काट के बलात्कार के आरोपी प्रदीप यादव को टिकट मिला है । प्रदीप यादव की दुमका कोर्ट में बलात्कार के आरोप को लेकर पेशी हुई है और यह बलात्कार और कोई और नहीं उनके ही पार्टी के कार्यकर्ता के द्वारा लगाई गई है । गोड्डा लोकसभा जीत हार की कोई बात ही नहीं है सिर्फ मार्जिन की बात है । इसके साथ ही गोड्डा लोकसभा में एक सक्षम उम्मीदवार के साथ फाइट की जा सकती है बलात्कार के आरोपी के साथ नहीं । प्रदीप यादव कहा करते थे कि गोड्डा में जब ट्रेन आ जाएगी या उसकी सिटी भी सुनाई देगी तो वह सब राजनीति से संन्यास ले लेंगे लेकिन स्थिति क्या है वह सभी के बीच है।

## भाजपा चुनाव कार्यालय का उद्घाटन, मोदी का दौड़ता हुआ भारत है ना थकता है ना झुकता है:संजय सेठ

**रांची (ससे):** भाजपा द्वारा लोकसभा चुनाव के सिलसिले में सोमवार को कांके विधानसभा चुनाव कार्यालय का उद्घाटन संपन्न हुआ । कांके रिंग रोड पर कांके विधानसभा चुनावी कार्यालय रांची लोकसभा के अंतर्गत खोला गया है । इस अवसर पर प्रत्याशी सह संसद संजय सेठ राज्यसभा सांसद आदित्य साहू कांके के विधायक समरी लाल, मनोज महतो बाजपेई संयोजक संजीव विजयवर्गीय रमाकांत महतो विशेष रूप से उपस्थित रहे। इस अवसर पर राज्यसभा सांसद सह प्रदेश के महामंत्री आदित्य साहू ने कहा ने अपने संबोधन में कहा यह चुनाव देश के दिशा और दशा तय करेगी इसलिए हम सबों को २५ मई को अपने-अपने बूथ पर ज्यादा से ज्यादा मतदान करने की जरूरत है।




भाजपा का मंत्र है बूथ जीतो चुनाव जीतो इसलिए हम सभी कार्यकर्ताओं को अपने-अपने बूथ पर डटकर खड़ा रहना है और मतदाताओं को मतदान करने के लिए प्रेरित करना है ताकि ज्यादा से ज्यादा मत का प्रयोग हो सके । इस अवसर पर प्रत्याशी सह सांसद संजय सेठ ने कहा यह मोदी का दौड़ता हुआ भारत है ना थकता है ना झुकता है । दुश्मनों के आंखों में आंख डालकर बात करने वाला भारत है पहले ऐसा होता था कि पाकिस्तान आतंकवादियों की घुसपैठ करा करके कश्मीर, पंजाब, आदि जगहों पर हमले करवा देता था तब भारत इसका महज मौखिक ही विरोध दर्ज करता था, परंतु प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आकर यह परिपाटी बदली और आतंक को उसी के घर में घुसकर जवाब देने की सेना को खुली छूट दे दी सर्जिकल और एयर स्ट्राइक के जरिए भारतीय सेना ने यह बता दिया कि भारतीय सेना वक्त आने पर कुछ भी करने में सक्षम है।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में गरीब कल्याण से लेकर राष्ट्रीय नव निर्माण तक हर क्षेत्र में बेहतरीन कार्य हुए हैं । प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश आगे बढ़ रहा है हम दुनिया की पांचवी अर्थव्यवस्था बन गए हैं विगत १० वर्षों में प्रधानमंत्री ने देश की तस्वीर और तकदीर बदल दी। इस अवसर पर कमलेश रामग्रामीण जिला अध्यक्ष सुरेंद्र महतो, नसीब लाल महतो, प्रीतम साहू सुजाता कच्छप नीरज पासवान बलराम सिंह, जितेंद्र सिंह पटेल ,हृदय साहू, राम लखन मुंडा , सहित कांके विधानसभा क्षेत्र के सभी मंडल अध्यक्ष महानगर और ग्रामीण के पदाधिकारी उपस्थित थे।

# संपादकीय

## निष्पक्ष चुनाव कराने में ईसी को सहयोग करने की जरूरत

आम चुनाव के पहले चरण का मतदान संपन्न हो गया। ज्यादातर इलाकों में तेज गर्मी के बावजूद लोगों में मतदान को लेकर उत्साह देखा गया। हालांकि कुछ जगहों पर हिंसक घटनाओं ने जरूर लोकतंत्र के इस उत्सव को बदरंग करने की कोशिश की, पर अच्छी बात है कि उनसे मतदाताओं और मतदान की प्रक्रिया पर बहुत नकारात्मक असर नहीं देखा गया।

मणिपुर लंबे समय से जातीय हिंसा की चपेट में है और वहां पहले से चुनाव के विरोध का स्वर उभर रहा था। इसलिए अगर कुछ मतदान केंद्रों पर उपद्रव की घटनाएं हुईं, तो इसकी वजहें समझी जा सकती हैं। वहां चुनाव कराना निर्वाचन आयोग के सामने बड़ी चुनौती थी। इसके अलावा छत्तीसगढ़ के बीजापुर में एक मतदान केंद्र के पास नक्सलियों ने विस्फोट किया।

यह भी कोई अनपेक्षित घटना नहीं थी, क्योंकि मतदान से दो दिन पहले ही वहां सुरक्षाबलों ने उनतीस नक्सलियों को मार गिराया था। उस घटना की प्रतिक्रिया में हमले की आशंका पहले से थी। हालांकि वहां भी कोई बड़ा नुकसान नहीं हुआ और मतदान की प्रक्रिया में बाधा उत्पन्न नहीं हुई। मगर पश्चिम बंगाल में जिस तरह की हिंसा देखी गई, वह जरूर चिंता पैदा करती है।

पश्चिम बंगाल के हर चुनाव में हिंसा की आशंका बनी रहती है। पिछले कुछ वर्षों से जिस तरह भाजपा और तृणमूल कांग्रेस के कार्यकर्ता छोटी-छोटी बातों को लेकर गुत्थमगुत्था होते और हिंसक घटनाएं करते देखे जाते रहे हैं, उसमें इस चुनाव में भी व्यापक हिंसा की आशंका पहले से जताई जा रही है। उसकी शुरुआत कूचबिहार में देखी गई। वहां भाजपा के प्रत्याशी ने आरोप



लगाया कि राज्य के सत्तारूढ़ दल के कार्यकर्ता लोगों को धमकाने और मतदान से रोकने का प्रयास करते रहे। यही आरोप तृणमूल कांग्रेस ने भी भाजपा कार्यकर्ताओं पर लगाए। उपद्रवियों की धर-पकड़ और हिंसा पर काबू पाने के क्रम में की गई तलाशी में कई बम भी बरामद किए गए। जाहिर है, हिंसा की तैयारियां वहां पहले से की गई थीं।

पश्चिम बंगाल के हर चुनाव में निर्वाचन आयोग अतिरिक्त रूप से सतर्क रहता है। इसलिए भी कूचबिहार में किसी बड़ी घटना की साजिशों को रोकने में कामयाबी मिल गई। मगर अभी वहां बाकी चरणों के चुनाव होने हैं, जिनमें हिंसा की आशंका बनी हुई है। यह राज्य सरकार की जिम्मेदारी बनती है कि वह स्वतंत्र और निष्पक्ष चुनाव कराने में निर्वाचन आयोग का सहयोग करे।

यह ठीक है कि राजनीतिक दल अपनी विजय सुनिश्चित करने के लिए मतदाताओं को अपने पक्ष में करने की कोशिश करते हैं। मगर इसका लोकतांत्रिक तरीका होता है। ऐसा नहीं कि प्रतिद्वंद्वी दल के कार्यकर्ताओं पर हिंसक हमले करके उन्हें मतदान से रोका और अपने पक्ष में अधिक से अधिक मतदान कराने का प्रयास किया जाए।

अगर कोई राजनीतिक दल अपने कामकाज और सैद्धांतिक प्रभाव से मतदाता का विश्वास अर्जित नहीं कर पाता, तो उसे जीत का कोई नैतिक अधिकार नहीं रह जाता। मगर कुछ समय से धनबल और बाहुबल के जरिए चुनाव को अपने पक्ष में करने की अनैतिक कोशिशें बढ़ी हैं। लोकतंत्र मतदाता के भरोसे और विश्वास पर टिका होता है, अनैतिक तरीकों से मत अर्जित कर सत्ता में पहुंचे लोगों से लोकतंत्र की सुरक्षा की उम्मीद नहीं की जाती। जब तक राजनीतिक दल हिंसा के जरिए सत्ता में पहुंचने या बने रहने का रास्ता नहीं छोड़ेंगे, तब तक सही अर्थों में चुनाव लोकतंत्र का उत्सव नहीं बन पाएंगे।

## सोशल मीडिया से...



कांग्रेस के इतने हाल खराब हैं भाइयों। अब देखिए कांग्रेस ने देश पर 60 साल तक राज किया। इसी कांग्रेस ने हमारी माताओं-बहनों को शौचालय, घरेलू गैस, बिजली-पानी, बैंक अकाउंट जैसी छोटी-छोटी चीजों के लिए तरसाया। इसी कांग्रेस ने परिवारवाद और भ्रष्टाचार का दीमक फैलाकर देश को खोखला कर दिया।

**नरेंद्र मोदी**, प्रधानमंत्री

पीएम ने परिवारवाद खत्म किया। देश को सुरक्षित किया, आतंक को खत्म किया। इंडी गठबंधन के लोग कहते हैं बिहार-राजस्थान को कश्मीर से क्या मतलब। कश्मीर हमारा है। लालू की लालटेन और पंजे के साथ जाएंगे तो अत्याचार, दंगा मिलेगा। कमल के साथ आएंगे तो डबल इंजन की सरकार खुशहाली आएगी।

**अमित शाह**, केंद्रीय गृहमंत्री





मैं कई जगह घूमा। जहां भी गया, वहां लोगों के प्रमुख मुद्दे महंगाई-बेरोजगारी हैं। महंगाई गरीबों की कमर तोड़ रही है। जान ले रही है। कोई खुश नहीं है। एक ही आदमी मोदी खुश है। लोग गरीबी में रहें, उनको खाना न मिले, उनकी आमदनी न बढ़े, यही मोदी का मेन मकसद है।

**मल्लिकार्जुन खड़गे**, कांग्रेस अध्यक्ष

नक्सलवाद के साथ कांग्रेस का आंतरिक समझौता था। कांग्रेस के राज में कमीशनखोरी जमकर होती थी। कमीशनखोरी को लगाम लगाने का काम बीजेपी ने किया है। अयोध्या में रामलला आ गए हैं। राम राज की स्थापना मोदीजी के नेतृत्व में होने जा रही है। इसके लिए मोदीजी को जिताना जरूरी है।

**योगी आदित्यनाथ**, सीएम उप्र



### आज का कार्टून




## किसने लिखा संविधान, और किसने किया उसमें बार बार बदलाव?

**असल में भारतीय संसद ने 1972 में एक संविधान संशोधन करके केरल भूमि सुधार अधनियम 1971 को मान्य कर दिया था। इसके कारण केरल राज्य धार्मिक मठों और एक सीमा से अधिक जमीन रखनेवालों की जमीन उनसे वापस लेकर भूमिहीनों में बांट रही थी। इसमें केशवानंद भारती का इडनीर मठ भी था जिसकी जमीन केरल सरकार ने जब्त कर ली थी। इसी के खिलाफ वो सुप्रीम कोर्ट आये थे और इसी केस में सुप्रीम कोर्ट ने 7:6 के निर्णय से संविधान में संशोधन के संसदीय अधिकार को मान्य किया था। जो लोकसभा चुनाव होते हैं वो संवैधानिक रूप से कानून बनानेवालों को चुनने के ही चुनाव होते हैं। जो जन प्रतिनिधि होते हैं उन्हें संविधान में संशोधन का पूरा संवैधानिक अधिकार प्राप्त होता है। इसीलिए संविधान लागू होने के बाद से संसद 106 बार संविधान में संशोधन कर चुकी है। पहला संशोधन तो 1951 में संविधान को स्वीकार करने के अगले ही साल खुद जवाहरलाल नेहरू की सरकार ने ही कर दिया था।**

संजय तिवारी

राहुल गांधी को यह चिंता खाये जा रही है अगर तीसरी बार नरेन्द्र मोदी सत्ता में आ गये तो संविधान बदल देंगे। बदल क्या देंगे, खत्म ही कर देंगे। इसलिए जिस चुनावी सभा में जा रहे हैं, बस यही रट लगा रहे हैं कि बीजेपीवाले तो संविधान का सम्मान नहीं करते। अबकी सत्ता में आये तो बदल ही देंगे।

मीडिया में राहुल गांधी के इन बयानों की चर्चा तो होती है लेकिन क्या उस जनता पर कोई असर होता है जिसके सामने राहुल गांधी संविधान बचाने की दुहाई देते हैं? असल में इसी सवाल से राहुल गांधी की समझ पर सवाल खड़ा होता है। क्या सचमुच भारत के सामान्य जन मानस पर ऐसी बातों का कोई असर होता है जैसा राहुल गांधी प्रचारित करते रहते हैं? या फिर वो जानबूझकर एक ऐसे समूह को भड़का रहे हैं जो यह तो नहीं जानता कि संविधान कैसे खत्म होगा लेकिन यह जरूर जानता है कि इसे उसके बाबा साहब ने लिखा है।

यह बात इसलिए क्योंकि देश में यह भ्रम खूब अच्छे से प्रचारित कर दिया गया है कि डॉ भीमराव अंबेडकर संविधान निर्माता हैं। अंबेडकर के नाम पर एक खास जाति समूह को गोलबंद करने के लिए कुछ नेताओं ने यह भ्रम फैलाना शुरु किया कि डॉ भीमराव अंबेडकर अकेले संविधान निर्माता हैं। इससे उनका वोटबैंक तो गोलबंद हुआ लेकिन यह इतना अधिक प्रचारित हो गया है कि कोई नेता अब इस नैरेटिव के उलट जाकर सच बोलने का साहस ही नहीं रखता।

बहुत महीन विवरण में न भी जाएं तो हर पढा लिखा व्यक्ति यह जानता है कि भारत के संविधान निर्माण का काम संविधान सभा ने किया है। इस संविधान सभा के अध्यक्ष डॉ राजेन्द्र प्रसाद थे और इसकी ड्राफ्टिंग कमेटी के चेयरमैन डॉ भीमराव अंबेडकर। निश्चित रूप से भारत के संविधान निर्माण में डॉ अंबेडकर का योगदान है लेकिन उन्हें संविधान निर्माता बताना पूरे लोकतंत्र पर सवाल उठाने जैसा होगा।

संसार में कहीं भी कोई भी ऐसा लोकतंत्र नहीं स्थापित हुआ जहां किसी एक व्यक्ति ने संविधान या कांस्टीट्यूशन लिख दिया हो और उसे पूरे देश पर लागू कर दिया गया हो। अगर ऐसा कहीं होगा तो फिर तानाशाही और लोकतंत्र में फर्क क्या रह जाएगा?

एक व्यक्ति किसी एक देश का संविधान लिख ही नहीं सकता। संविधान बनाने की एक सामान्य प्रक्रिया यही रही है कि इसके लिए समाज, राजनीति और कानून के जानकार लोगों की कमेटी या सभा बनती है और वो कई कई महीने चर्चा करके किसी देश का संविधान बनाते हैं। हाल फिलहाल में नेपाल में भी यही हुआ है जहां एक समिति ने ही संविधान बनाया और उसे लागू किया है।

फिर भी संविधान में इतना लचीलापन छोड़कर रखा जाता है कि भविष्य में आनेवाली पीढियां अपनी जरूरत और समय की मांग के अनुसार उसमें जैसा चाहें वैसा बदलाव कर सकती हैं। यह लचीलापन ही संविधान को समय के साथ चलने लायक बनाता है वरना सदियों पहले लिखी गयीं मजहबी किताबों और किसी लोकतांत्रिक देश के संविधान में फर्क क्या रह जाएगा? अगर किसी संविधान को इस तरह से लिखा जाए कि इसे भविष्य में कभी बदला नहीं जाएगा तो फिर ऐसा संविधान लोकतंत्र को ही खत्म कर देगा। फिर किस बात का संविधान और किसके लिए?




इसीलिए 1973 के ऐतिहासिक केशवानंद भारती बनाम केरल राज्य के केस में सुप्रीम कोर्ट की 13 जजों की सबसे बड़ी संवैधानिक पीठ ने यह फैसला दिया था कि संविधान में संशोधन हो सकते हैं लेकिन उसके मूल ढांचे में परवर्तिन नहीं हो सकता। इस पीठ ने यह माना कि संसद को संविधान में संशोधन करने का अधिकार है, बस संविधान के मूल ढांचे में परिवर्तन नहीं किया जा सकता। सुप्रीम कोर्ट की संवैधानिक पीठ ने संविधान को लिविंग डाक्यूमेन्ट कहा था जिसमें बदलते समय और जरूरतों के हिसाब से मूल ढांचे में छेड़छाड़ किये बिना बदलाव किये जा सकते हैं।

असल में भारतीय संसद ने 1972 में एक संविधान संशोधन करके केरल भूमि सुधार अधनियम 1971 को मान्य कर दिया था। इसके कारण केरल राज्य धार्मिक मठों और एक सीमा से अधिक जमीन रखनेवालों की जमीन उनसे वापस लेकर भूमिहीनों में बांट रही थी। इसमें केशवानंद भारती का इडनीर मठ भी था जिसकी जमीन केरल सरकार ने जब्त कर ली थी। इसी के खिलाफ वो सुप्रीम कोर्ट आये थे और इसी केस में सुप्रीम कोर्ट ने 7:6 के निर्णय से संविधान में संशोधन के संसदीय अधिकार को मान्य किया था।

जो लोकसभा चुनाव होते हैं वो संवैधानिक रूप से कानून बनानेवालों को चुनने के ही चुनाव होते हैं। जो जन प्रतिनिधि होते हैं उन्हें संविधान में संशोधन का पूरा संवैधानिक अधिकार प्राप्त होता है। इसीलिए संविधान लागू होने के बाद से संसद 106 बार संविधान में संसोधन कर चुकी है। पहला संसोधन तो 1951 में संविधान को स्वीकार करने के अगले ही साल खुद जवाहरलाल नेहरू की सरकार ने ही कर दिया था। इसीलिए नितिन गड़करी कह रहे हैं कि अकेले कांग्रेस की सरकारों में ही 80 संवैधानिक संसोधन किये गये। क्या उस समय किसी ने कहा कि कांग्रेस भारत के संविधान को बदलकर देश पर कब्जा कर रही है?

1973 में सुप्रीम कोर्ट ने भले ही यह कह दिया हो कि संविधान के मूल सिद्धांतों और ढांचे में बदलाव नहीं किया जा सकता लेकिन 1976 में इंदिरा गांधी सरकार ने जो 42 संविधान संशोधन किया उसमें न केवल संविधान के मूल ढांचे में बदलाव किया गया बल्कि संविधान की प्रस्तावना तक को बिना संसद की मंजूरी के बदल दिया गया। इसी संविधान संशोधन में संविधान निर्माताओं की नीति से उलट जाकर प्रस्तावना में सेकुलर और सोशलिस्ट शब्द जोड़ा गया जो भारतीय संविधान के इतिहास की सबसे बड़ी छेड़छाड़ है जिसे उसी राहुल गांधी के पूर्वजों ने किया जिसके नाम की वो राजनीति करते हैं।

यह संविधान संशोधन इतना व्यापक था कि इसे मिनी कांस्टीटयूशन तक कहा गया। आर्टिकल 51ए में बदलाव करके 10 नागरिक कर्तव्य जोड़े गये तथा नीति निर्देशक सिद्धांतों को मौलिक अधिकारों के ऊपर कर दिया गया। इस संविधान संशोधन में यहां तक संविधान को बदल दिया गया कि नीति निर्देशक सिद्धांतों में होनेवाले बदलाव की सुप्रीम कोर्ट में भी समीक्षा नहीं हो सकती।

42 संवैधानिक संसोधन में ऐसा नहीं है कि जो कुछ बदलाव हुए वो सब बुरी नीयत से हुए। लेकिन कई ऐसी बातें भी जोड़ी गयी जो उस समय की इंदिरा गांधी सरकार की जरूरत थी। मसलन, अब केन्द्र सरकार बिना राज्य सरकार की सहमति के भी राज्यों में अर्धसैनिक बलों की तैनाती कर सकती है। यह संविधान संशोधन इंदिरा गांधी ने क्यों किया होगा इसे आपातकाल को देखनेवाले अच्छे से समझ सकते हैं।

इसलिए यह कहना कि संविधान में बदलाव नहीं हो सकता यह अपने आप में लोकतंत्र विरोधी बात है। लेकिन राहुल गांधी अपने कम्युनिस्ट सलाहकारों की राय पर अगर यह बात बार बार बोल रहे हैं तो उनका उद्देश्य संविधान की रक्षा करने से अधिक उस झूठ की खेती करना है जिसमें समाज की एक जाति को यह समझा दिया गया है कि संविधान का निर्माण बाबा साहेब अंबेडकर ने किया था। इसमें बदलाव का अर्थ होगा अंबेडकर द्वारा लिखी गयी बातों में बदलाव। जब राहुल गांधी बार-बार यह बात बोलते हैं तो वो उसी वर्ग की नजर में संविधान रक्षक बनना चाहते हैं।

ऐसे झूठ और गैर लोकतांत्रिक बातों से किसी को फायदा हो न हो लोकतंत्र को नुकासन जरूर पहुंचता है। बहरहाल राहुल गांधी के इस झूठे दुष्प्रचार का जवाब देते हुए प्रधानमंत्री मोदी ने 16 अप्रैल को बिहार में गया की जनसभा में कम से कम अंबेडकर के साथ डॉ राजेन्द्र प्रसाद का नाम तो लिया है। उन्होंने कहा कि यह (संविधान) डॉ राजेन्द्र प्रसाद के नेतृत्व और बाबा साहेब अंबेडकर की देन है। सीमित सच ही सही लेकिन मोदी ने यह कहने का साहस तो किया है कि संविधान निर्माण कैसे हुआ है। उम्मीद करनी चाहिए कम्युनिस्ट विचारकों और राहुल गांधी जैसे प्रचारकों के जरिए बार-बार संविधान में बदलाव का जो झूठ फैलाया जाता है, उस झूठ से पर्दा जरूर हटेगा।

## यह चुनाव पिछले 2 चुनावों की तरह एकतरफा नहीं होगा

**चुनावी भविष्यवाणी करना जोखिम भरा होता है। फिर भी तय है कि 2024 का लोकसभा चुनाव पिछले दो चुनावों की तरह एकतरफा नहीं दिख रहा। बेशक सत्तारूढ़ एनडीए के पास 10 साल से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के रूप में लोकप्रिय चेहरा है। मोदी सरकार की 'हैट्रिक' का नारा देते हुए भाजपा और एन.डी.ए. के लिए क्रमशः 370 एवं 400 सीटों का लक्ष्य भी घोषित कर दिया है। विपक्षी गठबंधन 'इंडिया' के मद्देनजर इसे एन.डी.ए. की बढ़त कह सकते हैं, पर 10 साल की सत्ता के बाद भी छोटे-छोटे दलों की जरूरत प्रतिकूल संकेत भी है।**

राज कुमार सिंह

एन.डी.ए. 26 साल पहले अटल बिहारी वाजपेयी के समय बना था, पर मोदी राज में उसका महत्व पिछले साल 'इंडिया' गठबंधन बनने के बाद ज्यादा दिखा। घटक दलों की संख्या के खेल में छोटे दलों को साथ लेने में संकोच दोनों में से किसी गठबंधन ने नहीं किया। क्या इसीलिए कि चुनावी मुकाबला इतना कड़ा हो सकता है कि दो-चार प्रतिशत वोट भी निर्णायक साबित होंगे? यू.पी.ए. सरकार पर भ्रष्टाचार के आरोपों के साए में हुए 2014 के लोकसभा चुनाव में विकास के गुजरात मॉडल के साथ नरेंद्र मोदी उम्मीद की किरण की तरह थे। देश ने उनके हर वादे पर विश्वास किया। 2019 का चुनाव आते-आते विपक्ष अच्छे दिन आने, विदेशों से काला धन वापस लाने और हर साल 2 करोड़ नौकरियां देने जैसे अधूरे वायदों पर सवाल उठाने लगा, लेकिन विभाजित विपक्ष के पास न तो विश्वसनीयता थी और न ही मोदी के मुकाबले नेता। फिर भी 2019 के जनादेश में पुलवामा के प्रभाव से कौन इंकार कर सकता है? उसके बावजूद भाजपा 303 और एन.डी.ए. 353 सीटें ही जीत पाए। कर्नाटक और तेलंगाना के अलावा किसी दक्षिण भारतीय राज्य में खाता नहीं खुला। तमिलनाडु में एम.के. स्टालिन, पश्चिम बंगाल में ममता बनर्जी, ओडिशा में नवीन पटनायक, आंध्र प्रदेश में जगन मोहन रैड्डी और केरल में कांग्रेस के नेतृत्ववाले यू.डी.एफ. के आगे मोदी की करिश्माई छवि काम नहीं आई। फिर अब 370 और 400 का लक्ष्य कैसे मुमकिन होगा, जबकि विपक्ष काफी हद तक एकजुट हो चुका है? लक्ष्य इसलिए भी मुश्किल लगता है कि जिन राज्यों में पिछले चुनाव में एन.डी.ए. ने शानदार प्रदर्शन किया था, वहां इस बार समीकरण बदला हुआ है। महाराष्ट्र में उद्धव ठाकरे की शिवसेना और पंजाब में सुखबीर सिंह बादल का शिरोमणि अकाली दल अब एनडीए में नहीं हैं। 48 लोकसभा सीटों वाले महाराष्ट्र से पिछली बार एन.डी.ए. ने 41 सीटें जीती थीं। तब भाजपा ने 23 और उसके मित्र दल शिवसेना ने 18 सीटें जीती थीं। राज्य में सरकार के नेतृत्व को ले कर हुई तकरार के बाद अब दोनों अलग-अलग पाले में हैं। बेशक शिवसेना में विभाजन के बाद राज्य में उद्धव के नेतृत्व वाली महा विकास अघाड़ी (एम.वी.ए.) सरकार गिर गई। बाद में एन.सी.पी. भी टूट गई। दोनों दलों से बगावत करने वाले गुट अब भाजपा के साथ हैं। एकनाथ शिंदे मुख्यमंत्री हैं, जबकि अजित पवार उप मुख्यमंत्री। नए दोस्तों के सहारे पुराने प्रदर्शन का भरोसा होता तो भाजपा राज ठाकरे की महाराष्ट्र नवनिर्माण सेना से गठबंधन की कोशिश नहीं करती। 42 सीटों वाले पश्चिम बंगाल में



पिछली बार भाजपा ने सत्तारूढ़ तृणमूल कांग्रेस को टक्कर देते हुए 18 सीटें जीती थीं। 'इंडिया' बनने के बावजूद तृणमूल सभी सीटों पर अकेले चुनाव लड़ रही है।

तृणमूल, भाजपा और कांग्रेस-वाम मोर्चा के बीच त्रिकोणीय मुकाबले में चुनावी ऊंट किस करवट बैठेगा कह पाना मुश्किल है। वैसे अलग लड़ कर भी तृणमूल और कांग्रेस-वाम मोर्चा जितनी सीटें जीतेंगे, वे भाजपा विरोधी खेमे में ही रहेंगी। 40 सीटों वाले बिहार में पिछली बार एन.डी.ए. ने 39 सीटें जीत कर लगभग क्लीन स्वीप किया था। नीतीश कुमार फिर पाला बदल कर एन.डी.ए. में लौट चुके हैं, पर रामविलास पासवान की कमी खलेगी, जिनकी लोक जनशक्ति पार्टी ने 6 सीटें जीती थीं? रामविलास के निधन के बाद लोजपा भाई और बेटे की बीच बंट गई। 5 सांसदों के नेता के रूप में भाई पशुपति पारस को भाजपा ने केंद्र में मंत्री बना दिया, लेकिन अब चुनावी दांव बेटे चिराग पर लगाया है। पिछली चुनावी सफलता की पुनरावृत्ति एन.डी.ए. के लिए आसान नहीं लगती। 28 लोकसभा सीटों वाले कर्नाटक में पिछली बार भाजपा की सरकार थी। उसने 25 सीटें जीतीं। भाजपा समर्थित एक निर्दलीय भी जीता। कांग्रेस के हाथों राज्य की सत्ता गंवा चुकी भाजपा के लिए पिछला प्रदर्शन दोहरा पाना नामुमकिन होगा। इसीलिए एच.डी. देवगौड़ा के जद (एस) से गठबंधन किया है। आंध्र में चंद्रबाबू नायडू की टी.डी.पी. और फिल्म अभिनेता पवन कल्याण की जन सेना पार्टी से गठबंधन भाजपा की बड़ी सफलता है, लेकिन ओडिशा में नवीन पटनायक और पंजाब में सुखबीर सिंह बादल ने इंकार कर दिया।

उत्तर प्रदेश, राजस्थान, गुजरात, मध्य प्रदेश, हरियाणा, हिमाचल प्रदेश, उत्तराखंड समेत अपने प्रभाव क्षेत्र में भाजपा पिछले चुनाव में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन कर चुकी है। इसलिए भी मोदी आंध्र, तमिलनाडु और केरल में खाता खोलने और दक्षिण में सीटें बढ़ाने की कवायद में जुटे हैं, पर जिन मुद्दों के सहारे भाजपा उत्तर भारत जीतती है, वे दक्षिण में उतने प्रभावी नहीं होते। जब पिछला चुनावी प्रदर्शन दोहरा पाना मुश्किल है, तब 370 और 400 का लक्ष्य माहौल बनाने की रणनीति ज्यादा लगती है। बेशक चुनाव में कई बार मुद्दों से ज्यादा माहौल निर्णायक साबित होता है। भाजपा माहौल बनाने में माहिर भी है। उसके पास राम मंदिर, धारा-370 और तीन तलाक जैसे भावनात्मक मुद्दे हैं, लेकिन मुद्दों की कमी विपक्ष के पास भी नहीं।

हर साल 2 करोड़ नौकरियां देने तथा विदेशों से काला धन वापस लाने जैसे अधूरे वादों के अलावा रिकॉर्ड बेरोजगारी और बेलगाम महंगाई जैसे मुद्दों के तीर विपक्ष के तरकश में भी हैं। मोदी भ्रष्टाचार को विपक्ष के विरुद्ध बड़ा मुद्दा बनाते रहे हैं, लेकिन इलैक्टोरल बांड योजना में खुलासों से यही मुद्दा विपक्ष के हाथ भी लग गया है। ई.डी., सी.बी.आई. और इंकम टैक्स विभाग की विपक्षी नेताओं के विरुद्ध अति सक्रियता पर भी सवाल उठ रहे हैं। ऐसे में चुनाव परिणाम मुख्यतः इस पर निर्भर करेंगे कि सत्तापक्ष और विपक्ष में से कौन अपने मुद्दों को ज्यादा प्रभावी ढंग से उठाते हुए माहौल बना सकता है, जो अभी तक तो नजर नहीं आ रहा।

# आईपीएम में साधारण प्रदर्शन के चलते हार्दिक पंड्या और केएल राहुल को वर्ल्ड कप टीम में जगह मिलना मुश्किल...

नईदिल्ली, एजेंसी। आईसीसी मेन्स टी20 वर्ल्ड कप 2024 का क्रिकेट फैन्स को बेसब्री से इंतजार है. आगामी टी20 वर्ल्ड कप 1 जून से 29 जून तक वेस्टइंडीज और यूएसए में खेला जाना है. इस मेगा इवेंट के लिए आईसीसी ने टीम घोषित करने की डेडलाइन 1 मई रखी है. इस डेट तक में सभी 20 देशों को अपनी-अपनी टीमें चुन लेनी है. यानी भारतीय टीम का भी जल्द ऐलान होने वाला है. टीम चुनने के लिए अजीत अगरकर की अगुवाई में भारतीय चयनकर्ताओं की बैठकर इस महीने की आखिरी तारीख (30 अप्रैल) या अगले माह के पहले दिन हो सकती है.

टीम मीटिंग के दौरान इंडियन प्रीमियर लीग 2024 में भारतीय खिलाड़ियों के प्रदर्शन को भी तवज्जो दिए जाने की संभावना है. टीम इंडिया के हेड कोच राहुल द्रविड़ ने भी ये जोर देकर कहा था कि आईपीएल में प्रदर्शन के आधार पर ही वर्ल्ड कप टीम चुनी जाएगी. द्रविड़ ने माना था कि भारतीय खिलाड़ियों को आगामी टी20 वर्ल्ड कप के लिए तैयारियों का मौका नहीं मिल पाया है. ऐसे में आईपीएल का रोल काफी अहम होगा.

### हार्दिक और राहुल की स्ट्राइक-रेट पर उठे सवाल!

टी20 वर्ल्ड कप के लिए मुंबई इंडियंस के कप्तान हार्दिक पंड्या और लखनऊ सुपर जायंट्स के कप्तान केएल राहुल भी चयन की रेस में हैं. हालांकि इन दोनों खिलाड़ियों ने मौजूदा आईपीएल सीजन में जिस तरह का प्रदर्शन किया है वो उतना संतोषजनक नहीं कहा जा सकता है. हार्दिक-राहुल ने आईपीएल 2024 में अपेक्षाकृत स्लो बैटिंग की है, ऐसे में दोनों का वर्ल्ड कप टीम से पत्ता कट भी सकता है. हार्दिक पंड्या मौजूदा आईपीएल सीजन में अब तक 7 पारियों में 146.87 की स्ट्राइक-रेट से 141 रन ही बना सके हैं. हार्दिक पंड्या बैटिंग में तो फ्लॉप रहे ही हैं, गेंद से भी उनका प्रदर्शन खराब रहा है. हार्दिक ने मौजूदा आईपीएल में 11 की खराब इकोनॉमी रेट से 4 विकेट लिए हैं. जबकि केएल राहुल ने सात मैचों में 143 की स्ट्राइक रेट से 286 रन बनाए हैं.



### अभिषेक-शशांक-कार्तिक कर रहे तूफानी बैटिंग

जहां राहुल और हार्दिक जैसे धुरंधर तेजी से रन बनाने के लिए संघर्ष कर रहे हैं. वहीं अभिषेक शर्मा, अभिषेक पोरेल, शशांक सिंह जैसे खिलाड़ी धुआंधार बैटिंग कर रहे हैं. अभिषेक शर्मा ने तो 215.96 की स्ट्राइकट-रेट से इस सीजन में रन बनाए हैं. शुरुआती सात मैचों में शशांक की भी स्ट्राइक-रेट लगभग 180 रही. वहीं, अभिषेक पोरेल ने 162.63 की स्ट्राइक रेट से स्कोर किए हैं. 38 साल के दिनेश कार्तिक ने भी तूफानी बैटिंग करके दावदारी पेश की है. कार्तिक की स्ट्राइक रेट लगभग 196 रही है.

### टी20 वर्ल्ड कप शेड्यूल

- शनिवार, 1 जून- यूएसए बनाम कनाडा, डलास
- रविवार, 2 जून- वेस्टइंडीज बनाम पापुआ न्यू गिनी, गुयाना
- रविवार, 2 जून- नामीबिया बनाम ओमान, बारबाडोस
- सोमवार, 3 जून- श्रीलंका बनाम साउथ अफ्रीका, न्यूयॉर्क
- सोमवार, 3 जून- अफगानिस्तान बनाम युगांडा, गुयाना
- मंगलवार, 4 जून- इंग्लैंड बनाम स्कॉटलैंड, बारबाडोस
- मंगलवार, 4 जून- नीदरलैंड्स बनाम नेपाल, डलास
- बुधवार, 5 जून- भारत बनाम आयरलैंड, न्यूयॉर्क
- बुधवार, 5 जून- पापुआ न्यू गिनी बनाम युगांडा, गुयाना
- बुधवार, 5 जून- ऑस्ट्रेलिया बनाम ओमान, बारबाडोस
- गुरुवार, 6 जून- यूएसए बनाम पाकिस्तान, डलास
- गुरुवार, 6 जून- नामीबिया बनाम स्कॉटलैंड, बारबाडोस
- शुक्रवार, 7 जून- कनाडा बनाम आयरलैंड, न्यूयॉर्क
- शुक्रवार, 7 जून- न्यूजीलैंड बनाम अफगानिस्तान, गुयाना
- शुक्रवार, 7 जून- श्रीलंका बनाम बांग्लादेश, डलास
- शनिवार, 8 जून- नीदरलैंड्स बनाम साउथ अफ्रीका, न्यूयॉर्क
- शनिवार, 8 जून- ऑस्ट्रेलिया बनाम इंग्लैंड, बारबाडोस
- शनिवार, 8 जून- वेस्टइंडीज बनाम युगांडा, गुयाना
- रविवार, 9 जून- भारत बनाम पाकिस्तान, न्यूयॉर्क
- रविवार, 9 जून- ओमान बनाम स्कॉटलैंड, एंटीगा
- सोमवार, 10 जून- साउथ अफ्रीका बनाम बांग्लादेश, न्यूयॉर्क
- मंगलवार, 11 जून- पाकिस्तान बनाम कनाडा, न्यूयॉर्क
- मंगलवार, 11 जून- श्रीलंका बनाम नेपाल, फ्लोरिडा
- मंगलवार, 11 जून- ऑस्ट्रेलिया बनाम नामीबिया, एंटीगा
- बुधवार, 12 जून- यूएसए बनाम भारत, न्यूयॉर्क
- बुधवार, 12 जून- वेस्टइंडीज बनाम न्यूजीलैंड, त्रिनिदाद
- गुरुवार, 13 जून- इंग्लैंड बनाम ओमान, एंटीगा
- गुरुवार, 13 जून- बांग्लादेश बनाम नीदरलैंड्स, सेंट विंसेंट
- गुरुवार, 13 जून- अफगानिस्तान बनाम पापुआ न्यू गिनी, त्रिनिदाद
- शुक्रवार, 14 जून- यूएसए बनाम आयरलैंड, फ्लोरिडा
- शुक्रवार, 14 जून- साउथ अफ्रीका बनाम नेपाल, सेंट विंसेंट
- शुक्रवार, 14 जून- न्यूजीलैंड बनाम युगांडा, त्रिनिदाद
- शनिवार, 15 जून- भारत बनाम कनाडा, फ्लोरिडा
- शनिवार, 15 जून- नामीबिया बनाम इंग्लैंड, एंटीगा
- शनिवार, 15 जून- ऑस्ट्रेलिया बनाम स्कॉटलैंड, सेंट लूसिया
- रविवार, 16 जून- पाकिस्तान बनाम आयरलैंड, फ्लोरिडा
- रविवार, 16 जून- बांग्लादेश बनाम नेपाल, सेंट विंसेंट
- रविवार, 16 जून- श्रीलंका बनाम नीदरलैंड्स, सेंट लूसिया
- सोमवार, 17 जून- न्यूजीलैंड बनाम पा. न्यू. गिनी, त्रिनिदाद
- सोमवार, 17 जून- वेस्टइंडीज बनाम अफगानिस्तान, सेंट लूसिया
- बुधवार, 19 जून- ए2 बनाम डी1, एंटीगा
- बुधवार, 19 जून- बी1 बनाम सी2, सेंट लूसिया
- गुरुवार, 20 जून- सी1 बनाम ए1, बारबाडोस
- गुरुवार, 20 जून- बी2 बनाम डी2, एंटीगा
- शुक्रवार, 21 जून- बी1 बनाम डी1, सेंट लूसिया
- शुक्रवार, 21 जून- ए2 बनाम सी2, बारबाडोस
- शनिवार, 22 जून- ए1 बनाम डी2, एंटीगा
- शनिवार, 22 जून- सी1 बनाम बी2, सेंट विंसेंट
- रविवार, 23 जून- ए2 बनाम बी1, बारबाडोस
- रविवार, 23 जून- सी2 बनाम डी1, एंटीगा
- सोमवार, 24 जून- बी2 बनाम ए1, सेंट लूसिया
- सोमवार, 24 जून- सी1 बनाम डी2, सेंट विंसेंट
- बुधवार, 26 जून- सेमी 1, गुयाना
- गुरुवार, 27 जून- सेमी 2, त्रिनिदाद
- शनिवार, 29 जून- फाइनल, बारबाडोस

## संक्षिप्त समाचार



### चीन के ओलंपिक पदक विजेताओं के प्रतिबंधित ड्रग्स मामले में वाडा ने अपनी जांच के रुख का किया बचाव

नई दिल्ली, एजेंसी। इस जांच में वाडा ने 20 शीर्ष चीनी तैराकों पर प्रदर्शन-बढ़ाने वाली दवा इस्तेमाल करने के आरोपों का सकारात्मक परीक्षण किया था। हालांकि, इसके बावजूद चीनी तैराकों ने उस साल टोक्यो ओलंपिक की तैराकी प्रतियोगिता में हिस्सा लिया था। विश्व डोपिंग रोधी एजेंसी (वाडा) ने 2021 के एक मामले को गलत तरीके से संभालने के अपमानजनक और पूरी तरह से झूठे आरोपों को खारिज कर दिया। इस जांच में वाडा ने 20 शीर्ष चीनी तैराकों पर प्रदर्शन-बढ़ाने वाली दवा इस्तेमाल करने के आरोपों का सकारात्मक परीक्षण किया था, हालांकि इसके बावजूद चीनी तैराकों ने उस साल टोक्यो ओलंपिक की तैराकी प्रतियोगिता में हिस्सा लिया था। वाडा का ये बयान उस वक्त आया जब अमेरिकी एंटी-डोपिंग एजेंसी चीफ ट्रेविस टाइगर्ट ने वाडा और चीनी अधिकारियों पर इन पॉजिटिव परीक्षणों को दबाने का आरोप लगाया था। सीएनएन के मुताबिक टाइगर्ट ने ये भी आरोप लगाया कि एजेंसी खेलों में ड्रग्स के इस्तेमाल के खिलाफ असरदार नियम बनाने में नाकाम रही है।



### लो स्कोरिंग मैच में गुजरात ने पंजाब को तीन विकेट से हराया

मुल्लांपुर (पंजाब), एजेंसी। साई किशोर के चार विकेट के बाद राहुल तेवतिया के 18 गेंद पर नाबाद 36 रनों की तेज पारी के दम पर आईपीएल के 37वें मैच में यहां पीसीए स्टेडियम में रविवार को गुजरात टाइटंस ने पंजाब किंग्स को पांच गेंद शेष रहते तीन विकेट से हरा दिया। धीमी पिच पर पंजाब के 142 रन के जवाब में गुजरात के बल्लेबाजों ने शुरुआत में संभलकर खेला। पूरे रन चेज में सिर्फ दो छक्के लगे।

ऊपरी क्रम में ओपनर शुभमन गिल (35) तथा तीसरे नंबर के बल्लेबाज साई सुदर्शन (31) ने टीम के लिए आधार तैयार किया। हालांकि 9.2 ओवर में एक विकेट पर 66 रन के बाद अगले छह ओवर में मात्र 37 रन बनाने में उसने चार विकेट गंवा दिये, लेकिन राहुल तेवतिया एक छोर पर डटे रहे। उन्होंने अपनी पारी में सात चौके जड़े।

हर्षल पटेल (तीन ओवर में 15 रन देकर तीन विकेट) ने 19वें ओवर में शाहरुख खान और राशिद खान को आउट कर मेहमान टीम को दो झटके जरूर दिये, लेकिन तब तक काफी देर हो चुकी थी। अंतिम ओवर की पहली ही गेंद पर अर्शदीप सिंह को चौका लगाकर तेवतिया ने टीम को जीत दिला दी।पंजाब की ओर से लियाम लिविंगस्टोन के खाते में दो और अर्शदीप तथा सैम करन के खाते में एक-एक विकेट आये।इस जीत के साथ गुजरात आठ में से चार मैच जीतकर प्वाइंट्स टेबल में छठे स्थान पर पहुंच गया है। पंजाब की टीम आठ में से छह मैच हारकर नवें स्थान पर है।

इससे पहले, साई किशोर की फिरकी के जाल में चार बल्लेबाज फंस गये।पंजाब किंग्स (पीबीकेएस) ने पावर-प्ले में पचास रन बनाकर अच्छी शुरुआत की। लेकिन इसके बाद नियमित अंतराल पर विकेट गिरते रहे।साई किशोर 4-33 के अलावा नूर अहमद 2-20 और राशिद खान 1-15 पंजाब के बल्लेबाजों को खुलकर खेलने नहीं दिया।

शशांक सिंह और आशुतोष शर्मा, जिन्होंने आईपीएल 2024 में अब तक पंजाब किंग्स के लिए कई लड़ाईयां लड़ी हैं, क्रमशः आठ और तीन रन पर आउट हो गए और पंजाब को नाटकीय पतन का सामना करना पड़ा।ओपनक सैम कुरेन (20) और प्रभसिमरन सिंह (21 गेंद में 35) के बाद निचले क्रम में हरप्रीत बरार (12 गेंद पर 29) को छोड़कर बाकि बल्लेबाज कुछ खास नहीं कर सके।

# इंपैक्ट प्लेयर नियम पर बढ़ी तकरार अब डेविड वॉर्नर ने दिया यह सुझाव



नई दिल्ली, एजेंसी। मुंबई इंडियंस के पूर्व कप्तान रोहित शर्मा ने कहा था कि वह इंपैक्ट प्लेयर नियम के फैन नहीं है और इससे भारतीय क्रिकेट को कोई फायदा नहीं होने वाला है। दिल्ली कैपिटल्स के सलामी बल्लेबाज डेविड वॉर्नर ने भी इंपैक्ट प्लेयर नियम को लेकर अपनी राय रखी है। आईपीएल के सबसे सफल विदेशी खिलाड़ी वॉर्नर ने सलाह देते हुए कहा कि इंपैक्ट प्लेयर नियम के चलते प्लेइंग-11 में पांच खिलाड़ियों को शामिल करने की मंजूरी मिलनी चाहिए। हाल के दिनों में इंपैक्ट प्लेयर नियम को लेकर कई खिलाड़ियों ने सवाल खड़े किए हैं, लेकिन वॉर्नर इस नियम के खिलाफ नहीं हैं।

### इंपैक्ट प्लेयर नियम के समर्थन में आए वॉर्नर

वॉर्नर ने इस नियम को लेकर राय व्यक्त करते हुए एक वेबसाइट से कहा, इंपैक्ट प्लेयर नियम होने से टीम में 12 खिलाड़ी खेलते हैं इसलिए आपको पांच विदेशी खिलाड़ियों को प्लेइंग-11 में शामिल होने की मंजूरी देनी चाहिए। अगर आप 12 खिलाड़ियों के साथ खेल रहे हैं तो यह मदद करेगा क्योंकि इससे आप छह गेंदबाजों के साथ उतर सकते हैं और इससे इंपैक्ट के तौर पर ऑलराउंडर की जरूरत नहीं पड़ेगी। लेकिन वे ऐसा कर रहे हैं और बल्लेबाजी ऑलराउंडर को जगह मिल रही है। मुझे लगता है कि यह खेल के लिए अच्छा है।

### रोहित ने इंपैक्ट प्लेयर नियम का किया था विरोध

मुंबई इंडियंस के पूर्व कप्तान रोहित शर्मा ने कहा था कि वह इंपैक्ट प्लेयर नियम के फैन नहीं है और इससे भारतीय क्रिकेट को कोई फायदा नहीं होने वाला है। रोहित ने हाल ही में एक पॉडकास्ट के दौरान कहा था, मैं इंपैक्ट नियम का बड़ा फैन नहीं हूं। यह नियम ऑलराउंडर खिलाड़ियों को पीछे धकेलने वाला है। आमतौर पर क्रिकेट 11 खिलाड़ियों के साथ खेलने वाला खेल, 12 नहीं। आप वैसे ही मैच से लोगों का काफी मनोरंजन करते हैं। अगर आप इससे क्रिकेट पर पड़ने वाले एक प्रभाव की बात करें तो मुझे लगता है कि शिवम दुबे और वॉशिंगटन सुंदर को गेंदबाजी नहीं मिल रही है जो हमारे लिए अच्छी चीज नहीं है। मुझे समझ नहीं आ रहा कि आप इससे क्या हासिल करेंगे।

# 17 साल के ग्रैंडमास्टर डी गुकेश ने रचा इतिहास

● विश्वनाथन आनंद के बाद कैंडिडेट्स जीतने वाले बने दूसरे भारतीय



नईदिल्ली, एजेंसी। भारत के 17 साल के ग्रैंडमास्टर डी गुकेश ने कैंडिडेट्स चेस टूर्नामेंट में जीत हासिल करने के साथ एक नया इतिहास रच दिया है। वह विश्वनाथन आनंद के बाद इस टूर्नामेंट को जीतने वाले भारत के जहां दूसरे खिलाड़ी बन गए हैं, तो वहीं दुनिया के सबसे कम उम्र के भी प्लेयर हैं जिन्होंने ये टूर्नामेंट जीता है। अब डी गुकेश का वर्ल्ड चैंपियनशिप के फाइनल में चीन के खिलाड़ी डिंग लिरेन से भिड़ंत होगी। गुकेश ने कैंडिडेट्स चेस टूर्नामेंट में अमेरिकी खिलाड़ी हिकारू नाकामुरा के खिलाफ अपना अंतिम दौर का मैच ड्रा पर खत्म करने के साथ 14 में से 9 अंक हासिल करने में सफल रहे। इस टूर्नामेंट का आयोजन मौजूदा वर्ल्ड चैंपियन को चुनौती पेश करने वाले खिलाड़ी को चुनने के लिए किया जाता है। गैरी कास्परोव का 40 साल पुराना रिकॉर्ड टूटा(

### डी गुकेश की उपलब्धि पर विश्वनाथन आनंद ने जताई खुशी

कैंडिडेट्स चेस टूर्नामेंट में शानदार प्रदर्शन के लिए डी गुकेश को भारत के महान चेस खिलाड़ी विश्वनाथन आनंद ने एक्स पर पोस्ट करते हुए बधाई देने के साथ अपनी खुशी को भी जताया। विश्वनाथन आनंद ने अपने पोस्ट में लिखा कि सबसे कम उम्र के चैलेंजर बनने के लिए डी गुकेश को बधाई। आपने जो किया है उस पर परिवार को बहुत गर्व है। आपने जिस तरह से खेला और कठिन परिस्थितियों को संभाला उस पर मुझे व्यक्तिगत रूप से बहुत गर्व है। ये पल आपका है और इस पल का आप आनंद लें। बता दें कि डी गुकेश को प्राइज मनी के रूप में लगभग 80 लाख रुपए भी मिले हैं।

# तीसरे टी20 में न्यूज़ीलैंड ने पाकिस्तान को चटाई धूल

### 7 विकेट से दी शिकस्त, मार्क चैपमैन बने कहर



लाहौर, एजेंसी। पाकिस्तान और न्यूज़ीलैंड के बीच पांच मैचों की टी20 सीरीज़ का तीसरा मुकाबला रविवार (21 अप्रैल) को रावलपिंडी में खेला गया. सीरीज़ के तीसरे मैच में न्यूज़ीलैंड ने पाकिस्तान को 7 विकेट से धूल चटा दी. दूसरा टी20 गंवाने वाली न्यूज़ीलैंड ने तीसरे मैच में बदला लेते हुए पाकिस्तान को उन्हीं के घर पर रौंद दिया. न्यूज़ीलैंड को जीत दिलाने में मार्क चैपमैन ने अहम भूमिका अदा की, जिन्होंने 207.14 के स्ट्राइक रेट से बल्लेबाज़ी करते हुए 87* रन बनाए. न्यूज़ीलैंड ने मुकाबले में टॉस जीतकर बॉलिंग करने का फैसला किया. पहले बैटिंग के लिए उतरी पाकिस्तान टीम ने 20 ओवर में 178/4 रन बोर्ड पर लगाए. टीम के लिए शादाब खान ने 20 गेंदों में 40 रनों की सबसे बड़ी पारी खेली, जिसमें 4 चौके और 2 छक्के शामिल रहे. इस दौरान न्यूज़ीलैंड के लिए ईश सोढ़ी ने सबसे ज्यादा विकेट झटके.

### लक्ष्य हासिल कर आसानी से जीती न्यूज़ीलैंड

179 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी न्यूज़ीलैंड ने बड़ी ही आसानी से 18.2 ओवर में 3 विकेट पर जीत हासिल कर ली. ओपनिंग पर उतरे टिम सेफर्ट और टिम रॉबिन्सन ने न्यूज़ीलैंड को अच्छी शुरुआत दिलाई. दोनों ने पहले विकेट के लिए 42 (30) रनों की साझेदारी की. कीवी टीम को पहला झटका टिम सेफर्ट के रूप में लगा, जो 5वें ओवर में अब्बास अफरीदी की गेंद पर बोल्ड हुए. सेफर्ट ने 16 गेंदों में 1 चौका और 1 छक्का लगाकर 21 रन बनाए. फिर छठे ओवर में नसीम शाह ने टिम रॉबिन्सन को बोल्ड कर दिया. रॉबिन्सन ने 19 गेंदों में 28 रन बनाए, जिसमें 5 चौके शामिल रहे. इसके बाद मार्क चैपमैन और डीन फॉक्सक्रॉफ्ट ने तीसरे विकेट के लिए 117 (68) रनों की शानदार साझेदारी कर मैच को न्यूज़ीलैंड के पक्ष में डाल दिया. यहां से टीम को चौथा झटका 18वें ओवर में लगा, जब फॉक्सक्रॉफ्ट 29 गेंदों में 1 चौके और 1 छक्के की मदद से 31 रन बनाकर पवेलियन लौटे. फिर इसके बाद मार्क चैपमैन और जेम्स नीशम ने चौथे विकेट के लिए 9* रनों की अटूट साझेदारी कर टीम को जीत की लाइन पार करवाई. इस दौरान चैपमैन ने 42 गेंदों में 9 चौके और 4 छक्कों की मदद से 42 रन स्कोर किए.

# आईपीएल प्लेऑफ से बाहर हुई आरसीबी?



नईदिल्ली, एजेंसी। इंडियन प्रीमियर लीग 2024 सीजन में रविवार (21 अप्रैल) तक 37 मैच खेले जा चुके हैं. इसी दिन कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) और रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के बीच एक रोमांचक मुकाबला खेला गया. इस मैच में केकेआर ने आखिरी बॉल पर 1 रन से जीत दर्ज की. यह इस सीजन में विराट कोहली की टीम आरसीबी की 8 मैच में 7वीं हार है. साथ ही आरसीबी ने लगातार अपना छठा मैच गंवाया है. इस टीम की हालत इतनी बुरी है कि वो अभी पॉइंट्स टेबल में सबसे नीचे यानी 10वें पायदान पर है. इन्हीं सब सवालों के जवाब में फैन्स के लिए थोड़ी निराशा वाली बात सामने आती है. दरअसल, अब यहां आरसीबी अपने बाकी बचे सभी 6 मैच और जीत लेती है, तो उसके कुल 14 पॉइंट्स हो जाएंगे. ऐसे में आरसीबी का प्लेऑफ में पहुंचना एकदम नामुमकिन की तरह नजर आ रहा है.

### अब यही एक चमत्कार आरसीबी को बचा सकता है!

इसकी बड़ी वजह है कि आईपीएल में 2022 सीजन से 10 टीमें खेल रही हैं. तभी से प्लेऑफ में कभी भी कोई टीम 14 अंक के साथ प्लेऑफ में नहीं पहुंची है. सबसे नीचे यानी चौथे नंबर की टीम के भी 16 अंक रहे हैं. मगर आसीबी को चमत्कार की दरकार जरूर रहेगी. यदि बाकी टीमें अपने मैच हारती हैं और समीकरण चौथे नंबर की टीम के लिए 14 अंक पर लाकर खड़ा करता है, तब कहीं जाकर आरसीबी की उम्मीदें बन सकती हैं. उसके लिए भी आरसीबी को अपने बचे हुए बाकी मुकाबलों को अच्छे अंतर से जीतकर नेट रनरेट अच्छा रखना होगा. मगर इसकी उम्मीद बेहद ही कम नजर आ रही है.



# छाती ठोक के कहूंगा नॉट आउट, विराट के विवादित विकेट पर नवजोत सिद्धू का बयान

नईदिल्ली, एजेंसी। विराट कोहली आईपीएल 2024 के मैच नंबर 36 में कोलकाता नाइट राइडर्स के खिलाफ जिस तरह आउट हुए, वह लगातार चर्चाओं में बना हुए है. कोहली फुलटॉस गेंद पर आउट हुए, जिसे कुछ लोग नो बॉल बता रहे हैं. अब नवजोत सिंह सिद्धू ने इस विकेट को लेकर अपनी बात रखी. सिद्धू ने कहा कि छाती ठोक के कहूंगा कि नॉट आउट है. उन्होंने बताया कि गेंद जब बल्ले पर लगी थी, तब करीब डेढ़ फुट ऊपर थी. बता दें कि हर्षित राणा की स्लोअर गेंद पर विराट कोहली कॉटन बोल्ड हुए थे. हार्षित ने जिस तरह की गेंद फेंकी थी वह देखने में तो नो बॉल लग रही थी, लेकिन जब थर्ड अंपायर ने चेक किया तो यह लीगल गेंद मानी गई और कोहली को आउट करार दिया गया. यह वाक़या कोलकाता और बेंगलुरु के बीच खेले गए मैच की दूसरी पारी के दौरान तीसरे ओवर की पहली गेंद पर हुआ था, जब आरसीबी बैटिंग कर रही थी.

# सौंफ का शरबत



गरमी अपने पूरे जोश के साथ सब तरफ अपने रंग दिखा रही है और हम तरीके तलाश कर रहे हैं इस से बचने के ..आज दादी माँ के खजाने से मिला एक शरबत का नुस्खा सोचा चलो यहाँ इसको बांटते है शायद आप में से कई इस के बारे मे जानते हो पर मुझे नया सा और आसान सा लगा ..


### सामग्री ..

सौंफ ....250 ग्राम
चीनी ...100 ग्राम
पानी ...4 गिलास
बर्फ ...आपकी इच्छा नुसार

### विधि

सौंफ को अच्छी तरह से साफ कर ले ..जितना शरबत बनाना हो उतने पानी में भिगो दे ,जब पानी सौंफ की खुशबु ले ले तो इसको छान लें अब इस में चीनी मिलाये और बर्फ डाल कर सर्व करें ,यह बनाने में आसान और स्वास्थ के लिए बहुत ही फायदेमंद है ...

# आम का शरबत



**हम बचपन से आम का शरबत बनाते रहे हैं, उस समय मिक्सी की जगह बिलोने के लिये रई का उपयोग करते थे लेकिन रई से आम का शरबत का गूदा इतना मिक्स नहीं होता था जितना कि मिक्सी से अब हो जाता है.**

गर्मी के मौसम मे आम का शरबत शरीर ही नही दिल और दिमाग दोनों को ठंडक पहुंचाता है. सामान्यतया हम बोतलबंद आम का रस बाजार से लाकर पीते ही हैं, लेकिन इन में आम की मात्रा काम तो होती ही है कलर और प्रिजरवेटिव भी रहते हैं.
हम बचपन से आम का शरबत बनाते रहे हैं, उस समय मिक्सी की जगह बिलोने के लिये रई का उपयोग करते थे लेकिन रई से आम का शरबत का गूदा इतना मिक्स नही होता था जितना कि मिक्सी से अब हो जाता है. आईये बनाये बिना कलर और प्रिजरवेटिव से बना यह आम का शरबत

### आवश्यक सामग्री

पके आम - 5-6 (1.5 किग्रा.)
नीबू - 7 (250 ग्राम)
चीनी - 5 कप (1 किग्रा.)
विधि
चीनी किसी बर्तन मे निकालिये, 500 ग्राम (2 1/2 कप) पानी मिलाइये और उबालने रख दीजिये, उबाल आने के बाद 5-6 मिनिट तेज गैस पर उबलने दीजिये, इस तरह 1 तार की चाशनी बना कर तैयार कर लीजिये. चाशनी को ठंडा होने दीजिये. पके हुये आम धोइये, छीलिये और पल्प निकाल लीजिये. पल्प को मिक्सर मे बारीक पीस लीजिये, नीबू से नीबू का रस एक प्याले मे निकाल लीजिये. चाशनी ठंडी हो चुकी है, आम का पल्प और नीबू का रस इस चाशनी मे मिलाइये और छान लीजिये, किसी बोटल मे भरकर फ्रिज मे रखिये, 1 महिने तक, जब भी आपका मन करे, 1 भाग कन्सन्ट्रेट आम का शरबत और 5 गुना पानी मिलाइये और थोड़े से बर्फ के क्यूब्स, लीजिये पीजिये तैयार है, आम का ठंडा शरबत
इस शरबत को आप पके आम से तुरन्त भी बना सकते हैं. 4 गिलास बनाने के लिये, 250 ग्राम आम या एक आम छील कर पल्प निकालिये, मिक्सर में डालिये, चार टेबल स्पून चीनी मिलाइये और पीस लीजिये, 1 नीबू का रस निचोड़ कर मिला दीजिये, 3 गिलास ठंडा पानी मिलाइये और छान कर गिलास में डालिये, और ज्यादा ठंडा चाहिये तो बर्फ के क्यूब्स मिला लीजिये और पीजिये ठंडा ठंडा आम का शरबत ।



# हर्बल स्नान से मिलेगी ताजगी

**गर्मी के मौसम में बार -बार नहाने का मन करता है लेकिन साधारण बाथ ताजगी और ठंडक महसूस नहीं होती । इसके लिए त्वचा के अनुरूप बाथ का होना बेहद जरूरी है। आजकल ब्यूटी पार्लर में भी कई तरह की हर्बल बाथ की सुविधा मिल रही है । इन्हें घर पर भी लिया जा सकता है। ये बाथ दिन भर शरीर को ठंडा रखने में काफी मदद करते हैं।**

### खुश्बू के लिए बाथ

अगर आप गर्मियों में शरीर से पसीने की बदबू से परेशान हैं तो डियो व रोज बाथ फायदेमंद है। पसीने की दुर्गंध से बचने के लिए एक बाल्टी पानी में नमक व एक चम्मच डियो डालकर इस पानी से नहाए। इससे ताजगी भरा अहसास होता है। रोज बाथ के लिए गुलाब के फूल की पत्तियों को थोड़े पानी में रात भर पानी में भिगो दें।सुबह इस पानी में रोज ऐसेंस की कुछ बूंदे डाले और नहाने के बाद इसे शरीर पर लगाएँ घंटों खुश्बू व ताजगी का साथ रहेगा।इसके अलावा मिंट बाथ भी लिया जा सकता है।इसके लिए दो चम्मच पुदीने की सूखी पत्तियाँ लें।इन्हें एक घंटे तक पानी में उबालकर छान लें। ताजी पत्तियाँ भी ले सकते हैं। नहाने के बाद इस पानी को शरीर पर डाले इससे घंटों तक ताजगी महसूस होगी।

### नीम बाथ

अगर गर्मी के कारण त्वचा पर बार-बार फोड़े - फुंसिया निकलने या घमौरियाँ आदि होने की समस्या होती है तो नीम बाथ उपयोगी रहेगा।इसके लिए नीम व पुदीने की पत्तियों को उबालकर उस पानी को ठंडा करके उससे नहाएँ ।नियमित रूप से ऐसा करने पर फुंसियों से निजात मिल सकती है।

# अपनी पसंद को बनाएं फैशन



**कई बार आप सोचते होंगे कि आप इंडियन ड्रेस में स्टाइलिश कैसे लग सकते हैं? यदि आप ऐसा सोचते हैं तो अब आपको अपनी सोच को बदलना होगा क्योंकि जो उटपटांग है, वही आज फैशन है। आज के फैशनेबल दौर में हर व्यक्ति का अपना स्टाइल फंडा है।**

आज के समय में जो कुछ दूसरों से हटकर हो, आगे चलकर वही फैशन बन जाता है। हर किसी को आजादी है अपनी स्टाइल खुद बनाने की। आप भी यदि क्रिएटिव हैं तो क्यों न आप भी अपनी पुरानी व बेकार पड़ी इंडियन ड्रेसेस पर एक्सेसरीज, वर्क आदि से कुछ नया एक्सपेरिमेंट कर उन्हें एक डिफरंट लुक दें?

इंडियन ड्रेसेस में भी स्टाइलिश लगा जा सकता है। बस इसके लिए आवश्यकता है कुछ नए एक्सपेरिमेंट करने की। इंडियन ड्रेसेस के साथ भी आप अलग-अलग एक्सपेरिमेंट कर उन्हें वेस्टर्न लुक दे सकती है। यह चेंज आपके लिए बिल्कुल अलग लेकिन बहुत अच्छा होगा। यदि आप भी ऐसा कुछ नया ट्राय करना चाहती हैं तो इन बातों पर अमल करें -

- आजकल स्लैक्स का फैशन बाजार में फिर से लौट आया है। आप भी अपने लुक को चेंज करने के लिए शार्ट कुर्ते के साथ स्लैक्स, लेगिंग्स या टाइट्स ट्राय करें।
- हाई वेस्ट कुर्ते और रोल्ड अप स्लीवस के साथ एक खूबसूरत स्टोल आपको एक स्टायलिश लुक देगा।
- चूड़ीदार सलवार की जगह अगर आप स्लैक्स या जींस ट्राय करती हैं तो इस ड्रेस पर चुन्नी की जगह सुंदर स्टोल या स्कार्फ डालना आपको एकदम मार्डन लुक देगा।
- स्लीवलेस कुर्ते के साथ सलवार की जगह जींस पहनें।
- ट्रेंडी व स्टाइलिश बैग आपकी खूबसूरत ड्रेस पर चार चाँद लगा देंगे। कुछ डिफरंट लुक पाने के लिए गोल्डन, सिल्वर या कॉपर कलर के स्टाइलिश व बड़े बैग ट्राय करें।
- टाइट्स या चूड़ीदार के साथ अम्ब्रेला कट कुर्ता आपको एक स्टाइलिश लुक देगा।
- जींस, टी-शर्ट या कुर्ते के साथ दो-तीन रंगों के प्लेन वुडन कड़े या प्लास्टिक या रबर की रंग-बिरंगी स्टाइलिश बैंगल्स ट्राय कर आप एक ट्रेंडी लुक पा सकती है।
- किसी भी ड्रेस के साथ भारी-भरकम ज्वेलरी के बजाय डेलीकेट चेन-पैंडल व इयरिंग्स पहनना आपके लिए बेहतर होगा।
- किसी भी प्लेन साड़ी के साथ स्टाइलिश व हैवी वर्क वाला ब्लाउज आपके लिए बेहतर पार्टी वियर परिधान हो सकता है।
- अभी फ्लैट चप्पलों का दौर चल रहा है। यदि आप चूड़ीदार या स्लैक्स के साथ फ्लैट चप्पल पहनते हैं तो इससे आपकी ड्रेस की खूबसूरती और अधिक बढ़ जाएगी।

## बच्चोंकी आकांक्षाओं को उड़ान देती

# सुपर मॉम



**ब्रह्मांड और प्रकृति की रचना के बाद ईश्वर ने मनुष्य की जब सृष्टि की तो उसने स्त्री को पुरुष से भी सर्वश्रेष्ठ बनाया। उसे सौंदर्य दिया, सृजन का अधिकार दिया। यहीं नहीं मां की भूमिका निभाने के साथ उसे भगवान के बराबर दर्जा देते हुए उसे गुरु से भी बड़ा बनाया। यही वजह है कि दुनिया के किसी भी कोने में वह हो, मां सदैव एक जैसी रही। सूरत भले अलग हो मगर सीरत एक जैसी रहती है। सदियां बीत गई, मगर मां और बच्चे का संबंध कभी नहीं बदला। किसी भी रिश्ते में बेशक बदलाव आ जाए मगर मां-बच्चे के संबंध में हमेशा गर्मजोशी रहती है।**

अपने बच्चों को हमेशा पलकों की छांव में रखने वाली मां आज भी यही चाहती है कि उसके बच्चों पर किसी बुरे व्यक्ति का साया न पड़े। उसे अपने आंचल में छुपा कर रखती है। बच्चों को अच्छे-बुरे का पहला ज्ञान तो वही देती है।

### घर की पाठशाला की पहली गुरु

मां को गुरु दर्जा यों ही नहीं मिला। बच्चों को अनुशासन का पहला पाठ वही तो पढ़ाती है। नवजात के जन्म से लेकर नर्सरी में जाने तक मां वस्तुत- एक आदर्श पुरुष या नारी को ही तैयार कर रही होती है। अक्षर ज्ञान से लेकर रंगों का ज्ञान, प्रकृति से रूबरू कराने से लेकर अपने आसपास के बारे में इस तरह बताती-सिखाती चलती है कि बच्चा जब घुटनों के बल खड़ा होता है या दौड़ता है तो वह अपनी मां की नसीहतों को अवचेतन में रखता है। नसीहत देने की आदत मांओं की पुरानी आदत रही है। अब इसमें भी बदलाव आया है। हालांकि बेटियां आज भी अपनी मां से सलाह लिए बिना कभी कोई कदम नहीं उठाती। मगर बेटे अब बदल रहे हैं।

### बदल रही है मां की भूमिका

बच्चों को अपने आंचल से बांधे रखने का दौर अब खत्म हो चुका है। ज्यादातर आधुनिक मांएं इस बात को समझ चुकी हैं कि नसीहत देने से अच्छा है कि बच्चों की वे मार्गदर्शक बनें। वे अपने बेटे-बेटियों को ज्ञान के पंख देकर उन्हें उड़ान भरने देना चाहती हैं। कामकाजी ही नहीं, घरेलू महिलाएं भी बच्चों के कॅरियर की चिंता करती हैं। बच्चे पांचवी क्लास पार करते हैं तो उन्हें मांएं कुछ बनने की प्रेरणा देना शुरू कर देती हैं।

### मांओ में बढ़ता आत्मविश्वास

कम पढ़ी-लिखी मांओ में भी इन दिनों गजब का आत्मविश्वास देखा जा सकता है। वे हर हाल में बच्चों को पढ़ाना चाहती हैं। खुद नहीं पढ़ सकतीं तो ट्यूटर रख लेती हैं। कभी-कभार स्कूल जाकर बच्चे की प्रगति रिपोर्ट भी ले लेती हैं। परवरिश में कोई कसर नहीं छोड़ती। पिता बेशक सुबह बिस्तर पर सोया रहे। मगर यह मां ही है, जो बच्चे को उठाकर स्कूल के लिए तैयार करती हैं। उनका बस्ता ठीक करने से लेकर लंच बाक्स तक तैयार करती हैं। यहीं नहीं उन्हें स्कूल वैन तक में बैठाती हैं। कुछ मांएं तो स्कूल तक छोड़ने जाती हैं। चाहे वे रिक्शे पर ले जाएं या फिर अपनी कार में। बच्चों की बेहतर परवरिश के लिए कई मांओ ने अपने कॅरियर तक की परवाह नहीं की। ऐसी कई मिसाल हैं जिनमें महिलाओं ने बच्चों का भविष्य बनाने के लिए अपने भविष्य को दांव पर लगा दिया।

### भारतीय मांएं सबसे सजग

दुनिया भर में भारतीय मांएं सबसे सजग हैं। उनमें लगातार बदलाव आ रहा है। अगर कोई महिला कामकाजी नहीं भी है तो भी वह अपने बच्चों के भविष्य के लिए उतनी ही चिंतित हैं। वह उतनी ही व्यस्त हैं जितनी कोई कामकाजी महिला। अगर वह थोड़ी भी पढ़ी लिखी है तो वह अखबारों से न्यूज चैनलों से ज्ञान हासिल कर रही है। यहां तक कि वह इंटरनेट खंगाल कर भी बच्चों के बारे में नई जानकारी हासिल करने के साथ उन्हें नवीनतम सूचनाएं दे रही हैं। वह अब दूसरों से राय नहीं लेतीं, वह सूचना तंत्र से अपनी राय खुद बना रही हैं।

### अब दीन-हीन नहीं है मां

एक जमाना था कि पिता ही बच्चों के भविष्य का निर्णय करते थे। अनुशासन का डंडा उन्हीं का चलता था। पिता डाक्टर हो तो वह बच्चों को भी अपने जैसा बनाने की जिद पाल लेता था। और मांए दरवाजे पर खड़ी सिर पर आंचल डाले चुपचाप सुनती रहती थीं। लेकिन अब ऐसा नहीं है। वह हस्तक्षेप करती हैं, क्योंकि वह बच्चों की क्षमता के बारे में अपने पति से ज्यादा जानती हैं। आखिर नर्सरी से लेकर हायर सेकेंडरी तक बच्चों को तैयार करने में उसकी भी कुछ भूमिका रही है। स्कूल की डायरी पढ़ने से लेकर वह होमवर्क भी तो कराती रही हैं। वह दीन-हीन कैसे हो सकती हैं? उसकी बात भी क्यों नहीं सुनी जानी चाहिए। फिल्म तारे जमीन पर में वह बच्चा मुसीबत में आखिर मां को ही पुकारता है क्योंकि पिता उसकी दित तो समझता नहीं।

### सहेली भी दोस्त भी

बच्चों के साथ मां का इतना गहरा रिश्ता होता है कि वह उनके बड़े होने पर बेटी की सहेली या बेटे की दोस्त जैसी हो जाती है। बेटे बताएं या न बताएं मगर बेटियां हर बात मां को बताती हैं क्योंकि उनके जीवन में कोई विश्वसनीय है तो सिर्फ वही। यह एक ऐसा भावनात्मक रिश्ता है जो सिर्फ मां से ही बन पाता है। भारतीय समाज के हर वर्ग में इस रिश्ते की सुगंध को आप महसूस कर सकते हैं। रिश्ते में परम्परा का बोध आज भी है मगर जीवन में आधुनिकता आने के साथ मांएं बच्चों को आंचल में छुपाए रखने की बजाय इस छांव से बाहर निकाल कर जीवन की दौड़ में आगे बढ़ने की प्रेरणा दे रही हैं। इसलिए क्योंकि वह जानती हैं बेटा एक कदम भी बढ़ाएगा तो वह उसके पीछे खड़ी है। अगर गलत दिशा में गया तो भी वह उसे रोक लेगी क्योंकि वह एक सुपर मॉम है।




# हनुमान जयंती कब है? पूजा का शुभ मुहूर्त, पूजन विधि, भोग और बजरंगबली को प्रसन्न करने के उपाय

**हनुमान जयंती इस साल 23 अप्रैल 2024, मंगलवार के दिन है। हनुमान जयंती पर हनुमान जी की पूजा का विशेष महत्व है। हनुमान जन्मोत्सव पर हनुमान मंदिर में जाकर बजरंगबली को बूंदी के लड्डू का भोग लगाने से आपको सभी तरह के संकटों से मुक्ति मिलती है और हनुमान बाबा आपकी सारी मनोकामनाएं पूरी करते हैं।**

रामभक्त हनुमान को संकटमोचन कहा जाता है। हनुमान जी की पूजा करने से आप हर प्रकार के संकट और बाधाओं से मुक्त हो जाते हैं। अपने भक्तों को हनुमान जी हर भय, पीड़ा से मुक्त रखते हैं। हनुमान जी की स्तुति का दिन हनुमान जयंती इस साल 23 अप्रैल 2024, मंगलवार के दिन है। हनुमान जयंती पर हनुमान जी की पूजा करने का विशेष महत्व है क्योंकि इस दिन हनुमान जी का जन्म हुआ था। इस दिन व्रत करने के अलावा बूंदी, हलवा, लड्डू जैसी मीठी चीजों का भोग लगाने से हनुमान की कृपा हमेशा अपने भक्तों पर बनी रहती है।

## हनुमान जयंती पर बजरंगबली की पूजा का शुभ मुहूर्त

पंचांग के अनुसार चैत्र पूर्णिमा के तिथि 23 अप्रैल 2024 को सुबह 3.25 बजे से शुरू होगी, और 24 अप्रैल 2024 को सुबह 5.18 बजे समाप्त होगी। इस कारण से हनुमान जयंती का दिन 23 अप्रैल को मनाया जाएगा। आप सुबह 3.25 से लेकर 5.18 के बीच हनुमान जी की पूजा कर सकते हैं। इस समयकाल में पूरे दिन शुभ मुहूर्त रहेगा। हनुमान जयंती का महत्व और खास संयोग इस साल हनुमान जयंती का महत्व और भी ज्यादा बढ़ गया है क्योंकि हनुमान जयंती मंगलवार के दिन है। जब हनुमान जयंती मंगलवार या शनिवार के दिन पड़ती है, तो हनुमान जयंती और भी विशेष होती है। इसके अलावा इस दिन चित्रा नक्षत्र भी पड़ रहा है, चित्रा नक्षत्र के स्वामी मंगल है। मंगलवार का दिन भगवान हनुमान को समर्पित होता है। हनुमान जयंती पर एक और संयोग बन रहा है कि इस दिन मंगल मीन राशि में गोचर कर रहे हैं। पौराणिक कहानियों के अनुसार हनुमान जी को अमरत्व का वरदान प्राप्त है। हनुमान बाबा पर आस्था और श्रद्धा रखने वाले भक्त मानते है कि हनुमान जी कलियुग में भी हैं और अपने भक्तों के सभी संकटों और कष्टों को दूर कर रहे हैं। जो लोग आकस्मिक संकट, रोग पीड़ा, मृत्यु भय जैसी समस्याओं से जूझ रहे हैं, उन्हें हनुमान जी की पूजा जरूर करनी चाहिए।

## हनुमान जयंती पर हनुमान जी की पूजा विधि

हनुमान जयंती पर आप सुबह जल्दी उठकर हनुमान जी को प्रणाम करके उनका पांच बार नाम लेकर नमन करें। इसके बाद स्नान आदि करके पीले वस्त्र धारण करें और हनुमान जी के प्रतिमा के सामने बैठकर हाथ में जल लेकर ऊँ केशवाय नमः, ऊँ नाराणाय नमः, ऊँ माधवाय नमः, ऊँ हृषीकेशाय नमः मंत्र का उच्चारण करें। इसके बाद सूर्यदेव को भी नमन करें और उगते हुए सूरज को जल अर्पित करें। इसके बाद हनुमान चालीसा, सुंदर कांड का पाठ करें और बूंदी या लड्डू का भोग हनुमान जी को लगाएं। हनुमान जी का प्रसाद भक्तों में बांटना न भूलें। इससे आपको भगवान हनुमान की विशेष कृपा प्राप्त होगी।

## हनुमान जी को प्रसन्न करने के उपाय

- हनुमान जी का दिल बहुत ही उदार है, इसलिए आपको हमेशा लोगों के लिए उदारता दिखानी चाहिए। आपको गरीब और जरुरतमंदों की मदद करनी चाहिए। खासतौर पर आपको हनुमान जयंती पर गरीबों में अन्न जरूर बांटना चाहिए। हनुमान जी श्रीराम के परभक्त माने जाते हैं, इसलिए आपको हनुमान जयंती पर भगवान राम की स्तुति भी करनी चाहिए, इससे हनुमान जी प्रसन्न होते हैं।
- हनुमान जयंती पर लड्डू और बूंदी के प्रसाद का विशेष महत्व
- हनुमान जी को प्रसन्न करने के लिए उन्हें बूंदी, लड्डू का प्रसाद जरूर चढ़ाएं। साथ ही हनुमान जयंती पर उन्हें केसरिया रंग का सिंदूर जरूर चढ़ाएं।
- इस दिन हनुमान चालीसा, सुंदरकांड, बजरंग बाण का पाठ करने हनुमान जी की कृपा हमेशा अपने भक्तों पर बरसती रहती है।







# भगवान शिव के ग्यारहवें रुद्रावतार हैं हनुमान

**चैत्र पूर्णिमा पर भगवान शिव के ग्यारहवें अवतार हनुमान का जन्म हुआ था और यह दिन हनुमान जयंती के रूप में धूमधाम से मनाया जाता है। शास्त्रों के अनुसार हनुमान जयंती वर्ष में दो बार मनाई जाती है, पहली चैत्र मास की शुक्ल पूर्णिमा के दिन और दूसरी कार्तिक मास की कृष्ण चतुर्दशी को।**

वाल्मीकि रामायण के अनुसान हनुमान का जन्म कार्तिक कृष्ण चतुर्दशी को हुआ जबकि पुराणों में पवनसुत का जन्म चैत्र पूर्णिमा बताया गया है। वैसे अधिकांश जगहों पर चैत्र पूर्णिमा को ही मारुतिनंदन हनुमान की जयंती धूमधाम से मनाई जाती है। स्कंदपुराण में वर्णन है कि शिव के ग्यारहवें रुद्र ही विष्णु के अवतार श्रीराम की सहायता हेतु हनुमान रूप में अवतरित हुए। भगवान शंकर ने श्री विष्णु से दास्य का वरदान प्राप्त किया था, जिसे पूर्ण करने हेतु वह अवतार लेना चाहते थे। शिव परंतु उनके समक्ष धर्मसंकट यह था कि जिस रावण के वध हेतु वह श्रीराम की सहायता करना चाहते थे वह उनका परम भक्त था। अपने परम भक्त के विरुद्ध राम की सहायता वह आखिर कैसे करते यह प्रश्न था। रावण ने अपने दस सिरों को अर्पित कर भगवान शंकर के दस रुद्रों को संतुष्ट कर रखा था। अतः हनुमान ग्यारहवें रुद्र के रूप में अवतरित हुए और राम के सहायक बने। कलियुग में भक्तों के कष्टों को हरने में हनुमान समान दूसरा कोई देव नही है। वे जल्दी कृपा करते हैं। गोस्वामी तुलसीदास उनके बारे में लिखते हैं -

**संकट कटे मिटे सब पीरा**
**जो सुमिरै हनुमत बल बीरा।**

सभी देवताओं के पास अपनी-अपनी शक्तियां हैं। जैसे विष्णु के पास लक्ष्मी, महेश के पास पार्वती और ब्रह्मा के पास सरस्वती लेकिन हनुमान खुद की शक्ति से संचालित देव हैं। वे सर्वशक्तिशाली हैं लेकिन अपने आराध्य के प्रति पूर्ण समर्पित हैं। अपूर्व बलशाली होते हुए भी वे भक्ति की अनुपम मिसाल हैं।

उनकी भक्ति भावना से प्रसन्ना होकर श्रीराम ने ही उन्हें वरदान दिया था कि मुझसे भी ज्यादा तुम्हारे मंदिर होंगे और लोग अपने संकटों के निवारण के लिए तुम्हारी उपासना करेंगे। हनुमान भक्तों की पुकार पर तुरंत ही उनके कष्ट हरते हैं। कलियुग में हनुमान सभी तरह के कष्टों को दूर करते हैं। वे भक्तों का हर तरह से मंगल करते हैं। वेद पुराणों में हनुमानजी को अजर-अमर कहा गया है। शास्त्रों में सप्त चिरंजीवों में हनुमान, राजा बली, महामुनि व्यास, अंगद, अश्वत्थामा, कृपाचार्य और विभीषण सम्मिलित हैं। चूंकि हनुमान सदेह इस धरा पर मौजूद हैं तो उनकी उपासना किसी भी तरह से की जाए निश्चित फलदायी होती है।

## मनोकामना पूर्ण करेंगे पवनसुत

तंत्र शास्त्र के अनुसार मंगलवार के दिन हनुमान को प्रसन्ना करने के लिए कुछ उपाय सार्थक सिद्ध होते हैं। ऐसे ही कुछ उपाय-

- मंगलवार को संध्याकाल में किसी हनुमान मंदिर में जाएं और एक सरसों तेल का और शुद्ध घी का दीपक जलाएं। हनुमान चालीसा का पाठ करें।
- मंगलवार की सुबह पीपल के पेड़ के नीचे सरसों के तेल का दीया जलाएं। उसके बाद पूर्व दिशा की ओर मुख करके राम नाम का जाप करें।
- यदि शनि दोष से पीढ़ित हैं तो हनुमान चालीसा का पाठ करने पर शनिदेव व्यक्ति का बुरा नहीं करते हैं।

## हनुमान जी के 12 अत्यंत शुभ और मांगलिक नाम

बजरंगबली के 12 नाम का स्मरण करने से ना सिर्फ उम्र में वृद्धि होती है बल्कि समस्त सांसारिक सुखों की प्राप्ति भी होती है। 12 नामों का निरंतर जप करने वाले व्यक्ति की श्री हनुमानजी महाराज दसों दिशाओं एवं आकाश-पाताल से रक्षा करते हैं। यह नाम व्यक्ति को मनचाही सफलता देते हैं। प्रस्तुत है बजरंग बली के 12 चमत्कारी नाम :

- हनुमान
- अंजनीसुत
- वायुपुत्र
- महाबल।
- रामेष्ठ
- फाल्गुण सखा
- पिंगाक्ष।
- अमित विक्रम
- उदधिक्रमण।
- सीता शोक विनाशन
- लक्ष्मण प्राणदाता।
- दशग्रीव दर्पहा।

### 12 नाम की अलौकिक महिमा

- प्रातः काल सो कर उठते ही जिस अवस्था में भी हो बारह नामों को 11 बार लेनेवाला व्यक्ति दीर्घायु होता है।
- नित्य नियम के समय नाम लेने से इष्ट की प्राप्ति होती है।
- दोपहर में नाम लेनेवाला व्यक्ति धनवान होता है। दोपहर संध्या के समय नाम लेनेवाला व्यक्ति पारिवारिक सुखों से तृप्त होता है।
- रात्रि को सोते समय नाम लेनेवाले व्यक्ति की शत्रु से जीत होती है।
- उपरोक्त समय के अतिरिक्त इन बारह नामों का निरंतर जप करने वाले व्यक्ति की श्री हनुमानजी महाराज दसों दिशाओं एवं आकाश पाताल से रक्षा करते हैं।
- लाल स्याही से मंगलवार को भोजपत्र पर ये बारह नाम लिखकर मंगलवार के दिन ही तावीज बांधने से कभी सिरदर्द नही होता। गले या बाजू में तांबे का तावीज ज्यादा उत्तम है। भोजपत्र पर लिखने के काम आनेवाला पेन नया होना चाहिए।



हनुमानजी को बजरंगबली, पवनसुत, मारुतिनंदन, केसरीनंदन इस तरह के कई नामों से उनकी स्तुति की जाती है। श्री हनुमान जी की स्तुति जिसमें उनके बारह नामों का उल्लेख मिलता है। इन नामों के जप से भक्तों को सभी प्रकार के कष्टों से मुक्ति मिलती है। आनंद रामायण 8/3/8-11 में उल्लेखित यह स्तुति अगर आप मंगलवार या शनिवार को करते हैं तो आपको इसका फल और भी जल्दी मिलने की संभावना रहती है।


**दोहा**

उर प्रतीति दृढ़, सरन ह्वै, पाठ करै धरि ध्यान।
बाधा सब हर, करैं सब काम सफल हनुमान॥

**स्तुति**

हनुमान अंजनी सूत् वायु पुत्रो महाबलः।
रामेष्टः फाल्गुनसखा पिङ्गाक्षोऽमित विक्रमः॥
उदधिक्रमणश्चैव सीता शोकविनाशनः।
लक्ष्मणप्राणदाता च दशग्रीवस्य दर्पहा॥
एवं द्वादश नामानि कपीन्द्रस्य महात्मनः।
सायंकाले प्रबोधे च यात्राकाले च यः पठेत॥
तस्य सर्वभयं नास्ति रणे च विजयी भवेत।

**हनुमानजी की यह स्तुति करती है हर समस्या का निदान**



# राम नवमी के छह दिन बाद क्यों मनाई जाती है हनुमान जयंती

हनुमान जयंती हर साल राम नवमी के छह दिन बाद चैत्र पूर्णिमा को मनाई जाती है. तो क्या रामजी के जन्म के छह दिन बाद हनुमान जी का जन्म हुआ था. पंचांग के अनुसार हर साल चैत्र महीने की पूर्णिमा तिथि को हनुमान जयंती मनाई जाती है. इस साल हनुमान जयंती मंगलवार, 23 अप्रैल 2024 को पड़ रही है. मंगवार का दिन हनुमान जी की पूजा के लिए समर्पित है. ऐसे में इसी दिन हनुमान जयंती का होना बहुत शुभ माना जा रहा है. हनुमान जयंती का दिन हनुमान भक्तों के साथ ही राम भक्तों के लिए भी खास दिन होता है. क्योंकि हनुमानजी तो स्वंय रामजी के परम और प्रिय भक्त थे. इस शुभ दिन पर भक्तगण पूजा-पाठ करते है और धूमधाम से बजरंगबली का जन्मोत्सव मनाया जाता है. लेकिन राम नवमी के ठीक छह दिन बाद ही हनुमान जयंती क्यों मनाई जाती है. इसका क्या कारण है आइये जानते हैं इसके बारे में-

## रामनवमी के छह दिन बाद हनुमान जयंती

हर साल चैत्र शुक्ल की नवमी तिथि को राम नवमी का त्योहार प्रभु श्रीराम के जन्मोत्सव के रूप में मनाया जाता है. इस साल देश में राम नवमी 17 अप्रैल 2024 को मनाई गई. वहीं इसके छह दिन बाद यानी चैत्र पूर्णिमा के दिन हनुमान जी का जन्मोत्सव मनाया जाता है, जोकि 23 अप्रैल 2024 को पड़ रही है. तुलसीदास ने हनुमान चालीसा में लिखा है, 'भीम रूप धरि असुर संहारे, रामचंद्रजी के काज संवारे.' यानी रामजी सबके बिगड़े कार्य बनाते हैं, लेकिन हनुमान जी उनके काम बनाते हैं. इसलिए कहा जाता है कि, हनुमान जी का जन्म प्रभु राम की सहायता और बिगड़े काम बनाने के लिए हुआ. भगवान राम का जन्म श्रीहरि विष्णु के 7वें अवतार के रूप में धरती पर त्रेतायुग में हुआ. वहीं हनुमान जी को भगवान शिव का 11वां रूद्रावतार कहा जाता है. विष्णु जी के 7वें अवतार यानी भगवान राम का जन्म धरतीलोक पर असुरों के संहार के लिए मानव रूप में हुआ. लेकिन इससे शिवजी चिंतित हो गए और रामजी की सहायता के लिए उन्होंने स्वयं हनुमानजी के रूप में जन्म लेकर रामजी की सहायता की.



# श्री हनुमान पूजन के 10 नियम 10 सावधानियां और सबसे सही तरीका

**चैत्र माह की शुक्ल पूर्णिमा को हनुमान जन्मोत्सव मनाया जाता है। हनुमान जन्म उत्सव पर हनुमानजी की पूजा कर रहे हैं जो जान लें 10 नियम और 10 सावधाधियां।**

- हनुमान पूजा में शुद्धता और पवित्रता का विशेष ध्यान रखना चाहिए। पूजा स्थल की साफ सफाई अच्छे से कर लें।
- हनुमान पूजा को विशेष मुहूर्त में ही करें या सुबह और शाम को ही करें।
- हनुमान पूजा में उपयोग किए गए फूल लाल रंग के रखें।
- पूजा के के लिए दीपक में जो बाती लगाई जा रही है वह भी लाल सूत (धागे) की होनी चाहिए।
- हनुमानजी को गुड़ और चने का प्रसाद जरूर अर्पित करें। इसके आलावा चाहें तो केसरिया बूंदी के लड्डू, बेसन के लड्डू, चूरमा, मालपुआ या मलाई मिश्री का भोग लगाएं।
- हनुमान पूजा में आरती के बाद हनुमान चालीसा के अलावा यदि आप बजरंगबाण या सुंदरकाण्ड का पाठ कर रहे हैं तो नियम जान लें।
- हनुमानजी की पूजा के साथ ही माता अंजनी, जानकरी, श्रीराम और लक्ष्मण की पूजा करना भी जरूरी रहता है।
- हनुमान पूजा के दौरान जो दीपक जला रहे हों उसमें चमेली का तेल या शुद्ध घी होना चाहिए।
- सिर्फ एक वस्त्र पहनकर ही उनकी पूजा करें।
- हनुमान मूर्ति या चित्र को लकड़ी के पाठ पर लाल कपड़ा बिछाकर स्थापित करें और खुद कुश के आसन पर बैठकर ही पूजा करें।

## हनुमान पूजा की 10 सावधानियां

- जिस दिन पूजा करना हो उसके एक दिन पूर्व से ही मांस, मदिरा आदि का सेवन करना छोड़ दें।
- जिस दिन पूजा करना हो उसके एक दिन पूर्व से ही ब्रह्मचर्य का पालन करना प्रारंभ करें और मन में किसी भी प्रकार का कामुक विचार न रखें।
- हनुमान पूजा के बीच में किसी भी प्रकार का व्यवधान उत्सपन्न न हो इसका ध्यान रखें।
- यदि घर में सूतककाल चल रहा है तो पूजा न करें।
- हनुमान पूजा में तुलसी, चरणामृत या पंचामृत का उपयोग नहीं करें।
- महिलाएं हनुमानजी को वस्त्र, जनेऊ या चोला अर्पित न करें।
- महिलाओं को महावारी के दौरान पूजा से दूर रहना चाहिए।
- हनुमानजी की किसी भी प्रकार से तांत्रिक पूजा नहीं की जानी चाहिए।
- हनुमानजी का व्रत रख रहे हैं तो नमक, मिर्च और अनाज के सेवन से बचें।
- हनुमानजी को अर्पित किए गए भोग या प्रसाद शुद्ध घी में बने हुए होना चाहिए।